वार्षिक प्रतिवेदन
ANNUAL REPORT
2014 - 2015

SIDBI

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक

SMALL INDUSTRIES DEVELOPMENT BANK OF INDIA

उल्लेखनीय तथ्य / Highlights

संविभाग आकार
Portfolio Size



यथा 31 मार्च
As at March 31

निवल संपत्ति
Net Worth



यथा 31 मार्च
As at March 31

संविभाग आकार
Income & Profit



31 मार्च को समाप्त वर्ष के दौरान
During the year ended March 31

निवल संपत्ति आय एवं लाभ
Standard Assets & Net NPAs



यथा 31 मार्च
As at March 31

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
Small Industries Development Bank of India

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक अधिनियम, 1989 की धारा 30(5) के अनुसार 31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के संबंध में निदेशक मंडल की रिपोर्ट 28 जुलाई, 2015 को केन्द्र सरकार को प्रस्तुत।

Report of the Board of Directors for the year ended March 31, 2015 submitted to the Central Government on July 28, 2015 in terms of Section 30 (5) of the Small Industries Development Bank of India Act, 1989.

विषय-सूची
Contents

प्रेषण पत्र	Letter of Transmittal
निदेशक-मंडल	Board of Directors
निदेशकों की समितियाँ	Committees of Directors
प्रगति एक दृष्टि में	Progress at a Glance
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का वक्तव्य	CMD's Statement
निदेशकों की रिपोर्ट	Directors' Report

अध्याय
CHAPTERS

अर्थव्यवस्था और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम - कार्यनिष्पादन एवं दृष्टिकोण	1	Economy and Micro, Small and Medium Enterprises – Performance and Outlook.
व्यवसाय संबंधी रणनीतिक पहलकदमियाँ और समग्र परिचालन	2	Strategic Business Initiatives and Overall Operations.
वित्तीय समावेशन और दीर्घकालिक संवृद्धि	3	Financial Inclusion and Sustainable Growth.
सिडबी की सहायता का प्रभाव	4	Impact of SIDBI's Assistance.
प्रबन्धन एवं निगमित अभिशासन	5	Management and Corporate Governance.
सिडबी की सहायक एवं सहयोगी संस्थाएँ	6	Subsidiaries and Associate Organisations of SIDBI
तुलन-पत्र और लेखा-विवरण	7	Balance Sheet & Statement of Accounts.
सिडबी का अंकेक्षित तुलन-पत्र और लाभ-हानि खाता तथा नकदी प्रवाह विवरण (परिशिष्ट – I)		Audited Balance Sheet along with Profit and Loss Account and Cash Flow Statement of SIDBI (Appendix – I).
सिडबी और इसकी सहायक एवं सहयोगी संस्थाओं का समेकित तुलन-पत्र और लाभ-हानि खाता तथा नकदी प्रवाह विवरण (परिशिष्ट – II)		Consolidated Balance Sheet along with Profit and Loss Account and Cash Flow Statement of SIDBI including its associates and subsidiaries (Appendix – II)

प्रेषण-पत्र
Letter of Transmittal

28 जुलाई, 2015

सचिव
वित्त मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली

प्रिय महोदय,

सिडबी के वित्तीय वर्ष 2014-15 के काम-काज संबंधी वार्षिक लेखे तथा निदेशक मंडल की रिपोर्ट

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक अधिनियम 1989 की धारा 30(5) के प्रावधानों के अनुसार मैं निम्नलिखित दस्तावेज़ एतद्द्वारा अग्रेषित कर रहा हूँ-

(1) 31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के वार्षिक लेखे की प्रति

(2) 31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के काम-काज के संबंध में निदेशक-मंडल की रिपोर्ट की प्रति

भवदीय,

(डॉ. क्षत्रपति शिवाजी, आईएएस)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

संलग्नक: यथोपरि

July 28, 2015

The Secretary,
Ministry of Finance,
Government of India,
New Delhi.

Dear Sir,

Annual Accounts and Report of the Board on the working of SIDBI – FY 2014-15

In accordance with the Provisions of Section 30 (5) of the Small Industries Development Bank of India Act, 1989, I forward herewith the following documents:

(1) Copy of Annual Accounts of Small Industries Development Bank of India for the year ended March 31, 2015 and

(2) A copy of the Report of the Board on the working of Small Industries Development Bank of India during the year ended March 31, 2015.

Yours faithfully,

(Dr. Kshatrapati Shivaji, IAS)
Chairman & Managing Director

Encl.: as above

सिडबी का निदेशक मंडल (यथा 31 मार्च 2015)
Board of Directors of SIDBI (As on March 31, 2015)

डॉ. क्षत्रपति शिवाजी
Dr. Kshatrapati Shivaji

श्री आलोक टण्डन
Shri Alok Tandon

श्री एस.के.वी. श्रीनिवासन
Shri S.K.V. Srinivasan

श्री जे. चन्द्रशेखरन
Shri J. Chandrasekaran

श्री एस. हरिहरन
Shri S. Hariharan

श्री के.सी. गुप्ता
Shri K. C. Gupta

श्री अनिल अग्रवाल
Shri Anil Agrawal

श्री सत्यानन्द मिश्रा
Shri Satyananda Mishra

श्री आर. रामचन्द्रन
Shri R. Ramachandran

निदेशकों की समितियाँ (यथा 31 मार्च 2015)
Committees of Directors (As on March 31, 2015)

कार्यपालक समिति

डॉ. क्षत्रपति शिवाजी, अध्यक्ष
श्री जे. चन्द्रशेखरन
श्री एस. हरिहरन
श्री अनिल अग्रवाल
श्री सत्यानन्द मिश्रा

लेखा-परीक्षा समिति

श्री अनिल अग्रवाल, अध्यक्ष
श्री आलोक टंडन
श्री एस.के.वी. श्रीनिवासन
श्री एस. हरिहरन
श्री आर. रामचन्द्रन

जोखिम प्रबन्धन समिति

श्री आर. रामचन्द्रन, अध्यक्ष
श्री एस.के.वी. श्रीनिवासन
श्री जे. चन्द्रशेखरन

राज्य वित्तीय निगम पर्यवेक्षण समिति

डॉ. क्षत्रपति शिवाजी, अध्यक्ष
श्री अनिल अग्रवाल
श्री के.सी. गुप्ता
श्री सत्यानन्द मिश्रा
श्री आर. रामचन्द्रन

उच्च राशि की धोखाधड़ी की निगरानी हेतु विशेष समिति

डॉ. क्षत्रपति शिवाजी, अध्यक्ष
श्री आलोक टण्डन
श्री एस.के.वी. श्रीनिवासन
श्री जे. चन्द्रशेखरन

Executive Committee

Dr. Kshatrapati Shivaji, Chairman
Shri J. Chandrasekaran
Shri S. Hariharan
Shri Anil Agrawal
Shri Satyananda Mishra

Audit Committee

Shri Anil Agrawal, Chairman
Shri Alok Tandon
Shri S.K.V. Srinivasan
Shri S. Hariharan
Shri R. Ramachandran

Risk Management Committee

Shri R. Ramachandran, Chairman
Shri S.K.V. Srinivasan
Shri J. Chandrasekaran

Committee for supervision of SFCs

Dr. Kshatrapati Shivaji, Chairman
Shri Anil Agrawal
Shri K.C. Gupta
Shri Satyananda Mishra
Shri R. Ramachandran

Special Committee to Monitor Large Value Frauds

Dr. Kshatrapati Shivaji, Chairman
Shri Alok Tandon
Shri S.K.V. Srinivasan
Shri J. Chandrasekaran

निदेशकों की समितियाँ (यथा 31 मार्च 2015)
Committees of Directors (As on March 31, 2015)

सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति

श्री अनिल अग्रवाल, अध्यक्ष
श्री सुधीर सेठ (बाह्य विशेषज्ञ)

ग्राहक सेवा समिति

डॉ. क्षत्रपति शिवाजी, अध्यक्ष
श्री जे. चन्द्रशेखरन
श्री एस. हरिहरन
श्री अनिल अग्रवाल
श्री के.सी. गुप्ता

मानव संसाधन संचालन समिति

डॉ. क्षत्रपति शिवाजी, अध्यक्ष
श्री आलोक टण्डन
श्री जे. चन्द्रशेखरन
श्री सत्यानन्द मिश्रा
डॉ. चित्रा राव (बाह्य विशेषज्ञ)

वसूली समीक्षा समिति

डॉ. क्षत्रपति शिवाजी, अध्यक्ष
श्री आलोक टण्डन
श्री एस.के.वी. श्रीनिवासन
श्री आर. रामचन्द्रन

पारिश्रमिक समिति

श्री आलोक टण्डन
श्री एस. हरिहरन
श्री सत्यानन्द मिश्रा

Information Technology Strategy Committee

Shri Anil Agrawal, Chairman
Shri Sudhir Seth (External Expert)

Customer Service Committee

Dr. Kshatrapati Shivaji, Chairman
Shri J. Chandrasekaran
Shri S. Hariharan
Shri Anil Agrawal
Shri K.C. Gupta

HR Steering Committee

Dr. Kshatrapati Shivaji, Chairman
Shri Alok Tandon
Shri J. Chandrasekaran
Shri Satyananda Mishra
Dr. Chitra Rao (External Expert)

Recovery Review Committee

Dr. Kshatrapati Shivaji, Chairman
Shri Alok Tandon
Shri S.K.V. Srinivasan
Shri R. Ramachandran

Remuneration Committee

Shri Alok Tandon
Shri S. Hariharan
Shri Satyananda Mishra

मिशन
Mission

एमएसएमई के लिए ऋण-प्रवाह सुगम व सुदृढ़ बनाना और एमएसएमई पारितंत्र के वित्तीय एवं विकासपरक, दोनों प्रकार के अन्तरालों की पूर्ति करना।

To facilitate and strengthen credit flow to MSME and address both financial and developmental gaps in the MSME eco-system.

प्रगति एक दृष्टि में
Progress at Glance

(₹ करोड़ / Crore)

यथा 31 मार्च / As on March 31	1991	2012	2013	2014	2015
बकाया संविभाग / Outstanding Portfolio	5,176.8	53,785.1	56,059.8	61,270.7	55,342.6
पूँजी / Capital - अधिकृत / Authorised	500.0	1,000.0	1,000.0	1,000.0	1,000.0
- प्रदत्त / Paid-up	450.0	450.0	450.0	450.0	450.0
आरक्षितियाँ एवं निधियाँ / Reserves and Funds	44.9	6,327.9	7,053.3	8,042.3	9,329.6
कुल आय (प्रावधान-पश्चात्) / Total Income (Net of provisions)	425.1	3,870.4	4,557.6	5,186.0	5,938.5
निवल लाभ / Net Profit	35.6	566.9	837.4	1,118.3	1,417.1
शेयरधारकों को लाभांश / Dividend to Shareholders	5.0	112.5	112.5	112.5	112.5
औसत बकाया संविभाग पर प्रतिलाभ (%) Return on Avg. Outstanding Portfolio (%)	0.7	2.2	2.3	2.7	3.8
निवल बकाया संविभाग के प्रतिशत के रूप में मानक आस्तियाँ Standard Assets as percentage of net outstanding portfolio	100	99.66	99.47	99.55	99.22
पूँजी व जोखिम आस्ति का अनुपात (%) Capital to Risk Assets Ratio (%)	13.9	28.9	28.1	30.75	36.69

हमारे पथ-प्रदर्शक (स्थापना से लेकर 2015 तक)
Our Leaders (Since inception till 2015)

स्व. श्री एस एस नाडकर्णी (अध्यक्ष)
(अप्रैल 02, 1990 – सितम्बर 18, 1993)
Late Shri S S Nadkarni (Chairman)
(April 02, 1990 – September 18, 1993)

श्री आर एस अग्रवाल (प्रबन्ध निदेशक)
(अप्रैल 02, 1990 – मार्च 03, 1995)
Shri R S Agrawal (Managing Director)
(April 02, 1990 – March 03, 1995)

श्री एस एच खान (अध्यक्ष)
(दिसम्बर 02, 1993 – जून 30, 1998)
Shri S H Khan (Chairman)
(December 02, 1993 – June 30, 1998)

श्री के आर पिल्लै (प्रबन्ध निदेशक)
(मार्च 08, 1995 – जुलाई 20, 1995)
Shri K R Pillai (Managing Director)
(March 08, 1995 – July 20, 1995)

डॉ. शैलेन्द्र नारायण (प्रबन्ध निदेशक)
(अगस्त 03, 1995 - जुलाई 31, 2000)
Dr. Sailendra Narain (Managing Director)
(August 03, 1995 - July 31, 2000)

श्री जी पी गुप्ता (अध्यक्ष)
(जुलाई 01, 1998 – मार्च 26, 2000)
Shri G P Gupta (Chairman)
(July 01, 1998 – March 26, 2000)

श्री एस एस कोहली (अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक)
(अगस्त 01, 2000 – जनवरी 30, 2001)
Shri S S Kohli (Chairman & Managing Director)
(August 01, 2000 – January 30, 2001)

हमारे पथ-प्रदर्शक (स्थापना से लेकर 2015 तक)
Our Leaders (Since inception till 2015)

श्री पी बी निम्बालकर (अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक)
(जनवरी 31, 2001 – फरवरी 28, 2003)
Shri P B Nimbalkar (Chairman & Managing Director)
(January 31, 2001 – February 28, 2003)

श्री वी के चोपड़ा (अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक)
(जुलाई 16, 2003 – दिसम्बर 08, 2004)
Shri V K Chopra (Chairman & Managing Director)
(July 16, 2003 – December 08, 2004)

श्री एन बालसुब्रमण्यन (अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक)
(दिसम्बर 30, 2004 – सितम्बर 30, 2006)
Shri N Balasubramanian
(Chairman & Managing Director)
(December 30, 2004 – September 30, 2006)

श्री आर एम मल्ला (अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक)
(जुलाई 11, 2007 – जुलाई 08, 2010)
Shri R. M. Malla
(Chairman & Managing Director)
(July 11, 2007 – Jully 08, 2010)

श्री सुशील कुमार मुहनोत (अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक)
(अप्रैल 04, 2011 – नवम्बर 08, 2013)
Shri Sushil Kumar Muhnot
(Chairman & Managing Director)
(April 04, 2011 – November 08, 2013)



श्री राकेश रेवारी (उप प्रबन्ध निदेशक)
(अक्तूबर 23, 2006 – जुलाई 12, 2007)
(जुलाई 26, 2010 – अप्रैल 03, 2011)
Shri Rakesh Rewari (Deputy Managing Director)
(October 23, 2006 – July 12, 2007)
(July 26, 2010 – April 03, 2011)

श्री एन के मैनी (उप प्रबन्ध निदेशक)
(नवम्बर 22, 2013 – मार्च 11, 2014)
Shri N. K. Maini (Deputy Managing Director)
(November 22, 2013 – March 11, 2014)

डॉ. क्षत्रपति शिवाजी (अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक)
(मार्च 02, 2015 से प्रभावी)
Dr. Kshatrapati Shivaji (Chairman & Managing Director) (March 02, 2015 – till date)

अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक का वक्तव्य
Chairman and Managing Director's Statement

प्रिय शेयरधारकगण,

वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए बैंक की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना निदेशक मण्डल और प्रबन्धन दल के लिए गौरव का विषय है। मुझे यह सूचित करते हुए अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि बैंक ने अपनी गौरवपूर्ण यात्रा के 25 वर्ष पूरे कर लिए हैं और ऋण से अधिक सेवा-प्रदायगी का दृष्टिकोण अपनाते हुए, प्रभाव-आधारित पहुँच के माध्यम से एमएसएमई पारितन्त्र के ऋण एवं ऋणेतर अन्तरालों को पूरा करने का भरसक प्रयास किया है।

वर्ष के दौरान ₹ 53,083 करोड़ का संवितरण किया गया। 31 मार्च 2015 को बैंक का बकाया संविभाग ₹ 55,343 करोड़ था।

एमएसएमई देश की अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ मेरुदण्ड हैं। वे 106 मिलियन से अधिक व्यक्तियों को आय-प्रद रोजगार देते हैं। रोजगार के मामले में यह कृषि के बाद सबसे बड़ा क्षेत्र है। विनिर्माणकर्ता एमएसएमई का देश के विनिर्माण उत्पादन में 45 प्रतिशत हिस्सा है। सकल घरेलू उत्पाद में एमएसएमई का योगदान लगभग 37.5% है।

Dear Shareholders,

The Board of Directors and the Management Team of SIDBI are privileged to present the Bank's Annual Report for the Financial Year 2014-15. It gives me great pleasure to inform that, the Bank has completed 25 years of its illustrious journey and has endeavored to address various credit and non-credit gaps in the MSME eco-system through Credit plus approach and impact based outreach.

The disbursements made during the year was ₹ 53,083 crore and the Bank's outstanding portfolio as on March 31, 2015 stood at ₹ 55,343 crore.

MSMEs are the veritable backbone of the country's economy, providing gainful employment to more than 106 million people, the largest chunk after agriculture. Manufacturing MSMEs account for 45 percent of the country's manufacturing output. MSMEs' contribution to GDP is around 37.5%.

वर्तमान में भारत में उल्लेखनीय जनसांख्यिकीय वृद्धि हो रही है और कार्यशील आयु वाली आबादी का विषम-अनुपाती विस्तार हो रहा है। 2020 तक भारत दुनिया का सर्वाधिक युवा देश बनने जा रहा है, जिसकी औसत आयु 29 वर्ष होगी और इसमें दुनिया की 28% कार्य-शक्ति निवास करेगी। इतने परिमाण वाली श्रम-शक्ति को धारण करने के लिए विनिर्माण क्षेत्र को महत्त्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

विनिर्माण क्षेत्र में नए सिरे से प्राण फूँकने के उद्देश्य से सरकार ने ''मेक इन इंडिया'' अभियान छेड़ा है, ताकि विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा दिया जा सके। इसका लक्ष्य विनिर्माण क्षेत्र का पुनर्विन्यास करके उसे भारत की आर्थिक संवृद्धि की मूल धुरी बनाना है। चूंकि एमएसएमई कई मूल्य-शृंखलाओं का महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं, अत: आशा की जाती है कि वे सरकार के ''मेक इन इंडिया'' अभियान में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।

एमएसएमई त्वरित, टिकाऊ और समग्रत: समावेशी संवृद्धि के वाहन हैं। इस कारण वे किसी भी राष्ट्र में बेहतर समाजार्थिक वातावरण निर्मित करने में मदद करते हैं। यह क्षेत्र उद्यमिता और प्रौद्योगिकीय नवोन्मेषिता के विकास के लिए पौधशाला का काम करता है। एमएसएमई क्षेत्र भारत के मज़बूत समाजार्थिक ताने-बाने का आधार-स्तम्भ है।

चूंकि देश के औद्योगिक उत्पादन, निर्यात, रोजगार एवं उद्यमिता आधार के निर्माण में अपने योगदान की दृष्टि से एमएसएमई भारत की अर्थव्यवस्था के महत्त्वपूर्ण घटक हैं, इसलिए इन एमएसएमई, और खासकर पहली पीढ़ी के उद्यमियों के चहुँमुखी विकास और संवर्द्धन के लिए उनका समुचित पोषण व मार्गदर्शन एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है।

सिडबी के स्तर पर हमने भारतीय उद्यमियों को पोषण दिया है, उन्हें सशक्त बनाया है और उनके सपनों को साकार करने में मदद की है, फिर चाहे वे पहले पीढ़ी के उद्यमी हों या सुस्थापित हो चुके हों। सिडबी उभरते हुए व्यवसायों के लिए समर्पित संस्था है। इस नाते उसके पास विविध प्रकार के एमएसएमई के लिए

India is presently experiencing significant demographic growth and a disproportionate expansion in the working age population. India is poised to become the world's youngest country by 2020, with an average age of 29 years and account for around 28% of the world's workforce. To absorb labour force of this magnitude, the manufacturing sector would need to play an important role.

To revitalize manufacturing sector, the Government has triggered the "Make in India" campaign to boost manufacturing sector, aiming to redesign manufacturing sector as a key engine for India's economic growth. As MSMEs are important part of several value chains, it is expected that they will play an important role in the Government's 'Make in India' drive.

MSMEs are the vehicles for faster, sustainable and overall inclusive growth and hence help in building a better socio-economic environment in any nation. This sector acts as the nursery for the entrepreneurship development and technological innovations. In India, the MSME sector is the founding pillar of its robust socio-economic fabric.

Since MSMEs constitute an important segment of Indian economy in terms of their contributions to country's industrial production, exports, employment and creation of entrepreneurial base, proper nurturing and handholding to these MSMEs is one of the key elements for their overall development and promotion, particularly the first generation entrepreneurs.

At SIDBI, we have nurtured, empowered and helped shape the Indian entrepreneur's dream right from the first generation to the well established ones. SIDBI, an institution devoted for growth of budding businesses,

नवोन्मेषी वित्तीय उत्पाद हैं। सिडबी ने पूँजी सम्बन्धी कठिनाइयों से जूझनेवाले/नवोन्मेषी उद्यमियों के वित्तपोषण के लिए अपनी जोखिम पूँजी योजनाओं के माध्यम से एक समर्पित अग्रदूत की भूमिका निभाई है और स्वच्छ प्रौद्योगिकी तथा नवीकरणीय ऊर्जा अपनाते हुए टिकाऊ संवृद्धि हासिल करने का भरसक प्रयत्न किया है। राष्ट्रीय नवोन्मेषिता कार्यक्रम (एनआईएफपी) सिडबी के नेतृत्व में संचालित सहयोगपरक कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य देश में नवोन्मेषितापूर्ण वित्तीयन के लिए सक्षमताकारी वातावरण निर्मित करना है, ताकि भारत नवोन्मेषिता का केन्द्र बन सके। इस कार्यक्रम में कई राष्ट्रीय संस्थाएं और निकाय सिडबी के साथ साझेदारी कर रहे हैं।

सिडबी की आकांक्षा है कि देश का एमएसएमई क्षेत्र समुत्थानशील एवं सशक्त हो। यह वर्तमान उद्यमों की सहायता और नए उद्यमों के सृजन को प्रोत्साहन देते हुए संवृद्धि और विकास को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। सिडबी ने इस क्षेत्र के लिए ऋण-प्रवाह में बढ़ोत्तरी करने के साथ-साथ इस क्षेत्र की गैर वित्तीय आवश्यकताओं के अन्तरालों की पूर्ति के लिए भी कई उपाय किए हैं। इनमें से कुछ हैं- एमएसएमई सलाहकारिता सेवाएं, एमएसएमई को बैंकों/वित्तीय संस्थाओं से ऋण लेने में मदद के उद्देश्य से ऋण सुभीताकरण/समूहन सेवाएं, अपेक्षाकृत छोटे बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी बैंक) का क्षमता-विकास, सूक्ष्म उद्यम सृजन, क्लस्टर विकास, उद्यमिता एवं कौशल विकास, नवोन्मेषिता एवं संपोषण को बढ़ावा आदि।

एमएसएमई क्षेत्र की प्रमुख वित्तीयन संस्था के रूप में 1990 से अब तक की अपनी 25 वर्ष की यात्रा में सिडबी बहुत-से पड़ाव पार किए हैं और कई कीर्तिमान रचे हैं। सिडबी एक जिम्मेदार वित्तीय संस्था और प्रत्यक्ष ऋण, अल्प वित्त, जोखिम पूँजी, विभिन्न प्रकार की संवर्द्धनशील एवं विकास सहायता आदि प्रदान करनेवाला समूह बनकर उभरा है। अपनी सहयोगी/सहायक संस्थाओं के माध्यम से सिडबी एमएसएमई क्षेत्र को विविध प्रकार की सेवाएं देता है, जैसे ऋण गारंटी, उद्यम पूँजी, साख-निर्धारण, प्रौद्योगिकी मिलान तथा गैर निष्पादक आस्तियों का आस्ति-

has innovative financial products for the benefit of the wide spectrum of MSMEs. SIDBI has played a pioneering and dedicated role in financing of entrepreneurs having capital constraints/innovative entrepreneurs through its risk capital schemes and has strived towards achieving sustainable growth while adopting clean technology and renewable energy. The National Innovation Finance Programme (NIFP) is a collaborative programme led by SIDBI for creating an enabling environment for innovation financing in the country to help India become an innovation hub. Several national institutions and bodies are partners with SIDBI in the programme.

SIDBI envisions a vibrant and robust MSME sector in the country. It is dedicated to promote growth and development by providing support to existing enterprises and encourage creation of new enterprises. Besides enhancing credit flow to the sector, SIDBI has taken a number of steps in filling the gaps in non-financial needs of the sector. These include MSME advisory services, loan facilitation/syndication services to MSMEs to help them avail credit from banks/FIs, capacity building of smaller banks [Regional Rural Banks (RRBs), Co-operative banks], micro enterprises creation, cluster development, entrepreneurship and skill development, promoting innovation and incubation, etc.

The 25 year journey of SIDBI, since 1990 as the Principal Financing Institution of the MSME sector, has achieved many milestones and set several landmarks. SIDBI has emerged as a responsible financing institution and a conglomerate offering direct credit, micro-finance, risk capital, various promotional and developmental support, etc. Through its associates/subsidiaries, SIDBI offers a bouquet of services, such as, credit guarantee, venture

पुनर्निर्माण। सिडबी की सहायक संस्था के रूप में स्थापित माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एन्ड रिफायनेन्स एजेंसी (मुद्रा) इसकी एक और बड़ी उपलब्धि है। मुद्रा का उद्देश्य अल्प वित्त संस्थाओं तथा अंतिम बिन्दु पर स्थित वित्तदाताओं को पुनर्वित्त प्रदान करना है। अपेक्षा की जाती है कि यह एजेंसी 5.77 करोड़ लघु व्यवसाय-इकाइयों को औपचारिक वित्त के दायरे में ले आएगी, ताकि उनकी ऋण संबंधी ज़रूरतों को पूरा किया जा सके।

सिडबी सक्रिय तरीके से अपनी व्यवसाय-रणनीति तैयार करता चला आ रहा है, ताकि एमएसएमई क्षेत्र की लगातार बदल रही आवश्यकताओं और चुनौतियों का मुकाबला किया जा सके। एमएसएमई के लाभ के लिए सिडबी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ अपने प्रगाढ़ सम्बन्धों का उपयोग करता रहा है। अगले पाँच वर्ष की अवधि में भारतीय अर्थ-जगत के परिदृश्य में युगान्तरकारी परिवर्तन आने की संभावना है। इसके फलस्वरूप कई क्षेत्रों में भारी उलट-फेर होगा। इसमें एमएसएमई भी शामिल हैं। सिडबी इन परिवर्तनों के प्रति सक्रिय तथा प्रतिक्रियाशील रहेगा और चुनौतियों को एमएसएमई के लिए अवसर के रूप में ढाल देगा। समय पर ऋण तथा उपयुक्त ऋणेतर क्षमता विकास सहायता के ज़रिए सिडबी भरसक सुनिश्चित करता रहेगा कि एमएसएमई क्षेत्र का समग्र विकास हो, ताकि यह क्षेत्र मज़बूत व सक्रिय बना रहे और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा में दीर्घकाल तक डटा रहे।

(डॉ. क्षत्रपति शिवाजी, आईएएस)
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

capital, credit rating, technology matching and assets reconstruction of NPAs in the MSME sector. Creation of Micro Units Development and Refinancing Agency (MUDRA), an agency to refinance micro finance institutions and other last mile financiers, as a subsidiary of SIDBI is a new feather in the cap of SIDBI. The agency is expected to help about 5.77 crore small business units by bringing them within the formal financial sector for their credit needs.

SIDBI has been proactively devising its business strategy to match the constantly evolving needs and challenges of the MSME sector and leveraging its rich partnerships with national and international agencies to cater to the MSMEs. The next five year period is likely to bring metamorphic transformation in the Indian economic landscape. This would bring in paradigm shift in many spheres including MSMEs. SIDBI shall be proactive and responsive to these changes and convert the challenges into opportunities for MSMEs. It would continue to endeavour to ensure the holistic development of the MSME sector, through timely credit and appropriate non-credit capacity building support, so that the MSME sector remains strong, vibrant and achieves international competitiveness on a sustained basis.

(Dr. Kshatrapati Shivaji, IAS)
Chairman & Managing Director

निदेशकों की रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2014-15
Directors' Report FY 2014-15

बैंक का निदेशक-मण्डल 31 मार्च 2015 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए बैंक के व्यवसाय एवं परिचालनों के सम्बन्ध में अपनी रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत कर रहा है।

आपके बैंक की स्थापना 1990 में संसद द्वारा पारित अधिनियम के तहत की गई। यह भारत के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के संवर्द्धन, वित्तपोषण एवं विकास हेतु स्थापित प्रमुख वित्तीय संस्था है। जैसाकि सर्वज्ञात है, यह क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास-कथा का प्रमुख योगदानकर्ता रहा है। विनिर्माण-उत्पादन, राष्ट्रीय आय तथा निर्यात में और इससे भी बढ़कर रोजगार सृजन में इसकी मुख्य हिस्सेदारी है। इस प्रकार देश की समग्र समाजार्थिक संवृद्धि में इसका उल्लेखनीय योगदान है।

एमएसएमई के समक्ष कई अन्तर्निहित चुनौतियाँ हैं। ये ऋण की उपलब्धता, प्रौद्योगिकी, कौशल विकास, पर्याप्त औद्योगिक मूलभूत ढांचा तथा विपणन एवं अभिग्रहण संबंधी मुद्दों से सरोकार रखती हैं।

सिडबी एमएसएमई क्षेत्र के उद्योगों के संवर्द्धन, वित्तपोषण एवं विकास हेतु स्थापित प्रमुख वित्तीय संस्था है। यह एमएसएमई उद्यमिता की महान भावना को बढ़ावा देते हुए, पिरामिड के निचले स्तर पर विद्यमान लोगों तक पहुँचकर सर्वसमावेशी संवृद्धि के राष्ट्रीय लक्ष्य में योगदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए यह बैंकों, वित्तीय संस्थाओं, अल्प वित्त संस्थाओं तथा सहायता-योग्य अन्य मध्यवर्तियों के माध्यम से विकासपरक एवं वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

The Board of Directors of the Bank takes pleasure in presenting its Report on the business and operations of your Bank for the financial year ended March 31, 2015.

Your Bank was set up in 1990 under an Act of the Parliament as the principal financial institution for the promotion, financing and development of the Micro, Small and Medium Enterprise (MSME) sector in India. As is well known, the sector has been a key contributor to the growth story of the Indian economy. It has a major share in manufacturing output, national income, exports and above all, employment generation, thus contributing to the overall socio-economic growth of the country.

There are inherent challenges faced by MSMEs. These relate to availability of credit, technology, skill development, adequate industrial infrastructure and issues around marketing and procurement.

SIDBI, which is the principal financial institution for the promotion, financing and development of industry in the MSME sector, is committed to contribute towards the national goal of attaining inclusive growth by promoting the great spirit of MSME entrepreneurship as well as reaching out to those at the bottom-of-the-pyramid by extending developmental and financial support through the network of Banks, Financial Institutions (FIs), Micro Finance Institutions (MFIs) and other support worthy intermediaries.

व्यावसायिक-कार्यनिष्पादन

आपके बैंक का कुल संवितरण वित्तीय वर्ष 2013-14 के ₹ 52,191 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2014-15 में ₹ 53,083 करोड़ हो गया। बैंक का बकाया संविभाग 31 मार्च 2015 को ₹ 55,343 रहा, जबकि 31 मार्च 2014 को यह ₹ 61,271 करोड़ रहा था। यथा 31 मार्च 2015 संचयी संवितरण ₹ 3.90 लाख करोड़ रहा, जिससे 346 लाख व्यक्तियाँ लाभान्वित हुए हैं।

वर्ष के दौरान बैंक की कुल आय ₹ 5,741 करोड़ रही, जबकि पिछले वर्ष यह ₹ 5,808 करोड़ रही थी। इसी अवधि में कुल व्यय ₹ 3,823 करोड़ रहा, जबकि पिछले वर्ष के दौरान यह ₹ 3,646 करोड़ रहा था। वर्ष का कर-पूर्व लाभ ₹ 2,115 करोड़ रहा, जबकि पिछले वर्ष यह ₹ 1,539 करोड़ रहा था। वर्ष का कर-उपरान्त तथा आस्थगित कर समायोजन उपरान्त निवल लाभ ₹ 1,417 करोड़ रहा, जबकि पिछले वर्ष यह ₹ 1,118 करोड़ रहा था। आपके बैंक ने इस वर्ष के लिए 25% का लाभांश घोषित किया है और स्थापना के समय से अनवरत लाभांश भुगतान का रिकॉर्ड कायम रखा है।

बाह्य क्षेत्र को देखें तो यूरो क्षेत्र में संकट के चलते वैश्विक दृष्टिकोण में लगातार अनिश्चितता रही और वैश्विक अर्थव्यवस्था में आम मंदी के साथ-साथ संरचनागत कठिनाइयों तथा घरेलू अर्थव्यवस्था पर पड़ रहे मुद्रास्फीतिक दबावों के कारण मंदी का लम्बा दौर चला। मंदी का असर एमएसएमई क्षेत्र पर भी आया, जिससे बैंकों और वित्तीय संस्थाओं से ऋण का उठान कम हुआ। किन्तु मनोदशा में सुधार आने से घरेलू समष्टि-आर्थिक परिदृश्य की दृष्टिकोण में सुधार के लक्षण दिखने लगे हैं।

व्यवसायपरक पहलकदमियाँ

आपका बैंक जिन चुनिंदा वित्तीय अंतरालों की पूर्ति कर रहा है, वे हैं- जोखिम पूँजी/ईक्विटी सहायता, टिकाऊ वित्त, प्राप्य वित्त, सेवा क्षेत्र वित्तीयन आदि। ये एमएसएमई की ऐसी ज़रूरते हैं,

Business Performance

Your Bank's total disbursement increased from ₹ 52,191 crore in FY 2013-14 to ₹ 53,083 crore in FY 2014-15. Outstanding portfolio of the Bank was ₹ 55,343 crore as on March 31, 2015 and ₹ 61,271 crore as on March 31, 2014. The cumulative disbursements as on March 31, 2015 stood at ₹ 3.90 lakh crore, benefiting more than 346 lakh persons.

The total income of the Bank during the year was at ₹ 5,741 crore as compared to ₹ 5,808 crore during the previous year. The total expenditure during the corresponding period was at ₹ 3,823 crore as compared to ₹ 3,646 crore during the previous year. The Profit before Tax for the year was ₹ 2,115 crore, compared to ₹ 1,539 crore in the previous year. The net profit after tax and Deferred Tax Adjustment for the year was ₹ 1,417 crore as against ₹ 1,118 crore in the previous year. Your Bank has declared a dividend of 25% for the year and continues its uninterrupted dividend payment record since inception.

In the external sector, persistent uncertainty in global outlook caused by crisis in Euro area and general slowdown in global economy compounded by structural constraints and inflationary pressures in domestic economy resulted in protracted slowdown. The slowdown percolated to the MSME sector resulting in the lower credit off-take from banks and FIs. However, with improved sentiments, the outlook for domestic macroeconomic scenario is showing signs of improvement.

Business initiatives

Some of the niche financial gaps being addressed by your Bank are risk capital/equity assistance, sustainable finance, receivable finance, services sector financing, etc. These

जिनकी पूर्ति बैंकिंग प्रणाली आम तौर पर नहीं कर रही है। इसी प्रकार, आपका बैंक नए वित्तीय उत्पादों के लिए पौध-शाला का काम करता है, जिसे अन्ततः बैंकिंग उद्योग की मुख्य धारा में लाया जा सकता है।

पुनर्वित्त

मुख्य रूप से पुनर्वित्तीयन संस्था होने के नाते, सिडबी प्राथमिक ऋणदात्री संस्थाओं जैसे बैंकों, राज्य वित्तीय निगमों, गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों, अल्प वित्त संस्थाओं आदि के संसाधन आधार को मज़बूत करने पर अधिकाधिक बल देता रहा है, ताकि एमएसएमई क्षेत्र को अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध हो सके। यथा 31 मार्च 2015 बैंक के संविभाग में पुनर्वित्त का हिस्सा 80% था। पुनर्वित्त के अन्तर्गत नई परियोजनाएं स्थापित करने और प्रौद्योगिकी उन्नयन/आधुनिकीकरण, विविधीकरण, विस्तार, पुनर्वास, ऊर्जा दक्षता, स्वच्छ उत्पादन-प्रौद्योगिकियों के अंगीकरण आदि के लिए मौजूदा एमएसएमई, सेवा क्षेत्र की इकाइयों को तथा साथ ही मूलभूत संरचना विकास एवं उन्नयन के लिए भी सहायता दी जाती है।

वित्तीय वर्ष 2013-14 के बजट के ज़रिए भारत सरकार ने पुनर्वित्तीयन सीमा ₹ 5,000 करोड़ से बढ़ाकर ₹ 10,000 करोड़ प्रतिवर्ष करके बैंक की पुनर्वित्तीय क्षमता में वृद्धि कर दी है। तदनुसार, वित्तीय वर्ष 2014 में सिडबी को एमएसई (पुनर्वित्त) निधि के अन्तर्गत ₹ 10,000 करोड़ की समूह निधि आवंटित की गई। आवंटित की गई ₹ 10,000 करोड़ की समूह निधि में से सिडबी ने आधार-दर पर एमएसई को उधार देनेवाले बैंकों के माध्यम से ₹ 3,047 करोड़ सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को संवितरित किए।

जोखिम पूँजी: विभिन्न मध्यवर्ती संरचनाओं का उपयोग करते हुए तथा निधियों की निधि के परिचालन के माध्यम से (यानी उद्यम पूँजी निधियों के माध्यम से) एमएसएमई को सीधे जोखिम पूँजी/ईक्विटी सहायता प्रदान की जाती है। जोखिम पूँजी सहायता भावी नकदी प्रवाह और सहायता-प्राप्त इकाई की संभावनाओं के आधार पर दी जाती है, न कि आस्ति सुरक्षा/संपार्श्विक के आधार पर। इस सहायता से बहुत-से एमएसएमई की विकास

are the requirements of MSMEs which are not generally catered to by the banking system. Simultaneously, your Bank acts as a nursery for new financial products, which can eventually get mainstreamed in the banking industry.

Refinance :

SIDBI, being primarily a Refinancing institution has been according greater thrust on augmenting the resource base of Primary Lending Institutions (PLIs) like banks, SFCs, NBFCs. MFIs, etc., so that higher credit flows to the MSME Sector. Refinance constituted around 80% of the Bank's portfolio as on March 31, 2015. Under Refinance, support is extended for setting up new projects and technology upgradation/ modernization, diversification, expansion, rehabilitation, energy efficiency, adoption of clean production technologies etc. of existing MSMEs, service sector entities as well as for infrastructure development and upgradation.

The Government of India, through Budget for FY 2013-14 had increased the refinancing capability of the Bank by way of enhancement of the refinancing limit from ₹ 5,000 crore to ₹ 10,000 crore per year. Accordingly, a corpus of ₹ 10,000 crore was allocated to SIDBI under the MSE (Refinance) Fund in FY 2014. Out of the corpus of ₹ 10,000 crore allocated, SIDBI disbursed ₹ 3,047 crore to micro and small enterprises through banks which had lent to MSEs at base-rate.

Risk Capital: Risk capital/equity assistance is provided to MSMEs directly using various mezzanine structures as well as through Fund of Funds operation (i.e. through VCFs). The risk capital assistance is offered on the backing of future cash-flows and prospects of the unit assisted rather than asset coverage/collaterals. The assistance has supported the growth requirements of a number of MSMEs including

सम्बन्धी आवश्यकताओं को सहायता मिली है। इसमें मूल ऋणों का लाभ लेना, अनुसंधान व विकास के लिए व्यय जैसी अमूर्त आवश्यकताओं के खर्च की पूर्ति, विपणन/ब्राण्ड विकास, तकनीकी जानकारी, ऊर्जा दक्षता, गुणवत्ता नियंत्रण, कार्यशील पूँजी मार्जिन आदि शामिल है, जहाँ ऐसे निवेशों से आस्ति-सृजन नहीं होने के कारण आम तौर पर बैंक ऋण उपलब्ध नहीं होते।

नवोन्मेष-संचालित उद्यमिता ने भारत के शिक्षा, सस्ती स्वास्थ्य-सेवा, जैव-प्रौद्योगिकी, ऊर्जा समाधान, अपशिष्ट प्रबन्धन, वित्तीय समावेशन, लॉजिस्टिक्स, बाजार-तक पहुँच, रक्षा आदि क्षेत्रों से सम्बन्धित ढेरों आवश्यकताओं का समाधान पाने के मामले में देश में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाना शुरू कर दिया है।

सिडबी ऐसी कई जोखिम पूँजी निधियों को समूह निधि सहायता प्रदान करता है, जो छोटे स्टार्ट-अप तथा शुरुआती चरण वाले व्यवसायों की ईक्विटी में निवेश करते हैं। नवोन्मेषी/प्रौद्योगिकी क्षेत्र के स्टार्ट-अप्स तथा शुरुआती चरण वाले उद्यमों तथा प्रौद्योगिकी इन्क्यूबेटरों में संपोषित किए जा रहे उद्यमों को चुनिंदा आधार पर सहायता देने के लिए सिडबी ने एक योजना आरम्भ की है।

टिकाऊ वित्त: आपका बैंक अंतरराष्ट्रीय/द्विपक्षीय एजेंसियों से प्राप्त संकेन्द्रित ऋण-व्यवस्थाओं के अन्तर्गत प्रत्यक्ष ऋण प्रदान कर रहा है, ताकि ऊर्जा दक्षता तथा स्वच्छतर परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण हेतु एमएसएमई को सहायता दी जा सके।

इन ऋण-व्यवस्थाओं का उद्देश्य सिडबी के शाखा नेटवर्क के माध्यम से प्रत्यक्ष सहायता के ज़रिए और प्राथमिक ऋणदात्री संस्थाओं व गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के माध्यम से पुनर्वित्त के ज़रिए एमएसएमई को वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए तथा इन वित्तीय संस्थाओं को तकनीकी सहायता प्रदान करके भारत के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों में ऊर्जा बचत को बढ़ावा देना है, ताकि देश के पर्यावरण सुधार एवं आर्थिक विकास और पृथ्वी के जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में योगदान किया जा सके। साथ ही, इसका उद्देश्य ग्रीन हाउस गैसों, खासकर कार्बन डाइ ऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी लाना और इस प्रकार जलवायु-परिवर्तन के समाधान में योगदान करना भी है।

leveraging of senior loans, funding intangible requirements like expenditure for R & D, marketing/brand building, technical knowhow, energy efficiency, quality control, WC margin, etc. where bank loans are generally not available as such investments are non-asset creating.

Innovation driven entrepreneurship has started to play an important role in the country by finding solutions to India's myriad requirements in areas like education, affordable healthcare, biotechnology, energy solutions, waste management, financial inclusion, logistics, market access, defence, etc.

SIDBI provides corpus support to several Venture Capital Funds (VCFs) which invest in the equity of small start-up and early stage businesses. SIDBI has also piloted a scheme to assist start ups and early stage ventures, selectively, operating in innovative/technology space, including those being incubated at technology incubators.

Sustainable Finance: Your Bank is extending direct credit under focused Lines of Credit (LoCs) from international/bilateral agencies for providing assistance to MSMEs for financing Energy Efficiency (EE) and Cleaner Production (CP) projects.

The objective of these LoCs is to promote energy saving in Micro, Small and Medium Enterprises in India, by providing financial assistance to MSMEs, by way of direct assistance through the branch network of SIDBI as well as through refinance to Primary Lending Institutions (PLIs) and Non Banking Financial Companies (NBFCs), and by providing technical assistance to these financial institutions, thereby contributing to environmental improvement and economic development in the country and control of climate change on the earth. Further, it also aims to reduce the emission of greenhouse gases, especially Carbon Dioxide (CO_2) and thus to contribute towards climate change mitigation.

सिडबी ने 05 जून 2014 को यानी ''विश्व पर्यावरण दिवस'' पर आद्योपान्त ऊर्जा दक्षता समाधान (4ई समाधान) आरम्भ किया। सिडबी द्वारा आरम्भ किए गए 4ई समाधान के अन्तर्गत इसके एमएसएमई ग्राहकों को तकनीकी सहायता दी जाएगी, ताकि वे उचित मूल्य पर और सेवा की गुणवत्ता के आश्वासन के साथ ऊर्जा सेवा कंपनियों की सेवाएं लेते हुए अपनी ऊर्जा बचत में सुधार ला सकें।

सिडबी ने विश्व बैंक के साथ ''ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के लिए आंशिक जोखिम-सहभागिता सुविधा'' हेतु विश्व बैंक के साथ करार पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका कुल परिव्यय 43 मिलियन अमेरिकी डॉलर है, जिसमें 37 मिलियन अमेरिकी डॉलर की गारंटी निधि और कुल 6 मिलियन अमेरिकी डॉलर की तकनीकी सहायता शामिल है। इस परियोजना का उद्देश्य खासकर ऊर्जा सेवा कंपनियों के माध्यम से प्रदत्त ऊर्जा सेवा कार्य-निष्पादन संविदाकारिता के ज़रिए ऊर्जा दक्षता निवेश के स्तर में वृद्धि को बढ़ावा देते हुए भारत में ऊर्जा दक्षता बाज़ार के रूपान्तरण के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों में मदद करना है।

प्राप्य वित्त: वर्ष 1991 में आरम्भ की गई प्राप्य वित्त योजना बैंक की अग्रणी योजनाओं में से एक है।

वित्तीय वर्ष 2013-14 में भारतीय रिज़र्व बैंक ने ₹ 5,000 करोड़ की एक नई पुनर्वित्त सुविधा प्रदान की, जो 14 नवम्बर 2013 से एक वर्ष के लिए प्रभावी थी। इस सुविधा का उद्देश्य एमएसएमई की प्राप्य राशियों के प्रति प्रत्यक्षत: और चुनिंदा मध्यवर्तियों जैसे बैंकों, गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों तथा राज्य वित्तीय निगमों के माध्यम से तरलता सहायता प्रदान करना था। यह दिसम्बर 2013 से कार्यान्वित की गई। कार्यान्वयन के कुछ ही दिनों के भीतर बैंक ने इसका पूर्ण उपयोग कर लिया और सुविधा की ₹ 5,000 करोड़ की समस्त राशि भारतीय रिज़र्व बैंक से आहरित कर ली। योजना के अन्तर्गत 30 सितम्बर 2014 तक कुल ₹ 20,119 करोड़ का संचयी संवितरण किया गया था, जिससे लगभग 15,000 एमएसएमई लाभान्वित हुए।

SIDBI has launched the End to End Energy Efficiency Solutions (4E solutions) Product on June 05, 2014, "World Environment Day". The 4E solution launched by SIDBI would provide technical support to its MSME clients to improve their energy savings by availing the services of Energy Services Companies (ESCOs) at a reasonable cost with assurance on the quality of services.

SIDBI has signed agreement with World Bank for "Partial Risk Sharing Facility for Energy Efficiency (PRSF) Projects" with a total outlay of USD 43 million, consisting of a Guarantee fund of USD 37 million and technical assistance of a total of USD 6 million. The objective of the project is to support the GoI's efforts to transform the energy efficiency (EE) market in India by promoting increased level of EE investments, particularly through energy service performance contracting (ESPC) delivered through Energy Service Companies (ESCOs).

Receivable Finance: Receivable Finance Scheme (RFS) launched in the year 1991 is one of the pioneer schemes of the Bank.

During the FY 2013-14, a new refinance facility of ₹ 5,000 crore was extended by the Reserve Bank of India effective from November 14, 2013 for a period of one year. The facility aimed at providing liquidity support against the receivables of MSMEs directly and through select intermediaries like Banks, Non Banking Finance Companies (NBFCs) and State Financial Corporations (SFCs), was implemented with effect from December 2013. In a short span from the implementation, the Bank fully utilized and drew the facility amount of ₹ 5,000 crore from the RBI. Cumulative disbursements aggregating ₹ 20,119 crore covering around 15,000 MSMEs were made upto September 30, 2014 under the scheme.

व्यापार वित्त (कच्चा माल) योजना बड़े आपूर्तिकारों से कच्चा माल खरीदने में एसएमई की मदद करती है। इसे समीक्षाधीन वर्ष के दौरान औपचारिक रूप से आरम्भ किया गया। अब भारतीय रिज़र्व बैंक ने व्यापार प्राप्य भुनाई योजना की स्थापना और परिचालन सम्बन्धी अन्तिम दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। यह कई वित्तदाताओं के माध्यम से एमएसएमई के व्यापार प्राप्यों के वित्तपोषण को सुगम बनाने की संस्थागत पद्धति है। सिडबी और राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज की सहायक संस्था एनएसई स्ट्रैटजिक इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लि. ने ट्रेड्स प्लेटफॉर्म की स्थापना और परिचालन के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक में संयुक्त रूप से आवेदन किया है।

सेवा क्षेत्र वित्तीयन: राष्ट्रीय आय, रोजगार और उद्यमिता-अवसरों की दृष्टि से सेवा क्षेत्र की भूमिका को देखते हुए, सिडबी विगत दो वर्षों से व्यवसाय के एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में सेवा क्षेत्र पर ध्यान केन्द्रित करता रहा है। 2013-14 में कतिपय मौजूदा उत्पादों को संशोधित किया गया और इस क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप कुछ नए उत्पाद आरम्भ किए गए। फ्रेंचाइजिंग जैसे नए व्यवसाय मॉडलों तक पहुँचने के उद्देश्य से अग्रणी परामर्शदाताओं के माध्यम से ''भारत में ऋण अंतराल, फ्रैंचाइजीज की संभावना एवं वित्तपोषण'' पर अध्ययन-कार्य पूरा किया गया। सेवा क्षेत्र के लिए सिडबी ने 2014-15 में अंतरराष्ट्रीय निधीयन एजेंसियों जैसे विश्व बैंक और जापानी इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी के साथ नई ऋण व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में बातचीत की।

अल्प वित्त: समावेशी संवृद्धि को बढ़ावा देनेवाला अल्प वित्त आपके बैंक का मुख्य क्षेत्र बन रहा है। सिडबी की अल्प वित्त पहल के अन्तर्गत 31 मार्च 2015 तक ऋण, ईक्विटी एवं अर्ध-ईक्विटी सहित कुल संचयी सहायता ₹ 10,719 करोड़ रही, जबकि संचयी संवितरण ₹ 9,366 करोड़ रहा। यथा 31 मार्च 2015 बैंक का बकाया अल्प वित्त संविभाग ₹ 2,436 करोड़ था। सिडबी के माध्यम से उपलब्ध सहायता से संचयी रूप से लगभग 332 लाख वंचित व्यक्तियों को लाभ पहुँचा है, जिनमें अधिकतर महिलाएँ हैं।

Trade Finance (Raw Materials) scheme, which facilitates purchase of raw materials by SMEs from large suppliers was formally launched during the year under review. RBI has since released final guidelines for setting up and operating the Trade Receivable Discounting System (TReDS), an institutional mechanism for facilitating the financing of trade receivables of MSMEs through multiple financiers. SIDBI, along with NSE Strategic Investment Corporation Limited, a subsidiary of NSE, have jointly filed an application with RBI for setting up and operating of TReDS platform.

Service Sector Financing: In view of the growing role of service sector in contribution to national income, employment and entrepreneurial opportunities, SIDBI in the last couple of years has been focussing on service sector as one of its niche areas in business. In 2013-14, certain existing products were modified and a few new products were introduced suited to the needs of the sector. With the intention of reaching out to new business models like franchising, a study was completed on "Credit Gaps, potential and financing of Franchisees in India" through leading consultants. In 2014-15, SIDBI negotiated new lines of credit for service sector with international funding agencies like World Bank and Japanese International Co-operation Agency.

Micro Finance: Micro finance, which promotes inclusive growth, has been a thrust area of your Bank. The cumulative assistance including loans, equity and quasi-equity, sanctioned under SIDBI's micro finance initiatives upto March 31, 2015 aggregated ₹ 10,719 crore, while cumulative disbursements aggregated ₹ 9,366 crore. The outstanding micro credit portfolio of the Bank stood at ₹ 2,436 crore, as on March 31, 2015. The assistance through SIDBI has cumulatively benefited around 332 lakh disadvantaged persons, most of them being women.

गैर-वित्तीय अन्तरालों की पूर्ति

एमएसएमई क्षेत्र और बैंकरों के क्षमता विकास के उद्देश्य से विभिन्न गैर-वित्तीय अन्तरालों की पूर्ति हेतु आपके बैंक ने रणनीतिक पहलकदमियाँ की हैं।

सूचना का प्रचार-प्रसार: एमएसएमई को प्रासंगिक सूचना की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए सूचना के अन्तराल की पूर्ति के उद्देश्य से आपके बैंक ने www.smallB.in नामक वेबसाइट स्थापित की, ताकि व्यवसाय स्थापित करने, वित्त तक पहुँचने और सरकार की योजनाओं आदि के अन्तर्गत उपलब्ध लाभ प्राप्त करने के सम्बन्ध में नए उद्यमियों का मार्गदर्शन करके उन्हें दिशा दिखाई जा सके। इस वेबसाइट को ''प्रौद्योगिकी विकास'' श्रेणी के अन्तर्गत अन्तरराष्ट्रीय एडीएफआईएपी पुरस्कार 2014 प्रदान किया गया है।

एमएसएमई सलाह केन्द्र: वाणिज्य बैंकों की योजनाओं, सरकारी सब्सिडी/लाभों की उपलब्धता के बारे में नए/मौजूदा उद्यमियों को मार्गदर्शन देने, उधारकर्ताओं को ऋण सम्बन्धी परामर्श देने, बैंकों द्वारा की गई पूछताछ के उत्तर देने के उद्देश्य से सिडबी ने एमएसएमई सलाह केन्द्रों की स्थापना की है। ये एमएसएमई सलाह केन्द्र उद्योग संघों की साझेदारी में पूरे देश के एमएसएमई समूहों की सेवा कर रहे हैं। एमएसएमई सलाह केन्द्रों में काम करने के लिए सिडबी ने नॉलेज पार्टनर नियुक्त किए हैं, जो एमएसएमई क्षेत्र का व्यापक अनुभव रखनेवाले सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी हैं। इस उद्देश्य के लिए नॉलेज पार्टनरों को समुचित प्रशिक्षण भी दिया गया है। अब तक 10,000 से अधिक एमएसएमई इन केन्द्रों से लाभान्वित हो चुके हैं। अभी और अधिक केन्द्रों पर नॉलेज पार्टनर नामित करके कवर किए गए उद्योग-समूहों की संख्या बढ़ाई जा रही है।

सामान्य क्रेडिट रेटिंग प्रणाली: वर्तमान में एमएसएमई की रेटिंग के लिए हर रेटिंग एजेंसी का अपना-अपना मॉडल और दृष्टिकोण है। इसलिए एक सामान्य रेटिंग मॉडल (सीआरएम) की आवश्यकता अनुभव की जा रही है, ताकि फॉर्मों के मानकीकरण, इकाइयों की ग्रेडिंग, हित-धारकों में सूचना के आदान-प्रदान, देश भर के लिए अनुकूल डाटाबेस के निर्माण, और इस प्रकार सम्यक् सावधानी/एमएसएमई को ऋण-प्रदायगी

Addressing Non-financial Gaps

Your Bank has also taken strategic initiatives for addressing various non-financial gaps for capacity building of the MSME sector, as well as for bankers.

Information Dissemination: With a view to address the information gap by ensuring availability of relevant information to MSMEs, your Bank set up a website www.smallB.in to handhold and guide new entrepreneurs on how to set up a business, access to finance, avail benefits under government schemes, etc. The website has been bestowed with International ADFIAP Awards 2014 under 'Technology Development' category.

MSME Advisory Centres: SIDBI has set up MSME Advisory Centres (MACs) for guiding new/existing entrepreneurs regarding availability of schemes of commercial banks, government subsidies/benefits, provide borrowers with debt counselling, answering queries raised by banks etc. The MACs have been servicing MSME clusters across the country in partnership with Industry Associations. For manning the MACs, SIDBI has appointed Knowledge Partners (KPs) who are retired bank officials, with vast experience of MSME sector. The KPs have also been suitably trained for the purpose. So far more than 10,000 MSMEs have benefited through MACs. The number of clusters covered is being increased by nomination of KPs in more centers.

Common Credit Delivery Mechanism: Presently, each rating agency has its own model and approaches for rating of MSMEs. A need is therefore felt for a Common Rating Model (CRM) to facilitate standardisation of forms, grading of units, sharing of knowledge among stake holders, creating a compatible database across the country, thus expediting the diligence process/credit delivery to MSMEs. At

की प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। सिडबी के अनुरोध पर, वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार ने पूरी वित्तीय प्रणाली की एमएसएमई के उपयोगार्थ सीआरएम विकसित करने के लिए एक कार्य-दल गठित किया है। इस कार्य-दल में सिडबी के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक/उप प्रबन्ध निदेशक, संयुक्त सचिव (औवि), विसेवि, संयुक्त सचिव (एमएसएमई), एमएसएमई मंत्रालय, मुख्य महाप्रबन्धक, भारतीय रिज़र्व बैंक, सीईओ-केयर, सीएमडी/सीईओ एनएसआईसी, सीईओ आईबीए तथा उद्योग संघ का एक प्रतिनिधि शामिल है।

निर्धनतम राज्य समावेशी संवृद्धि कार्यक्रम (पीएसआईजी): बैंक डिपार्टमेंट फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (डीएफआईडी) के यूकेएड से सहायता-प्राप्त निर्धनतम राज्य समावेशी संवृद्धि कार्यक्रम (पीएसआईजी) को अप्रैल 2012 से कार्यान्वित कर रहा है। इस सात-वर्षीय (2012-2019) कार्यक्रम का उद्देश्य निम्न आय वाले चार राज्यों (बिहार, ओड़िशा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश) के गरीबों के लिए कई प्रकार की वित्तीय सेवाओं (बचत, ऋण, सूक्ष्म बीमा, सूक्ष्म पेंशन आदि) तक पहुँच का विस्तार करना है। इस कार्यक्रम के तीन लाभ हैं- ऐसे नीतिगत एवं संस्थागत वातावरण को सुगम बनाना, जिससे गरीब लोगों के निमित्त वित्तीय सेवाओं के प्रावधान को बढ़ावा मिलता हो; ऐसी संस्थाओं का प्रवर्तन जो विविध वित्तीय सेवाएं देती हों; महिलाओं की क्षमता में वृद्धि करना, ताकि वे वित्तीय एवं लिंग-भेद सम्बन्धी मुद्दों से निपट सकें। कार्यक्रम का बजट लगभग 27 मिलियन ग्रेट ब्रिटेन पाउण्ड है। आशा है कि इससे प्राप्त हुए निजी क्षेत्र के वित्तीय एवं तकनीकी संसाधनों से 12 मिलियन लाभग्राहियों को प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

उद्यमिता विकास: एमएसएमई क्षेत्र के संवर्द्धन और विकास सम्बन्धी अपने प्रयासों के अन्तर्गत सिडबी उद्यम-निर्माण और मौजूदा उद्यमों के सुदृढ़ीकरण का द्वि-आयामी दृष्टिकोण अपनाता है। बैंक ने अपनी संवर्द्धनपरक गतिविधियों को उद्यमिता विकास, ग्रामीण उद्योगीकरण, कौशल उन्नयन, उद्योग-समूह विकास की दिशा में पुन: उन्मुख किया है। इससे नए उद्यमों की स्थापना, समाज के निम्नतर स्तर पर रोजगार-सृजन तथा आय के अवसरों में वृद्धि के ज़रिए एमएसएमई क्षेत्र लाभान्वित हुआ है।

the instance of SIDBI, Department of Financial Services, Government of India has constituted a Task Force for development of CRM for MSMEs across the financial system. The Task Force comprises CMD/DMD SIDBI, Joint Secretary (IF) DFS, Joint Secretary (MSME) Ministry of MSME, CGM RBI, CEO CARE, CMD/CEO NSIC, CEO IBA and an industry association representative.

Poorest State Inclusive Growth (PSIG): The Bank has been implementing the Poorest States Inclusive Growth Programme (PSIG) supported by the UKAid from the Department for International Development (DFID), since April 2012. The seven year programme (2012-2019) aims at expanding access to a range of financial services (savings, credit, micro insurance, micro pension etc.) for poor in the 4 low income states (Bihar, Odisha, Madhya Pradesh and Uttar Pradesh). The programme has three outputs viz. Policy and institutional environment that encourages provision of financial services to poor people in a responsible manner facilitated; Institutions providing diverse financial services promoted; and Women's capacities to tackle financial and gender issues enhanced. The Programme has a budget of about GBP 27 million. PSIG is expected to leverage private sector financial and technical resources to reach up to 12 million direct and indirect beneficiaries.

Entrepreneurship Development: In its endeavour towards promotion and development of the MSME sector, SIDBI adopts a twin approach of creation of enterprises and strengthening of existing enterprises. The Bank has also reoriented its promotional activities towards entrepreneurship development, rural industrialisation, skill upgradation, cluster development, which have benefitted the MSME sector by way of setting up of new enterprises, generation of employment and income in rural areas for lower strata of the society.

संसाधन प्रबन्ध

आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान कुल ₹ 22,664 करोड़ के संसाधन जुटाए (घरेलू स्रोतों से ₹ 21,149 करोड़ और विदेशी स्रोतों से ₹ 1,515 करोड़), जबकि वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान ₹ 32,281 करोड़ के संसाधन जुटाए थे।

वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान क्रेडिट एनैलिसिस एंड रिसर्च लि. (केयर) ने सिडबी के बकाया ऋण निर्गमों, ₹ 3,000 करोड़ के सावधि जमा कार्यक्रम के संबंध में ''केयरएएए'' (ट्रिपल ए); तथा ₹ 7,000 करोड़ के सीपी/सीडी कार्यक्रम के लिए ''केयर ए1+'' (ए वन प्लस) रेटिंग कायम रखी। इसी प्रकार क्रिसिल ने भी बकाया बॉण्डों के सम्बन्ध में ''क्रिसिल एएए/स्थिर'' रेटिंग तथा सावधि जमा कार्यक्रम के लिए ''एफएएए/स्थिर'' रेटिंग कायम रखी। वर्ष के दौरान सिडबी ने क्रिसिल/केयर द्वारा प्रदत्त उक्त रेटिंगों का इस्तेमाल करते हुए बॉण्डों के जरिए ₹ 3,907 करोड़ का संग्रहण किया। उपर्युक्त रेटिंग वाली लिखतों को सर्वोत्तम गुणवत्ता युक्त और नगण्य निवेश-जोखिम वाला माना जाता है।

मानव संसाधन

यथा 31 मार्च 2015 आपके बैंक में 1,055 सक्रिय पूर्ण-कालिक स्टाफ कार्यरत थे, जिनमें से 892 अधिकारी, 99 श्रेणी III स्टाफ तथा 64 अधीनस्थ कर्मचारी हैं। महिला कर्मचारियों की संख्या 232 थी। जन-शक्ति की गुणवत्ता में उन्नयन और व्यवसाय के परिवर्तनशील वातावरण में प्रासंगिक बने रहने की दृष्टि से कर्मचारियों का प्रशिक्षण हमेशा से ही महत्त्वपूर्ण रहा है। समीक्षाधीन वर्ष में आपके बैंक ने आन्तरिक रूप से अथवा सुप्रसिद्ध प्रशिक्षण/अकादमिक संस्थाओं द्वारा आयोजित विभिन्न घरेलू, आन्तरिक एवं अन्तरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए 1,344 नामांकन किए।

सहायक एवं सहयोगी संस्थाएँ

आपका बैंक एमएसएमई क्षेत्र की उभरती हुई आवश्यकताओं की पूर्ति के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की संस्थागत प्रणालियाँ विकसित करने के लिए लगातार कार्यरत है और इसने विभिन्न सहायक/

Resources Management

Your Bank raised resources aggregating ₹ 22,664 crore (₹ 21,149 crore from domestic and ₹ 1,515 crore from foreign sources) during FY 2014-15 as against ₹ 32,281 crore during FY 2013-14.

During FY 2014-15, Credit Analysis and Research Ltd. (CARE) retained 'CARE AAA' (Triple A) rating in respect of outstanding debt issues of SIDBI, the Fixed Deposit Programme of ₹ 3,000 crore and 'CARE A1+' (A One Plus) rating for the CP/CD Programme of ₹ 7,000 crore. Similarly, CRISIL also retained 'CRISIL AAA/Stable' rating in respect of outstanding bonds and 'FAAA/stable' rating for the Fixed Deposit Programme. During the year, SIDBI had raised ₹ 3,907 crore by way of bonds using the above ratings assigned by CRISIL/CARE. Instruments carrying the above ratings are considered to be of the best quality, carrying negligible investment risk.

Human Resources

As on March 31, 2015, your Bank had on its rolls 1,055 active full time staff comprising 892 officers, 99 class III staff and 64 subordinate staff. The strength of women employees was 232. Training of employees has always been pivotal for upgrading the quality of manpower and to cope with the changing business environment. During the year under review, your Bank made 1,344 nominations for various inland, in-house and international training programmes, organized in-house or by renowned training/academic institutions.

Associates and Subsidiaries

Your Bank has been constantly working on building various institutional mechanisms to cater to the emerging needs of the MSME sector and has set up various subsidiaries/associates.

सहयोगी संस्थाओं की स्थापना की है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक की सहायक एवं सहयोगी संस्थाओं के परिचालन संतोषजनक रहे हैं।

उद्यम पूँजी सहायता:

सिडबी वेंचर कैपिटल लिमिटेड (एसवीसीएल) की स्थापना उद्यम पूँजी निधियों (वीसीएफ)/वैकल्पिक निवेश निधियों (एआईएफ) का प्रबन्धन करने के उद्देश्य से 1999 में निवेश प्रबन्धन कंपनी के रूप में की गई। विगत वर्षों के दौरान एसवीसीएल भारत की ऐसी अग्रणी संस्थागत निवेश प्रबंधन कंपनी बनकर उभरी है, जो भारत के लघु एवं मध्यम क्षेत्र की कंपनियों पर ध्यान केन्द्रित करती है।

अपनी स्थापना के समय से ही एसवीसीएल विविध क्षेत्रों की प्रमुखतया ऐसी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम आकार की कंपनियों की संवृद्धि पूँजी का स्रोत बनी रही है जो उच्च गुणवत्ता-युक्त और विकासोन्मुख हैं।

वर्तमान में एसवीसीएल नैशनल वेंचर फण्ड फॉर सॉफ्टवेयर एंड इन्फर्मेशन टेक्नोलॉजी इण्डस्ट्री (एनएफएसआईटी), एसएमई ग्रोथ फण्ड (एसजीएफ) [सिडबी एसएमई उद्यम निधि की पहली यूनिट योजना], इंडिया ऑपर्चुनिटीज फंड (आईओएफ) [सिडबी एसएमई उद्यम निधि की दूसरी यूनिट योजना], समृद्धि निधि (एसएफ) [सिडबी सामाजिक उद्यम ट्रस्ट की इकाई योजना] तथा टेक्स फण्ड (टीएफ) [लघु विकास ट्रस्ट की यूनिट योजना] के निवेश प्रबंधक के रूप में काम कर रही है।

अभी तक एसवीसीएल ने विविध क्षेत्रों जैसे आईटी/आईटीईएस, सेवा, खुदरा, औषधि, ऑटो घटक, जैव-ईंधन, वस्त्र और परिधान, लॉजिस्टिक्स आदि की प्रारम्भिक एवं संवृद्धि चरण वाली 80 कम्पनियों तथा स्वास्थ्य – सेवा, वित्तीय सेवा, जल, दुग्धोत्पाद, कृषि एवं सहवर्ती सेवा आदि क्षेत्रों के टिकाऊ सामाजिक उद्यमों में निवेश किया है। इसने पहले 2 उद्यम पूँजी निधियों यानी एनएफएसआईटी और एसजीएफ की 56 में से 43 कंपनियों में से पूरी तरह या अंशत: विनिवेश कर लिया है।

The operations of your Bank's subsidiaries and associates have been satisfactory during the year under review.

Venture Capital Support:

SIDBI Venture Capital Limited (SVCL) was established in 1999 as an Investment Management Company for managing Venture Capital Funds (VCFs)/Alternative Investment Funds (AIFs). Over the years, SVCL has evolved into one of the leading institutional investment management companies in India having focus on the small and medium sector companies in India.

Since inception, SVCL has continued to be a source of growth capital to high-quality, growth-oriented, primarily micro, small and medium sized companies (MSMEs) across diversified sectors.

SVCL, at present, is acting as the Investment Manager for National Venture Fund for Software and Information Technology Industry (NFSIT), SME Growth Fund (SGF) [first unit scheme of SIDBI SME Venture Fund], India Opportunities Fund (IOF) [second unit scheme of SIDBI SME Venture Fund], Samridhi Fund (SF) [unit scheme of SIDBI Social Venture Trust] and TEX Fund (TF) [a unit scheme of Laghu Vikas Trust].

SVCL has so far invested in 80 early and growth stage companies from diversified sectors such as IT/ITES, services, retail, pharma, auto components, biofuels, textile & garments, logistics etc and sustainable social enterprises in sectors such as healthcare, financial services, water, dairy, agri and allied services etc. It has fully or partially divested its investments in 43 of 56 companies of its first 2 VCFs viz., NFSIT and SGF.

ऋण गारंटी:

सिडबी ने वर्ष 2000 में भारत सरकार के साथ मिलकर सूक्ष्म एवं लघु उद्यम ऋण गारंटी निधि ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) की स्थापना की, ताकि बैंकों/वित्तीय संस्थाओं द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को प्रदान किए गए ₹ 100 लाख तक के संपार्श्विक रहित/तृतीय पक्ष गारंटी-रहित ऋणों के लिए ऋण गारंटी सुरक्षा दी जा सके। ऋण गारंटी योजना (सीजीएस) के अन्तर्गत संचयी रूप से यथा 31 मार्च 2015, ₹ 90,446 करोड़ की राशि के लिए 18.17 लाख गारंटियाँ अनुमोदित की जा चुकी हैं (जिनमें से 97% गारंटियाँ ₹ 25 लाख से कम ऋणों के लिए हैं)।

एमएसएमई रेटिंग:

सिडबी ने सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ बैंकों तथा डन एंड ब्रैडस्ट्रीट (डीएंडबी) के साथ मिलकर अगस्त 2005 में स्मेरा रेटिंग लिमिटेड की स्थापना की। यह व्यापक, पारदर्शी और विश्वसनीय रेटिंग तथा जोखिम प्रोफाइलिंग करनेवाली एमएसएमई - समर्पित निष्पक्ष रेटिंग एजेंसी है। संचयी रूप से यथा 31 मार्च 2015 स्मेरा ने 34,385 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को रेटिंग दी है, जिनमें से 99% एमएसई हैं।

आस्ति पुनर्निर्माण:

सिडबी ने इंडिया एसएमई ऐसेट रीकंस्ट्रक्शन कंपनी लि. (आईसार्क) की भी स्थापना की है, जो देश के पहले एमएसएमई-केन्द्रित आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी है, जो उत्पादक उद्देश्यों के लिए निष्क्रिय गैर-निष्पादक आस्तियों के ताले खोलकर गैर-निष्पादक आस्तियों का त्वरित समाधान देने का प्रयत्न करती है। इससे एमएसएमई को बैंकिंग क्षेत्र से अपेक्षाकृत अधिक और आसान ऋण-प्रवाह सुलभ हो पाएगा। इसने अप्रैल 2009 में परिचालन आरम्भ किया। यथा 31 मार्च 2015 आईसार्क के प्रबन्धन में लगभग ₹ 378 करोड़ की आस्तियाँ थीं।

माइक्रो यूनिट्स डेवलेपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी (मुद्रा)

वित्तीय वर्ष 2015-16 के केन्द्रीय बजट में भारत सरकार ने माइक्रो यूनिट्स डेवलेपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी (मुद्रा) की

Credit Guarantee:

SIDBI, along with Govt. of India, set up Credit Guarantee Fund Trust for Micro and Small Enterprises (CGTMSE) in year 2000 to provide credit guarantee coverage to collateral free/third-party guarantee free loans up to ₹ 100 lakh extended by banks/FIs to micro and small enterprises. Under Credit Gurantee Scheme (CGS), cumulatively, as on March 31, 2015, 18.17 lakh guarantees (97% for loans below ₹ 25 lakh) for an amount of ₹ 90,446 crore have been approved.

MSME Ratings:

SIDBI, along with few public sector banks and Dun & Bradstreet (D&B), set up SMERA Ratings Limited in August 2005 – an MSME dedicated third party rating agency to provide comprehensive, transparent and reliable ratings and risk profiling. Cumulatively as on March 31, 2015, SMERA has assigned ratings to more than 34,385 MSME units, out of which MSEs constituted 99%.

Asset Reconstruction:

SIDBI has also set up India SME Asset Reconstruction Company Ltd. (ISARC), country's first MSME focused ARC striving for speedier resolution of non-performing assets (NPA) by unlocking the idle NPAs for productive purposes which would facilitate greater and easier flow of credit from the banking sector to the MSMEs. It started operations in April 2009. As on March 31, 2015, ISARC has assets under management of around ₹ 378 crore.

Micro Units Development & Refinance Agency [MUDRA]

During Union Budget of FY 2015-16, Government of India has announced setting up of Micro Units Development & Refinance Agency [MUDRA] with the objective of

स्थापना की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य सूक्ष्म/लघु व्यवसाय इकाइयों को मुख्य धारा में लाना और उसके लिए इन ''अपना खाता उद्यमों'' को संस्थागत वित्त तक पहुँच प्रदान करना था। इससे न केवल इन उद्यमियों की गुणवत्ता सुधारने में मदद मिलेगी, बल्कि रोजगार-सृजन में भी इनका उल्लेखनीय योगदान रहेगा। इससे सकल घरेलू उत्पाद में भी वृद्धि होगी। यह एजेंसी उन सभी अल्प वित्त संस्थाओं के विनियमन और पुनर्वित्तीयन के लिए उत्तरदायी है जो विनिर्माण, व्यापार और सेवा गतिविधियों में संलग्न सूक्ष्म/लघु व्यवसाय इकाइयों को उधार देने का कारोबार करती हैं।

शुरुआत के तौर पर मुद्रा सिडबी की सहायक संस्था के रूप में काम करेगी। यह एजेंसी ₹ 20,000 करोड़ की समूह निधि और ₹ 3,000 करोड़ की ऋण गारंटी समूह-निधि से आरम्भ हुई है। यह प्रधान मंत्री मुद्रा योजना के माध्यम से अल्प वित्त संस्थाओं को पुनर्वित्त देगी।

पुरस्कार

वर्ष 2014-15 के दौरान बैंक को सार्वजनिक उद्यम संस्थान (इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेस), हैदराबाद ने बैंकिंग क्षेत्र श्रेणी के अन्तर्गत प्रथम सर्वश्रेष्ठ ''सतर्कता उत्कृष्टता पुरस्कार'' प्रदान किया। यह पुरस्कार सतर्कता प्रबन्धन, ई-पहल, प्रौद्योगिकी के उपयोग के लिए सिडबी के अच्छे काम-काज तथा उससे भी बढ़कर सतर्कता जागरूकता बढ़ाने की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए दिया गया। सिडबी ने देश के सार्वजनिक क्षेत्र के सर्वोपरि बैंकों को पीछे छोड़ते हुए यह पुरस्कार जीता।

आपके बैंक ने लगातार दो वर्षों यानी 2012-13 और 2013-14 के लिए प्रतिष्ठित इंदिरा गाँधी राजभाषा शील्ड योजना का द्वितीय पुरस्कार जीता। यह योजना गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा संचालित की जाती है। ये पुरस्कार 14 सितम्बर 2014 और 13 नवम्बर 2014 को भारत के महामहिम राष्ट्रपति के कर-कमलों से ग्रहण किए गए। भारतीय रिज़र्व बैंक राजभाषा

mainstreaming micro/small business units by way of providing access to institutional finance to these 'own account enterprises'. This will not only help in improving the quality of life of these entrepreneurs, but will also contribute significantly to the employment generation thereby achieving higher GDP growth. The agency is responsible for regulating and refinancing all Micro Finance Institutions (MFIs), which are in the business of lending to micro/small business entities engaged in manufacturing, trading and services activities.

To begin with, MUDRA will function as a subsidiary of SIDBI. The agency has started with a corpus of ₹ 20,000 crore and credit guarantee corpus of ₹ 3,000 crore and will refinance Micro Finance Institutions (MFIs) through a Pradhan Mantri Mudra Yojana.

Awards

During the year 2014-15, the Bank received the first best "Vigilance Excellence Award" in the Banking Sector category instituted by Institute of Public Enterprises, Hyderabad. The award came as a recognition of the good work done by SIDBI in the field of Vigilance Administration, e-initiative, leveraging technology and above all, its efforts in spreading Vigilance Awareness. SIDBI emerged the winner out of a field comprising top public sector banks of the country.

Your Bank won coveted second prize for two consecutive years i.e. year 2012-13 and 2013-14 under Indira Gandhi Rajbhasha Shield Yojna, being conducted by the Ministry of Home Affairs, Rajbhasha Vibhag. The above prizes were received on September 14, 2014 and November 13, 2014 from the Honb'le President of India. The Bank also received consolation prizes for commendable Hindi implementation in region 'C' & region 'B' during the year 2012-

शील्ड प्रतियोगिता के अन्तर्गत वर्ष 2012-13 के दौरान ''ग'' क्षेत्र के लिए एवं वर्ष 2013-14 के दौरान क्षेत्र ''ख'' में हिन्दी कार्यान्वयन के लिए बैंक को प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त हुआ। उक्त पुरस्कार भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर द्वारा प्रदान किया गया।

विकास वित्तीय संस्थाओं की उत्कृष्ट उपलब्धियों के प्रदर्शन/विभिन्न पहलकदमियों के लिए हर वर्ष ऐसोसिएशन ऑफ डेवलपमेंट फाइनैन्शियल इन्स्टीट्यूशन्स इन एशिया एंड दि पैसिफिक (एडीएफआईएपी) द्वारा अन्तरराष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। हमें यह सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि सिडबी को वर्ष 2014 के लिए 3 एडीएफआईएपी पुरस्कारों को लिए चुना गया है, जो निम्नवत है:

(i) प्रौद्योगिकी विकास श्रेणी के अंतर्गत - ''स्मॉल.बी- युवा उद्यमिता का संवर्द्धन''

(ii) प्रौद्योगिकी विकास श्रेणी के अंतर्गत- ''मानव संसाधन स्वचालन परियोजना''

(iii) ''वित्तीय समावेशन'' श्रेणी के अंतर्गत- ''निर्धनतम राज्य समावेशी संवृद्धि (पीएसआईजी) कार्यक्रम''

भारतीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मण्डल (सीआईएमएसएमई) द्वारा आयोजित द्वितीय प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम ''एमएसएमई बैंकिंग एक्सिलेन्स पुरस्कार – 2014 के'' अन्तर्गत ''एमएसएमई की सेवा के लिए विशेष ज्यूरी पुरस्कार'' श्रेणी में भी आपके बैंक को पुरस्कृत किया गया।

साथ ही, मानव संसाधन विकास कांग्रेस तथा एबीपी न्यूज ने संयुक्त रूप से सिडबी को ''एसएमई को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष पुरस्कार'' प्रदान किया। यह पुरस्कार 14 फरवरी को मुम्बई में आयोजित बीएफएसआई अवाड्र्स 2015 में प्रदान किया गया।

'एसीसीईएसएस'' ने बैंक के पूर्व उप प्रबन्ध निदेशक श्री एन.के. मैनी को अल्प वित्त के क्षेत्र में जीवनपर्यन्त किए गए योगदान के लिए ''व्यक्तिगत योगदान'' श्रेणी के अंतर्गत पुरस्कृत किया। यह पुरस्कार समावेशी वित्त भारत सम्मेलन के पहले दिन 8 दिसम्बर 2014 को नई दिल्ली में आयोजित अल्प वित्त भारत पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान प्रदान किया गया।

13 and 2013-14 respectively under the Reserve Bank of India Rajbhasha Shield Pratiyogita. The prizes were awarded by the Governor of RBI.

International awards are given out each year by the Association of Development Financial Institutions in Asia and the Pacific (ADFIAP), showcasing Development Financial Institutions' outstanding achievements/initiatives in various areas. We have the pleasure of informing that SIDBI has been chosen for 3 ADFIAP Awards for 2014:

(i) "smallB.in – Promoting Youth Entrepreneurship" under Technology Development category.

(ii) "HR Automation Project" under Technology Development Category.

(iii) "Poorest States Inclusive Growth (PSIG) Programme" under 'Financial Inclusion' category.

Your Bank was also conferred in the 2nd Annual Flagship event "MSME Banking Excellence Awards – 2014" organized by Chamber of Indian Micro, Small & Medium Enterprises (CIMSME) in the category - "Special Jury Award for Serving MSMEs".

Also, World HRD Congress and ABP News jointly conferred SIDBI with "SPECIAL AWARD FOR ENCOURAGING SME" at The BFSI Awards 2015 on February 14, 2015 at Mumbai.

ACCESS bestowed upon Mr. N. K. Maini, ex- Deputy Managing Director of the Bank, the Award for the Lifetime Contribution to the Micro finance Sector under "Individual Contribution" category in the Micro finance India Awards Presentation Ceremony held on the 1st day of the Inclusive Finance India

आभार

आपके बैंक का निदेशक-मंडल भारत सरकार तथा भारतीय रिज़र्व बैंक से प्राप्त मूल्यवान सहयोग के लिए आभार ज्ञापित करता है। निदेशक मंडल विश्व बैंक समूह, जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी (जाइका), जापान; डिपार्टमेंट फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (डीएफआईडी), यू.के.; क्रेडिटांस्टाल्ट फर वीडरफबउ (केएफडब्ल्यू), जर्मनी; दि ड्युश जेलेशैफ फर इंटरनैशनैल ज़ुसमेनार्बीट (जीआईज़ेड), जर्मनी; इंटरनैशनल फंड फॉर ऐग्रीकल्चरण डेवलपमेंट (आईएफएडी), रोम; एजेंसी फ्रैंचाइज डि डेवलपमेंट (एएफडी), फ्रान्स तथा एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) को उनसे लगातार मिलने वाली संसाधन सहायता एवं तकनीकी सहयोग के लिए धन्यवाद देता है। बैंकों, राज्य-स्तरीय संस्थाओं, उद्योग संघों तथा एमएसएमई क्षेत्र के संवर्द्धन और विकास में संलग्न अन्य हितधारकों से प्राप्त सहयोग के लिए निदेशक-मंडल उनको साधुवाद देता है।

बैंक अपने सभी ग्राहकों तथा निवेशकों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देता है और आशा करता है कि आनेवाले वर्षों में भी उनका सहयोग इसी प्रकार मिलता रहेगा। निदेशक-मंडल अपनी गहरी प्रतिबद्धता, ईमानदारी और समर्पण के साथ बैंक को विकास के उच्चतर पथ पर आगे ले जानेवाले सिडबी के सभी स्तरों पर कार्यरत स्टाफ की सेवाओं के लिए उनकी सराहना करता है।

(डॉ. क्षत्रपति शिवाजी, आईएएस)
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

Summit 2014 on December 8th at New Delhi.

Acknowledgements

The Board of Directors of your Bank acknowledges the valuable support received from the Government of India and the Reserve Bank of India. The Board is also thankful to the World Bank Group; Japan International Co-operation Agency (JICA), Japan; Department for International Development (DfID), U.K.; Kreditanstalt fur Wiederaufbau (KfW), Germany; The Deutsche Gesellschaft für Internationale Zusammenarbeit (GIZ), Germany; International Fund for Agricultural Development (IFAD), Rome; Agence Française de Développement (AFD), France and Asian Development Bank (ADB) for their continued resource support and technical co-operation. The Board places on record its appreciation for the co-operation extended to SIDBI by banks, state level institutions, industry associations and other stakeholders engaged in the promotion and development of the MSME sector.

The Bank also thanks all its clients and investors for their co-operation and looks forward to their continued support in the years to come. The Board places on record its appreciation for the services of SIDBI staff, at all levels, who showed strong commitment, integrity and dedication to take the Bank on to a higher growth path.

(Dr. Kshatrapati Shivaji, IAS)
Chairman & Managing Director

SIDBI

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक

SMALL INDUSTRIES DEVELOPMENT BANK OF INDIA

1

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उत्कृष्ट हिंदी कार्यान्वयन हेतु सिडबी को राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता में प्रोत्साहन पुरस्कार
SIDBI was awarded consolation prizes for commendable Hindi implementation under Reserve Bank of India Rajbhasha Shield Pratiyogita

अर्थव्यवस्था एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम कार्यनिष्पादन एवं दृष्टिकोण

Economy and Micro, Small and Medium Enterprises – Performance and Outlook

वर्ष 2014-15 में वैश्विक वृद्धि धीमी रही और 2013-14 के 2.5 प्रतिशत से आंशिक रूप से बढ़कर केवल 2.6 पर ही पहुँच सकी। वैश्विक अर्थव्यवस्था अब भी गति पकड़ने के लिए संघर्ष कर रही है, क्योंकि उच्च आय वाले बहुत से देश विरासत में मिले वैश्विक आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। तेल की कीमतें कम होने और ऊँची आय वाले देशों की स्थिति में क्रमिक सुधार के फलस्वरूप विकासशील अर्थ-व्यवस्थाओं की विकास-दर में वृद्धि होने और उसके 2013-14 के 4.4% से 2014-15 व 2015-16 में क्रमश: 4.8% तथा 5.3% तक जाने की संभावना है। जहाँ तक भारत का प्रश्न है, वित्तीय वर्ष 2015-16 में सकल घरेलू उत्पाद में 7.8% की वृद्धि की संभावना है, जबकि वित्तीय वर्ष 2014-15 में यह 7.4% रही थी। विकास की इस गति को निवेश-चालित संवृद्धि, कच्चे तेल के मूल्यों में कमी, मुद्रा-स्फीति में गिरावट, रुकी हुई परियोजनाओं में प्रगति तथा त्वरित नीतिगत सुधारों से परिचालित राजकोषीय नीति से सहायता मिलेगी।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र

एमएसएमई क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार रहा है, क्योंकि भारत की जनसंख्या को रोजगार देने के मामले में कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा हिस्सा इसी का है। एमएसएमई ने ग्रामीण एवं पिछड़े इलाकों के उद्योगीकरण में मदद करके क्षेत्रीय असंतुलन को घटाया है। अनुषंगी इकाइयों के रूप में एमएसएमई बड़े उद्योगों के पूरक होते हैं और यह क्षेत्र देश के समाजार्थिक विकास में उल्लेखनीय योगदान करता है।

भारतीय अर्थ-व्यवस्था की संवृद्धि में एमएसएमई क्षेत्र का बहुत बड़ा योगदान है। उनका 46 मिलियन इकाइयों से अधिक का व्यापक नेटवर्क है, जो 106 मिलियन से अधिक रोजगार जुटाता है, 6000 से अधिक उत्पादों का विनिर्माण करता है तथा विनिर्माण उत्पादन में लगभग 45% और निर्यात में लगभग 40% का योगदान करता है। देश के त्वरित एवं समावेशी संवृद्धि के एजेंडा की ओर अग्रसर होने के कारण अब इस क्षेत्र का महत्त्व और भी बढ़ गया है। एमएसएमई ने अपेक्षाकृत अधिक संवृद्धि दर भी दर्शायी है। साथ ही, यह एमएसएमई क्षेत्र ही है जो सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण के वर्तमान 16% हिस्से को बढ़ाकर 2022 तक 25% किए जाने की प्रस्तावित राष्ट्रीय विनिर्माण नीति (एनएमपी) के लक्ष्य को मूर्त रूप देने में मदद कर सकता है।

Global growth in 2014-15 was moderate and picked up only marginally to 2.6 percent, from 2.5 percent in 2013-14. The global economy is still struggling to gain momentum as many high-income countries continue to grapple with the legacies of the global financial crisis. With low oil prices and gradual recovery in high-income countries, developing economies are expected to witness an increase in growth from 4.4% in 2013-14 to 4.8% and 5.3% in 2014-15 and 2015-16, respectively. In case of India, the growth in GDP is expected to be 7.8% in FY 2015-16 as against 7.4% estimated for FY 2014-15. This growth momentum will be supported by a prudent fiscal policy gearing to an investment-led growth, low crude prices, low inflation, progress on stalled projects and accelerated policy reforms.

Micro, Small and Medium Enterprises Sector

The MSME sector has been the mainstay of the Indian economy by providing the second largest share of employment to Indian population after agriculture. MSMEs have reduced regional imbalances by helping the industrialization of rural and backward areas. MSMEs are complementary to large industries as ancillary units and this sector contributes enormously to the socio-economic development of the country.

The MSME sector contributes greatly to growth of Indian economy with a vast network of over 46 million units, creating employment of over 106 million, manufacturing more than 6000 products, contributing about 45% to manufacturing output and about 40% of exports. This sector even assumes greater importance now as the country moves towards a faster and inclusive growth agenda. MSMEs have also shown higher growth rate. Moreover, it is the MSME sector which can help realize the target of proposed National Manufacturing Policy (NMP) of raising the share of manufacturing sector in GDP from 16% at present to 25% by 2022.

तालिका 1.1: सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों का कार्य-निष्पादन
Table 1.1: Performance of MSMEs

(₹)

वर्ष Year	कुल कार्यरत उद्यम (लाख) Total Working Enterprise (In Lakh)	रोजगार (लाख) Employment (In Lakh)	अचल आस्तियों का बाजार मूल्य (करोड़) Market Value of Fixed Assets (In Crore)
2006-07	361.76†	805.23†	8,68,543.79@
2007-08#	377.37	842.23	9,20,459.84
2008-09#	393.70	881.14	9,77,114.72
2009-10#	410.82	922.19	10,38,546.08
2010-11#	428.77	965.69	11,05,934.09
2011-12#	447.73	1,012.59	11,83,332.00
2012-13#	467.56	1,061.52	12,69,338.02

† थोक/खुदरा व्यापार, विधि, शिक्षा एवं सामाजिक सेवाओं, होटल व रेस्तराँ, परिवहन एवं भण्डारण तथा वेयरहाउसिंग (कोल्ड स्टोरेज को छोड़कर) की गतिविधियों सहित, जिनके लिए आँकड़े, आर्थिक गणना 2005, केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, एसपीआई मंत्रालय से लिए गए।

@ प्रति उद्यम मूल्य के आधार पर अनुमानित, जो थोक/खुदरा व्यापार, विधि, शिक्षा एवं सामाजिक सेवाओं, होटल व रेस्तराँ, परिवहन एवं भण्डारण तथा वेयरहाउसिंग (कोल्ड स्टोरेज को छोड़कर) की गतिविधियों के लिए अपंजीकृत क्षेत्र के नमूना सर्वेक्षण से लिए गए और जिन्हें चौथी अखिल भारतीय एमएसएमई-गणना, अपंजीकृत क्षेत्र से बाहर रखा गया था।

अनुमानित

स्रोत: वित्तीय वर्ष 2013-14 की वार्षिक रिपोर्ट, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार।

† Including activities of wholesale/retail trade, legal, education & social services, hotel & restaurants, transports and storage & warehousing (except cold storage) for which data were extracted Economic Census 2005, Central Statistics Office, M/o SPI.

* Estimated on the basis of per enterprises value obtained from sample survey of unregistered sector for activities wholesale/retail trade, legal, education & social services, hotel & restaurants, transports and storage & warehousing(except cold storage) which were excluded from Fourth All India Census of MSME, unregistered sector

Projected

Source: Annual Report FY 2013-14, Ministry of MSME, Govt. of India

नीतिगत पहलकदमियाँ

टिकाऊ विकास के लिए भारत की संवृद्धि-कथा में एमएसएमई के बढ़ते हुए महत्त्व को देखते हुए, भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक ने एमएसएमई के लिए ऋण-प्रवाह में वृद्धि के उद्देश्य से कई कदम उठाए हैं। सरकार की जिन पहलकदमियों का सकारात्मक असर एमएसएमई क्षेत्र पर पड़ेगा, वे इस प्रकार हैं-

- **मेक इन इंडिया कार्यक्रम**

  इस कार्यक्रम में वे प्रमुख नई पहलकदमियाँ शामिल हैं, जिनका उद्देश्य निवेश में मदद करना, नवोन्मेष का पोषण करना, बौद्धिक सम्पदा की रक्षा करना और श्रेणी में सर्वोत्तम विनिर्माण अधोरचना का निर्माण करना है।

Policy Initiatives

With growing importance of MSMEs in India's growth story for sustainable development, Government of India (GoI) and Reserve Bank of India (RBI) had taken several steps to increase credit flow to MSMEs. The various new initiatives undertaken by the Government, which will impact the MSME sector positively, are:

- **The Make in India Programme**

  The programme includes major new initiatives designed to facilitate investment, foster innovation, protect intellectual property and build best-in-class manufacturing infrastructure.

सरकार ने ऐसे 25 क्षेत्रों की पहचान की है जो अपने-अपने क्षेत्रों में भारत को अग्रगण्य बनाने की क्षमता रखते हैं। इन उद्योगों में एमएसएमई की बहुलता है। इसका उद्देश्य विनिर्माण क्षेत्र की संवृद्धि को बढ़ावा देना और देश के सकल घरेलू उत्पाद में इसके हिस्से में वृद्धि करना है।

- **माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एंड रिफाइनैन्स एजेंसी**

  माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एंड रिफाइनैन्स एजेंसी (मुद्रा) का शुभारम्भ माननीय प्रधानमंत्री ने 08 अप्रैल 2015 को किया। इसका प्राथमिक उद्देश्य अनिधिकृत को उधार देना है, जिसके लिए अन्तिम छोर पर स्थित उन वित्तदाताओं का विकास व पुनर्वित्तीयन किया जाएगा, जो सूक्ष्म एवं लघु व्यवसाय इकाइयों को उधार देने का कारोबार करते हैं। शुरुआत में मुद्रा में दो प्रकार के उत्पाद की ज़रूरत होगी - ₹ 50,000 से ₹ 10 लाख तक की ऋण-आवश्यकता वाली सूक्ष्म इकाइयों के लिए पुनर्वित्त उत्पाद, तथा आगे उधार आदि देने के लिए अल्प वित्त संस्थाओं को सहायता।

- **शून्य अभाव, शून्य प्रभाव**

  अगले तीन से पाँच वर्ष तक एमएसएमई के श्रेणी-निर्धारण और उनको सहारा देने के उद्देश्य से सरकार ने 'शून्य अभाव, शून्य प्रभाव' मॉडल आरम्भ किया है, ताकि स्वच्छ प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए सर्वोत्कृष्ट गुणवत्ता वाले उत्पाद दिए जा सकें। यह प्रयास उच्च गुणवत्ता-युक्त विनिर्माण के सम्बन्ध में किए जा रहे सरकार के प्रयासों और मेक इन इंडिया अभियान के अनुरूप है। माननीय प्रधानमंत्री के भाषण में प्रयुक्त जुमले 'शून्य अभाव, शून्य प्रभाव' को लेकर इसका नामकरण किया गया है। इस 'जेड परिपक्वता मॉडल' पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, औद्योगिक नीति एवं संवर्द्धन विभाग तथा भारतीय गुणवत्ता परिषद् संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं।

The Government has identified 25 sectors, which have potential to make India a leader in their respective fields. These industries are dominated by MSMEs. The aim is to boost manufacturing sector's growth and increase its share in the country's GDP.

- **Micro Units Development & Refinance Agency**

  Micro Units Development & Refinance Agency [MUDRA] was launched on April 08, 2015 by Hon'ble Prime Minister with the prime objective of funding the unfunded by way of development and refinancing the last mile financiers, which are in the business of lending to micro and small business entities. To start with, MUDRA will have two categories of product, viz., refinance product for the micro units having loan requirement of ₹ 50,000 to ₹ 10 lakh and support to MFIs for onlending, etc.

- **Zero Defect, Zero Effect**

  The Government has launched a 'Zero Defect, Zero Effect' model to rate and handhold MSMEs for next three to five years to deliver top quality products using clean technology. The move is in line with the Government's effort for high quality local manufacturing and Make in India campaign. Deriving its name from Hon'ble Prime Minister's speech, 'Zero Defect, Zero Effect', the 'ZED maturity model' is being jointly worked out by the Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises; the Department of Industrial Policy and Promotion (DIPP) and Quality Council of India (QCI).

- **कारोबारी सहूलियत**

  'कारोबारी सहूलियत' के सूचकांक पर भारत की स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से सरकार ने एक प्रमुख कदम उठाते हुए ई बिज़ पोर्टल शुरू किया है। यह सरकार से कारोबार (जीटूबी) पोर्टल है, जिसमें ग्यारह सेवाएँ शामिल हैं। औद्योगिक नीति तथा संवर्द्धन विभाग का यह सिंगल-विंडो पोर्टल व्यवसाय एवं निवेश-सम्बन्धी सभी अनुमतियाँ 24x7 प्रदान करता है। भुगतान का गेटवे इसी में एकीकृत है।

- सूक्ष्म एवं लघु उद्यम समूह विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) नामक महत्त्वपूर्ण योजना को उद्योग अधोसंरचना विकास घटक को समाहित करते हुए दुबारा तैयार किया गया, ताकि अधोसंरचना विकास के लिए क्षमता निर्मित हो सके और सहायता दी जा सके। साथ ही, विनिर्माण प्रक्रिया को सरल व कारगर बनाने के लिए राष्ट्रीय विनिर्माण एवं प्रतिस्पर्धात्मकता कार्यक्रम (एनएमसीपी) भी आरंभ किया गया।

भारतीय रिज़र्व बैंक नीतिगत उपाय

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 04 मार्च 2015 को, तत्काल प्रभाव से रेपो दर में 25 आधार बिन्दुओं की कटौती करके उसे 7.75 प्रतिशत से 7.5 प्रतिशत कर दिया। किन्तु रिज़र्व बैंक ने नकदी आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में कोई बदलाव न करके, उसे 4 प्रतिशत ही रखा है। जनवरी 2015 के बाद से दूसरी बार दरों में 25 आधार बिन्दुओं का परिवर्तन किया गया है। भारतीय रिज़र्व बैंक के आन्तरिक कार्य-दल की संस्तुतियों के अनुसार, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के साथ-साथ, मध्यम उद्यमों को भी प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र उधार के दायरे में ले लिया गया है। किन्तु सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को बाहर न कर दिया जाए, यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सूक्ष्म उद्यमों के लिए 7.5% के उप-लक्ष्य की संस्तुति की गई है। इसे दो वर्षों में, चरणबद्ध रूप से हासिल किया जाना है- मार्च 2016 तक 7 प्रतिशत और मार्च 2017 तक 7.5 प्रतिशत।

- **Ease of Doing Business**

  Taking a major step towards achieving its aim of improving India's ranking on 'Ease of Doing Business' index, the Government has launched an eBiz portal, which is a Government-to-Business (G2B) portal with eleven government services. The single-window portal by the Department of Industrial Policy and Promotion (DIPP) provides all business- and investment-related clearances 24x7 with an integrated payment gateway.

- Micro and Small Enterprises Cluster Development Programme (MSE - CDP), an important scheme was re-framed subsuming Industry Infrastructure Development component to build capacity and provide support for Infrastructure Development. In addition, National Manufacturing & Competitiveness Programme (NMCP) was initiated to streamline the manufacturing process.

RBI Policy Measures

The Reserve Bank of India (RBI) on March 04, 2015 cut down repo rate by 25 basis points to 7.5 percent from 7.75 percent, with immediate effect. However, RBI has kept the Cash Reserve Ratio (CRR) unchanged at 4 percent. It is the second change in rates by 25 basis points since January 2015. As per the recommendation of the Internal Working Group of RBI, in addition to micro and small enterprises, medium enterprises are included within the ambit of priority sector lending. However, to ensure that the micro and small enterprises are not crowded out, a sub-target of 7.5% for micro enterprises has been recommended, which is to be achieved in a phased manner over a period of two years as 7 percent by March 2016 and 7.5 percent by March 2017.

रिज़र्व बैंक ने ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम (ट्रेड्स) की स्थापना और परिचालन संबंधी दिशा-निर्देशों की घोषणा की है। ट्रेड्स इलेक्ट्रॉनिक संस्थागत प्रणाली की स्थापना और परिचालन वाली योजना है। इसका उद्देश्य सरकारी विभागों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और निगमित एवं अन्य क्रेताओं से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को प्राप्य व्यापारिक राशियों के वित्तीयन में विविध वित्तदाताओं के माध्यम से मदद करना है।

अप्रैल 2016 से प्रभावी किए जानेवाले वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के ज़रिए अत्याधुनिक कर प्रणाली प्रचलन में आ जाएगी और वर्तमान वैट प्रणाली समाप्त हो जाएगी। इससे कंपनियों का विकास समान रूप से होगा। साथ ही, सरकार को कर-अपवंचन रोकने में भी मदद मिलेगी। आशा है कि जीएसटी हमारी अर्थव्यवस्था की कार्य-प्रणाली में युगान्तरकारी भूमिका निभाएगी। इससे एक सामूहिक भारतीय बाज़ार विकसित होगा और वस्तुओं व सेवाओं की कीमतों पर पड़नेवाले संक्रामक प्रभाव में कमी आएगी, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी।

नव-उद्यमों और उद्यमियों के संवर्द्धन के लिए एक स्वरोजगार एवं प्रतिभा उपयोग (सेतु) निधि घोषित की गई है। इसकी समूह निधि ₹ 1,000 करोड़ है। यह निधि प्रौद्योगिकीय-वित्तीय संपोषक और सुविधाकारक कार्यक्रम के रूप में काम करेगी।

The Reserve Bank of India (RBI) has announced the guidelines for setting up and operating the Trade Receivables Discounting System (TReDS). TReDs is a scheme for setting up and operating the electronic institutional mechanism to facilitate the financing of trade receivables of micro, small and medium enterprises (MSMEs) from corporate and other buyers, including government departments and public sector undertakings (PSUs) through multiple financiers.

The Goods and Services Tax (GST) being rolled out from April 2016, will put in place state-of-art tax system replacing the current VAT system allowing companies to grow evenly while helping the government to plug tax leakages. GST is expected to play a transformative role in the way our economy functions. It will add buoyancy to our economy by developing a common Indian market and reducing the cascading effect on the cost of goods and services.

For promotion of start-ups and entrepreneurs, a Self Employment and Talent Utilization (SETU) fund with a corpus of ₹ 1,000 crore is announced. This fund will act as a techno-financial incubation and facilitation program.

राष्ट्रीय बैंक प्रबन्ध संस्थान, पुणे के साथ एमएसएमई विशिष्ट केन्द्र की स्थापना हेतु समझौता ज्ञापन का निष्पादन
Signning of MOU with Nathional Institute of Bank Management (NIBM), Pune to set up a "MSME Centre of Excellence"

क्षेत्र के प्रौद्योगिकी-चालित नव-उद्यम तथा उभरते हुए उद्यमियों को सेतु निधि से सक्रिय सहायता मिलेगी, ताकि वे विश्व-स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें।

भारत सरकार ने अटल नवोन्मेष मिशन (एआईएम) आरंभ किया है। यह नवोन्मेष संवर्द्धन मंच होगा, जिससे शिक्षक, उद्यमी और अनुसंधानकर्ता जुड़े होंगे। राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय अनुभवों के आधार पर यह मंच भारत में नवोन्मेष, अनुसंधान व विकास तथा वैज्ञानिक शोध की संस्कृति को बढ़ावा देगा। यह मंच भारत के लिए विश्व-स्तरीय नवोन्मेषिता केन्द्रों के नेटवर्क का संवर्द्धन करेगा। इस उद्देश्य हेतु ₹ 150 करोड़ की राशि निर्धारित की गई है।

केंद्रीय बजट 2015-16

- देश में नव-उद्यमों का स्वस्थ पारितंत्र विकसित करने और उनके कारोबार के लिए नई प्रौद्योगिकी तक अधिकाधिक पहुँच का विस्तार करने के लिए उद्यमियों द्वारा अदा की जानेवाली रॉयल्टी घटाकर 25% से 10% की गई।

- सरकार ने अगले चार वर्षों में कॉर्पोरेट कर घटाकर 30% से 25% करने की भी घोषणा की।

Technology driven start-ups and budding entrepreneurs in the sector will now have active support from the SETU fund allowing them to compete globally.

The Government of India has launched the Atal Innovation Mission (AIM), which will be an Innovation Promotion Platform involving academics, entrepreneurs and researchers and draw upon national and international experiences to foster a culture of innovation, R & D and scientific research in India. The platform will also promote a network of world-class innovation hubs. A sum of ₹ 150 crore has been earmarked for this purpose.

Union Budget 2015-16

- In order to foster a healthy ecosystem of start-ups in the country and allow greater access to new technology for their business, the royalty tax paid by entrepreneurs slashed from 25% to 10%.

- The Government also announced reduction in the corporate tax from 30% to 25% over the next four years.

वर्ल्ड एसएमई ट्रेड सेन्टर का उद्घाटन
Launching of WORLD SME TRADE CENTRE

- घरेलू जूता-चप्पल उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, चमड़े के अपर वाले और ₹ 1,000 प्रति जोड़ा से अधिक खुदरा मूल्य वाले जूते-चप्पलों पर उत्पादन शुल्क घटाकर 6% किया जाना है।

एमएसएमई दृष्टिकोण

बैंक 'सबका साथ, सबका विकास' के माध्यम से समावेशी संवृद्धि को बढ़ावा देने के मामले में भारत सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। एमएसएमई क्षेत्र के लिए बैंक की कारोबारी रणनीति में 'मेक इन इंडिया' पर ज़ोर रहेगा। भारत सरकार के विवेकपूर्ण नीतिगत प्रयासों के फलस्वरूप भारतीय अर्थव्यवस्था और एमएसएमई की संभावनाएँ सकारात्मक बनी हुई हैं।

- To give a boost to domestic leather footwear industry, the excise duty on footwear with leather uppers and having retail price of more than ₹ 1,000 per pair is to be reduced to 6%.

MSME Outlook

The Bank is walking with the Govt. of India in promoting inclusive growth through 'SABKA SAATH, SABKA VIKAS'. The thrust of the business strategy of the Bank for MSME sector will be to 'Make in India'. With the prudent policy initiatives of Govt. of India, the prospects of the Indian economy and MSMEs remain positive.

SIDBI

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक

SMALL INDUSTRIES DEVELOPMENT BANK OF INDIA

2

मुद्रा के सुनहरे कल के लिए क्षेत्रीय परामर्शी बैठक
Regional Consultaion Meeting on way forward for MUDRA

व्यवसाय सम्बन्धी रणनीतिक पहलकदमियां और समग्र परिचालन

Strategic Business Initiatives and Oveall Operations

सिडबी के व्यवसाय के दायरे में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम आते हैं, जो उत्पादन, रोजगार तथा निर्यात की दृष्टि से भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करते हैं। सिडबी मौजूदा संस्थाओं के प्रयासों में संपूरक भूमिका निभाते हुए अपनी प्रत्यक्ष सहायता योजनाओं के जरिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के अंतिम उधारकर्ताओं को वित्तीय सहायता पहुँचाता है। बैंक द्वारा जिन कुछ विशिष्ट वित्तीय अंतरालों की पूर्ति की जा रही है, वे हैं – ईक्विटी/जोखिम पूँजी, प्राप्य वित्त, टिकाऊ वित्त (जिसमें ऊर्जा दक्षता/स्वच्छ उत्पादन प्रौद्योगिकी शामिल है), सेवा क्षेत्र वित्तपोषण, फैक्टरिंग तथा रिवर्स फैक्टरिंग आदि। पुनर्वित्त, बिल पुनर्भुनाई, ऋण-व्यवस्था तथा संसाधन सहायता जैसी पद्धतियाँ समय के साथ-साथ विकसित हुई हैं, जिनका उपयोग करते हुए सिडबी की सहायता वित्तीय प्रणाली की अन्य खुदरा संस्थाओं के नेटवर्क के माध्यम से प्रदान की जाती है। कुछ महत्वपूर्ण व्यावसायिक प्रयासों की उल्लेखनीय बातें संक्षेप में नीचे दी गई हैं:

I व्यावसायिक कार्यनीति

i. ईक्विटी / जोखिम पूंजी

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों के समक्ष एक प्रमुख समस्या है– बैंकों और संस्थाओं से निधियाँ जुटाने के लिए अपेक्षित पर्याप्त पूंजी/ईक्विटी का अभाव।

- सिडबी में जोखिम पूंजी/ईक्विटी सहायता सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को प्रत्यक्ष रूप से प्रदान की जाती है। इसके लिए विभिन्न मैजेनाइन संरचनाओं तथा निधियों के निधि परिचालन (अर्थात् उद्यम पूंजी निधियों के माध्यम से) का प्रयोग किया जाता है। जोखिम पूंजी सहायता आस्ति कवरेज/संपार्श्विक प्रतिभूति के बजाय इकाई के भावी नकद प्रवाह और संभावनाओं के आधार पर दी जाती है

- सिडबी ने जोखिम पूंजी परिचालन ₹ 2,000 करोड़ की समूह निधि वाली एमएसएमई जोखिम पूंजी निधि के अंतर्गत वर्ष 2009 में आरंभ किए। एमएसएमई जोखिम पूंजी निधि से अब तक ₹ 1,500 करोड़ आहरित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, 2013 में ₹ 2,000 करोड़

The business domain of SIDBI consists of micro, small and medium enterprises (MSMEs), which contribute significantly to the national economy in terms of production, employment and exports. SIDBI supplements the efforts of existing institutions through its direct assistance schemes to reach financial assistance to the ultimate borrowers in the MSME sector. Some niche financial gaps addressed by the Bank are equity/risk capital, receivable finance, sustainable finance which includes energy efficiency (EE)/clean production (CP) technology, services sector financing, factoring and reverse factoring, etc. Refinancing, bills rediscounting, lines of credit and resource support mechanisms have evolved over time to route SIDBI's assistance through the network of other retail institutions in the financial system. Brief highlights of some of the important business initiatives are enumerated in the following paragraphs:

I Business Strategy

i. Equity/Risk Capital

One of the major problems faced by MSME entrepreneurs is lack of adequate capital/equity required for raising funds from banks and institutions.

- In SIDBI, risk capital/equity assistance is provided to MSMEs directly using various mezzanine structures as well as through Fund of Funds operation (i.e. through VCFs). The risk capital assistance is offered on the backing of future cash-flows and prospects of the unit assisted rather than asset coverage/collaterals.

- SIDBI had started the risk capital operations in 2009 under the MSME Risk Capital Fund (MSME-RCF) with a corpus of ₹ 2,000 crore. An amount of ₹ 1,500

के इण्डिया ऑपर्च्युनिटीज फंड का गठन किया गया था। कतिपय बाधाओं के कारण इस निधि का परिचालन आरंभ नहीं किया जा सका था। इन बाधाओं का अब निराकरण हो गया है और इस निधि का परिचालन वित्तीय वर्ष 2015-16 में आरंभ किया जा रहा है।

- सिडबी ने नवोन्मेष/प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कार्यरत स्टार्ट-अप्स तथा आरंभिक चरण के उद्यमों (प्रौद्योगिकी संवर्द्धकों में संवर्द्धित किए जा रहे उद्यमों सहित) को चुनिंदा आधार पर सहायता प्रदान करने की एक योजना भी प्रायोगिक आधार पर आरंभ की है। ऐसी इकाइयाँ वाणिज्यीकरण-पूर्व चरण, लाभ-पूर्व चरण आदि में हो सकती हैं और उन्हें औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से वित्त जुटाने में कठिनाई हो सकती है, क्योंकि इनमें जोखिम अधिक समझा जाता है और ये मूर्त प्रतिभूति/संपार्श्विक प्रतिभूतियाँ देने की स्थिति में नहीं होते। पात्र स्टार्ट अप्स को चिह्नित करने और उन्हें सहायता देने के लिए सिडबी संवर्द्धकों तथा अन्य एंजेल नेटवर्कों के साथ मिलकर काम करता आ रहा है। सिडबी ने तकनीकी परिप्रेक्ष्य, यूएसपी, विस्तार-क्षमता तथा टिकाऊपन की दृष्टि से स्टार्ट अप प्रस्तावों के मूल्यांकन के लिए नासकॉम तथा इसपिर्ट के साथ औपचारिक समझौता भी किया है। उक्त योजना वर्ष के दौरान आरंभ की गई। अब तक इस योजना के अंतर्गत 49 स्टार्ट-अप्स को कुल ₹ 47 करोड़ की सहायता मंजूर की गई है।

- यथा 31 मार्च 2015 को, प्रत्यक्ष जोखिम पूंजी परिचालनों के अंतर्गत जोखिम पूंजी के अंतर्गत बकाया ₹ 928 करोड़ था। सिडबी उद्यम पूंजी निधियों/निजी ईक्विटी निधियों को भी सहायता प्रदान करता है। वित्तीय वर्ष 2014-15 की समाप्ति पर उद्यम पूँजी निधियों के प्रति संचयी निवल प्रतिबद्धता ₹ 1,713 करोड़ थी।

ii. टिकाऊ वित्त

स्वच्छ उत्पादन तथा ऊर्जा दक्षता प्रौद्योगिकियों/उत्पादन प्रक्रियाओं में निवेश को बढ़ावा देने के लिए सिडबी, 2003 से, अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों, जैसे – जाइका, जापान, एएफडी फ्रांस

crore has been drawn out of MSME-RCF so far. Further, in 2013, India Opportunities Venture Fund (IOVF) of ₹ 2,000 crore had been set up. The fund could not be operationalised due to certain constraints, which have since been overcome. The fund is being made operational during FY 2015-16.

- SIDBI has also piloted a scheme to assist start-ups and early stage ventures selectively, operating in innovative/ technology space, including those being incubated at technology incubators. Such units could be in pre-commercialisation stage, pre-profit stage, etc. and find it difficult to raise finance from the formal banking system due to high perceived risk besides absence of tangible security/ collaterals to offer. SIDBI has been working with incubators and other angel networks to identify and support deserving start-ups. SIDBI has also entered into formal understanding with NASSCOM and ISPIRT for evaluation of start-up proposals from technical perspective, USP, scalability and sustainability. The scheme was formally rolled out during the year. So far 49 start-ups have been sanctioned assistance aggregating ₹ 47 crore under the Scheme.

- Under direct risk capital operations, as on March 31, 2015, the outstanding under Risk Capital was ₹ 928 crore. SIDBI also extends assistance to Venture Capital (VC) Funds. The cumulative net commitments to VC Funds as at the end of FY 2014-15 stood at ₹ 1,713 crore.

ii. Sustainable Finance

Since 2003, SIDBI has been operating focused lending schemes for promoting investment

तथा केएफडब्ल्यू जर्मनी के साथ हुई द्विपक्षीय ऋण व्यवस्थाओं के अंतर्गत संकेंद्रित ऋण योजनाएँ परिचालित करता आ रहा है। इन संकेंद्रित योजनाओं का द्विआयामी दृष्टिकोण रहता है, अर्थात् हरित ऊर्जा दक्ष निवेशों में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए रियायती ऋण तथा विभिन्न सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्रों में जानकारी का प्रसार। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों में ऊर्जा दक्षता के वित्तपोषण के लिए विश्व बैंक तथा ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के साथ सिडबी की कार्यनीतिक साझेदारी से ऊर्जा दक्षता आधारित निवेशों को बल मिला है।

ऊर्जा दक्षता ऋण-व्यवस्थाएँ

सिडबी विभिन्न बहुपक्षीय/द्विपक्षीय एजेंसियों से प्राप्त ऋण-व्यवस्थाओं से संकेंद्रित रियायती ऋण योजनाएँ परिचालित करता आ रहा है। ये ऋण-व्यवस्थाएं हैं - जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जाइका) चरण - I – 30 बिलियन जापानी येन, चरण – II - 30 बिलियन जापानी येन, चरण – III - 30 बिलियन जापानी येन, एजेंसी फ्रेंसाइसे डि डेवलपमेंट (एएफडी– 50 मिलियन यूरो तथा क्रेडिटान्सटाल्ट फुर वीडरॉफबाउ (केएफडब्ल्यू) – 50 मिलियन यूरो। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा खपत कम करना, ऊर्जा दक्षता बढ़ाना, कार्बन डाइ ऑक्साइड का उत्सर्जन कम करना तथा दीर्घावधि में भारतीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की लाभप्रदता बढ़ाना है।

ऋण के साथ-साथ, सिडबी सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों की क्षमता निर्माण गतिविधियों में भी संलग्न है। इसके अंतर्गत ऊर्जा दक्षता उपायों को अपनाने के लाभों पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ऊर्जा दक्ष मशीनरियों को चिह्नित कर उन्हें प्रलेखित किया जा रहा है, ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण पर जानकारी का प्रसार किया जा रहा है, क्रियान्वित उपायों के सत्यापन और मापन तथा ऊर्जा दक्षता संबंधी योजनाओं पर जागरूकता फैलाई जा रही है। सिडबी 100 से अधिक उद्योग समूहों एवं 2,500 से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों तक पहुंच चुका है और ऊर्जा दक्षता संबंधी जागरूकता के फलस्वरूप सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों से 4,000 साझेदार बन चुके हैं।

in clean production and energy efficient technologies/production processes under bilateral lines of credit from international agencies such as JICA, Japan, AFD, France and KfW, Germany. These focused schemes have two pronged approach, i.e. concessional lending to encourage investment in green energy efficient investments and information dissemination to various MSME sectors. SIDBI's strategic partnership with World Bank (WB) and Bureau of Energy Efficiency (BEE) for financing energy efficiency in MSMEs has provided an impetus to EE based investments.

Energy Efficiency Lines of Credit

SIDBI has been operating focused concessional lending schemes for EE out of Lines of Credit (LoCs) from various multilateral/bilateral agencies, viz. Japan International Cooperation Agency (JICA) Phase I - JPY 30 billion, Phase - II – JPY 30 billion, Phase - III – JPY 30 billion, Agence Française de Développement (AFD) – EUR 50 million and Kreditanstalt fur Wiederaufbau (KfW) – EUR 50 million. The main objectives of these schemes are to reduce energy consumption, enhance energy efficiency, reduce CO_2 emissions and improve the profitability of the Indian MSMEs in the long run.

Besides credit, SIDBI is also engaged in the capacity building of the MSME sector with various awareness programmes on the benefits of adopting EE measures, identifying and documenting EE machineries, disseminating information on EE technology transfers, awareness on measurement & verification of implemented measures, financial schemes for EE etc. SIDBI has reached more than 100 industrial clusters and more than 2,500 MSMEs and awareness on EE has been created to 4,000 participants from the MSMEs.

स्वच्छतर उत्पादन / पर्यावरण संबंधी ऋण-व्यवस्था

सिडबी ने केएफडब्ल्यू से कुल 53.74 मिलियन यूरो की ऋण-व्यवस्था की संविदा की है, जो सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में स्वच्छ उत्पादन विकल्पों में निवेश को बढ़ावा देने के लिए है। उक्त ऋण-व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य स्वच्छतर उत्पादन निवेशों के जरिए उत्सर्जन में कमी लाना या उसे रोकना है। उद्योग समूहों में स्थित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को बड़ी संख्या में लाभान्वित करने वाले सामूहिक निस्सार निवर्तन संयंत्रों, अपशिष्ट निवर्तनों, भंडारण और निपटान सुविधाओं, अपशिष्ट पुनःचक्रण आदि में निवेश भी उक्त सहायता के अंतर्गत पात्र है। अलग-अलग सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, जो ऐसा निवेश करने जा रहे हों जिसके फलस्वरूप प्रदूषण नियंत्रित होगा, अपशिष्ट घटेगा, कच्चे माल की उत्पादकता में सुधार होगा आदि, उक्त ऋण-व्यवस्था के अंतर्गत कवर किए जाने हेतु पात्र हैं। अब तक 308 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को कुल ₹ 389 करोड़ की सहायता प्रदान की गई है।

विश्व बैंक - जीईएफ परियोजना - सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों में ऊर्जा दक्षता का वित्तपोषण

सिडबी ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के साथ मिलकर ग्लोबल एनवायरा–नमेंटल फेसिलिटी (जीईएफ) द्वारा वित्तपोषित विश्व बैंक परियोजना – ''फाइनेंसिंग एनर्जी एफीशिएंसी एट एमएसएमईज़'' का निष्पादन पांच सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम समूहों में कर रहा है। ये समूह हैं – कोल्हापुर – ढलाईघर, तिरुनेलवेली – चूना भट्ठा, अंकलेश्वर – रसायन, पुणे – गढ़ाई, फरीदाबाद – मिश्रित समूह। परियोजना का उद्देश्य लक्षित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम समूहों में ऊर्जा दक्षता निवेशों की माँग बढ़ाना और वाणिज्यिक वित्त तक पहुंचने की उनकी क्षमता में वृद्धि करना है। परियोजना के मुख्य लाभार्थी हैं – साझेदार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, जो ऊर्जा दक्षता निवेशों/सुधारों के संभावित लाभ प्राप्त करेंगे; बैंक/वित्तीय संस्थाएँ, जो बढ़े हुए व्यवसाय अवसरों से लाभान्वित होंगे; ऊर्जा प्रोफेशनल तथा स्थानीय सेवा प्रदाता, जो अपनी सेवाओं की बढ़ी हुई मांग से लाभान्वित होंगे; और उद्योग संघ जो अपने उद्योग समूहों में ऊर्जा दक्षता संबंधी गतिविधियां चलाने में समर्थ होंगे। उक्त परियोजना का मुख्य प्रदायन सूक्ष्म,

Cleaner Production/Environmental Lines of credit

SIDBI has contracted LoCs aggregating to an amount of EUR 53.74 million from KfW for promoting investment in cleaner production options in the MSME sector. The main objective of the line is to achieve a reduction or avoidance of emission and pollution through cleaner production investments. Investment such as Common Effluent Treatment Plants (CETPs), waste treatment, storage & disposal facilities, waste recycling, etc., benefitting large number of MSMEs in the industrial clusters are also eligible under the assistance. Individual MSMEs going in for investments that will result in the pollution control, waste reduction, improvement in raw material productivity etc., are eligible for coverage under the line. So far, 308 MSMEs have been assisted with an aggregate term loan of more than ₹ 389 crore.

WB-GEF Project – Financing Energy Efficiency in MSMEs

SIDBI along with BEE is executing a Global Environmental Facility (GEF) funded WB project, viz. "Financing Energy Efficiency at MSMEs" in five MSME clusters viz., Kolhapur-foundry, Tirunelveli- Limekilns, Ankleshwar-chemicals, Pune- forging and Faridabad- mixed cluster. The objective of the project is to increase demand for energy efficiency investments in the target MSME clusters and to build their capacity to access commercial finance. The key beneficiaries of the project include participating MSMEs who will realize the potential benefits from EE investments/improvements; Banks/FIs from increased business opportunities; energy professionals & Local Service Providers (LSPs) from increased demand for their services and Industry Associations enabling them to carry out EE related activities in their clusters. The main deliverable of the project is to provide

लघु एवं मध्यम उद्यमों को तकनीकी सहयोग प्रदान करना है, जिसके परिणामस्वरूप इन 5 उद्योग समूहों की लगभग 500 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयों द्वारा ऊर्जा संरक्षण उपाय कार्यान्वित करने के लिए निवेश उत्प्रेरित होगा। परियोजना की अवधि दिसंबर 2016 तक है।

उक्त पाँचों उद्योग समूहों की समूह रूपरेखा रिपोर्टें तैयार की गई हैं। परियोजना अधीन उक्त 5 उद्योग समूहों में 1,100 से अधिक वाक-थ्रू ऑडिट तथा 628 विस्तृत ऊर्जा ऑडिट संचालित किए गए हैं और 599 निवेश ग्रेड विस्तृत परियोजना रिपोर्टें (आईजीडीपीआर) तैयार की गई हैं। उक्त समूहों में चिह्नित ऊर्जा संरक्षण उपायों का कार्यान्वयन आरंभ हो चुका है। 500 से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों ने चिह्नित ऊर्जा संरक्षण उपायों को कार्यान्वित करना आरंभ कर दिया है। सिडबी ने अपनी विश्व बैंक-जीईएफ परियोजना के अंतर्गत एक नया ''इंटीग्रेटेड क्रेडिट रेटिंग मॉडल विद इंबेडेड ग्रीन पैरामीटर्स'' विकसित कर उसका प्रायोगिक परीक्षण किया है।

व्यापक ऊर्जा दक्षता पश्चातवर्ती निवेश (सीईआरआई) प्रस्तावों के वित्तपोषण का प्रदर्शन प्रभाव पैदा करने के उद्देश्य से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों में आद्योपांत ऊर्जा दक्षता निवेशों के वित्तपोषण हेतु एक परिक्रामी निधि योजना, नामत: ''4 ई वित्तपोषण योजना'' भी तैयार की गई है, जिसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के लिए रियायती ब्याज दर तथा आसान शर्तों पर ऋण प्रदान करना है। परिक्रामी निधि में विश्व बैंक से 3 मिलियन अमरीकी डॉलर का जीईएफ अनुदान तथा सिडबी द्वारा अपनी सामान्य निधि से अंशदान शामिल होगा, जो 28:72 के अनुपात में होगा।

ऊर्जा दक्षता हेतु आंशिक जोखिम सहभागिता सुविधा (पीआरएसएफ) परियोजना

सिडबी ने ''ऊर्जा दक्षता हेतु आंशिक जोखिम सहभागिता सुविधा (पीआरएसएफ) परियोजनाएँ'' के लिए विश्व बैंक के साथ करार पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका कुल परिव्यय 43 मिलियन अमरीकी डॉलर है और जिसमें निम्नलिखित घटक शामिल हैं :

technical support to MSMEs resulting in catalyzing investments for implementing Energy Conservation Measures by around 500 MSME units in these 5 clusters. The duration of the project is till December 2016.

Cluster Profile Reports of all the five clusters have been developed. More than 1,100 walk-through audits and 628 detailed energy audits have been conducted and 599 Investment Grade Detailed Project Report (IGDPRs) have been prepared in the five clusters under the project. Implementation of identified Energy Conservation Measures has already been started in the clusters. More than 500 MSMEs have already started implementing the identified Energy Conservation Measures. A new "Integrated Credit Rating Model with Embedded Green Parameters" has been developed and pilot tested by SIDBI under its WB-GEF Project.

With a view to create a demonstration effect of financing of comprehensive energy efficiency retrofit investments (CERI) proposals, a revolving fund scheme for financing End to End Energy Efficiency Investments in MSMEs viz. "4E Financing Scheme" has also been created to provide loans for energy efficiency projects to MSMEs at concessional interest rates and soft terms. The revolving fund shall include GEF grant of USD 3 million from World Bank and contribution from SIDBI out of its general funds in the ratio of (28:72).

Partial Risk Sharing Facility for Energy Efficiency (PRSF) Project

SIDBI has signed agreement with World Bank for "Partial Risk Sharing Facility for Energy Efficiency (PRSF) Projects" with a total outlay of USD 43 million consisting of following components:

- घटक 1: एक गारंटी निधि (जोखिम सहभागिता सुविधा) 37 मिलियन अमरीकी डॉलर की समूह निधि, जिसका प्रबंधन सिडबी द्वारा किया जाएगा, और
- घटक 2: तकनीकी सहायता - 4 मिलियन अमरीकी डॉलर की तकनीकी सहायता सिडबी द्वारा कार्यान्वित की जाएगी और 2 मिलियन अमरीकी डॉलर की तकनीकी सहायता एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज़ लि. द्वारा कार्यान्वित की जाएगी।

परियोजना का उद्देश्य ऊर्जा दक्षता निवेशों के बढ़े हुए स्तर को प्रोत्साहित कर, विशेषकर ईएससीओज़ के माध्यम से डिलीवर किए गए ऊर्जा सेवा कार्यनिष्पादन कॉन्ट्रेक्टिंग के जरिए, भारत में ऊर्जा दक्षता बाजार को रूपांतरित करने के भारत सरकार के प्रयासों को सहयोग प्रदान करना है। परियोजना के अंतर्गत सिडबी द्वारा परिचालित गारंटी निधि बैंकों/वित्तीय संस्थाओं/ गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा एस्कोज़ तथा एस्को कार्यान्वित परियोजनाओं को प्रदत्त ऋणों (सिडबी ऋणों सहित) को गारंटी प्रदान करेगी, ताकि उनकी जोखिम अवधारणा को न्यूनतम किया जा सके तथा भारत में ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के लिए ईएसपीसी आधारित एस्को बाजार भी आरंभ किया जा सके।

iii प्राप्य वित्त योजना

वर्ष 1991 में आरंभ हुई प्राप्य वित्त योजना बैंक की एक अग्रणी योजना है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को अपनी प्राप्य राशियाँ शीघ्र प्राप्त करने में मदद करने के उद्देश्य से, सिडबी अच्छे कार्यनिष्पादन वाली क्रेता कंपनियों के लिए सीमाएं निर्धारित करता है और घटकों, पुरजों, उप-संयोजनों, सेवाओं आदि की आपूर्ति करने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों/पात्र सेवा क्षेत्र इकाइयों के मीयादी बिलों की भुनाई करता है, ताकि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम/सेवा क्षेत्र इकाइयों को अपने बिक्री आगम शीघ्र प्राप्त हो सकें। सिडबी क्रेता कंपनियों के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम आपूर्तिकर्ताओं को बीजक भुनाई सुविधाएँ भी प्रदान करता है।

प्रतिभूत संविभाग की संरचना में वृद्धि की जरूरत को ध्यान में रखते हुए, वर्ष के दौरान उक्त योजना के मानदंडों को सुदृढ़ किया गया। इस संबंध में किए गए कुछ प्रमुख व्यवसायिक प्रयास निम्नलिखित हैं:

- Component 1: A guarantee fund (risk sharing facility) corpus of USD 37 million to be managed by SIDBI, and
- Component 2: Technical Assistance of a USD 4 million to be implemented by SIDBI and USD 2 million to be implemented by Energy Efficiency Services Limited.

The objective of the project is to support the GoI's efforts to transform the EE market in India by promoting increased level of EE investments, particularly through energy service performance contracting (ESPC) delivered through ESCOs. Under the project, the guarantee fund operated by SIDBI will guarantee the loans given by Banks/FIs/NBFCs (including SIDBI loans) to ESCOs and ESCO-implemented projects to minimize their risk perception and also to kick-start the ESPC based ESCO market for EE Projects in India.

iii Receivable Finance Scheme

Receivable Finance Scheme (RFS), launched in the year 1991, is one of the pioneer schemes of the Bank. In order to help the MSMEs in quicker realization of their receivables, SIDBI fixes limits to well-performing purchaser companies and discounts usance bills of MSMEs/eligible service sector units supplying components, parts, sub-assemblies, services, etc. so that the MSME/ service sector units realise their sale proceeds quickly. SIDBI also offers invoice discounting facilities to the MSME suppliers of purchaser companies.

Keeping in view the need to increase the composition of secured portfolio, the norms under the scheme were strengthened during the year. Some of the business initiatives taken are as follows:

- भारतीय रिज़र्व बैंक ने 14 नवंबर 2013 से एक वर्ष की अवधि के लिए ₹ 5,000 करोड़ की विशेष पुनर्वित्त सुविधा प्रदान की। उक्त सुविधा का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की प्राप्यराशियों के प्रति तरलता सहायता प्रदान करना था। यह सहायता दोनों तरह से प्रदान की जानी थी – प्रत्यक्ष रूप से और चुनिंदा मध्यवर्तियों, जैसे– बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों तथा राज्य वित्तीय निगमों के माध्यम से। इसे दिसंबर 2013 से कार्यान्वित किया गया। उक्त सुविधा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहायता के तौर पर विभिन्न उत्पादों के माध्यम से प्रदान की गई, जिसमें बैंकों द्वारा भुनाए गए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के बिलों के प्रति बिल पुनर्भुनाई शामिल है। 30 सितंबर 2014 तक कुल ₹ 20,119 करोड़ के संचयी संवितरण किए गए, जिनमें लगभग 15,000 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को कवर किया गया।
- वित्तीय वर्ष 2012-13 में सिडबी द्वारा शुरू की गई प्रायोगिक योजना के सफल संचालन के आधार पर, व्यापार वित्त (कच्चा माल) योजना वर्ष के दौरान औपचारिक रूप से आरंभ की गई। यह योजना सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों द्वारा बड़ी कंपनियों से कच्चे माल का क्रय सुगम बनाती है।

iv. सेवा क्षेत्र वित्तपोषण

सेवा क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था में सबसे बड़े और सर्वाधिक तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र के रूप में उभरा है और उत्पादन तथा रोजगार में उच्चतर योगदान कर रहा है। इसकी वृद्धि दर कृषि और विनिर्माण क्षेत्र से अधिक रही है।

राष्ट्रीय आय, रोजगार तथा उद्यमिता अवसरों में सेवा क्षेत्र के योगदान की बढ़ती हुई भूमिका को देखते हुए, सिडबी व्यवसाय के एक विशिष्ट क्षेत्र के रूप में सेवा क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए यह प्रस्ताव है कि अन्य बातों के साथ-साथ, फ्रैंचाइजी वित्तपोषण तथा नकद प्रवाह आधारित सहायता जैसे नए व्यवसाय मॉडलों के लिए उपयुक्त मूल्यांकन प्रक्रियाएं तथा रेटिंग मॉडल आरंभ करने पर ध्यान दिया जाए तथा अधिक प्रभावी ऋण वितरण के लिए मौजूदा प्रक्रियाओं को कारगर और बेहतर बनाया जाए।

- A special refinance facility of ₹ 5,000 crore was extended by Reserve Bank of India effective from November 14, 2013 for a period of one year. The facility aimed at providing liquidity support against the receivables of micro, small and medium enterprises both directly and through select intermediaries like banks, NBFCs and SFCs, was implemented with effect from December 2013. The facility was extended by way of direct and indirect assistance through various products, including bills re-discounting against the MSME bills discounted by the banks. Cumulative disbursements aggregating ₹ 20,119 crore covering around 15,000 MSMEs were made upto September 30, 2014.
- Based on the successful running of pilot scheme launched by SIDBI during FY 2012-13, Trade Finance (raw materials) scheme was formally launched during the year. This scheme facilitates purchase of raw materials by MSMEs from large corporates.

iv. Service Sector Financing

The services sector has emerged as the largest and fastest-growing sector in the Indian economy, making higher contributions to the output and employment. Its growth rate has been higher than that of agriculture and manufacturing sectors.

In view of the growing role of service sector in contribution to national income, employment and entrepreneurial opportunities, SIDBI has been focussing on service sector as one of its niche areas in business. Going forward, it is proposed to focus on introducing appraisal processes and rating models suited to new business models like franchisee financing and cashflow based assistance, among other things and streamline and improve upon existing processes for more effective credit delivery.

सरकारी योजनाओं की नोडल एजेंसी के रूप में सिडबी

सिडबी, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को अपने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष वित्तीय सहायता के साथ-साथ, उन विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन में नोडल एजेंसी की भूमिका भी निभाता है, जो भारत सरकार द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को आधुनिक/ऊर्जादक्ष प्रौद्योगिकियाँ अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु उक्त क्षेत्र के लिए चलाई गई गई हैं। ये योजनाएं हैं - ऋण आधारित पूंजी सब्सिडी योजना (सीएलसीएसएस) सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, वस्त्र उद्योग हेतु प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (टफ्स) (वस्त्र मंत्रालय) एकीकृत चर्म क्षेत्र विकास योजना (आईडीएलएसएस) (वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग प्रौद्योगिकी उन्नयन/स्थापना/आधुनिकीकरण/विस्तार योजना (एफपीटफ्स) (खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय) और प्रौद्योगिकी और गुणवत्ता उन्नयन योजना (टेकअप) योजना (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय)।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, सिडबी से प्रत्यक्ष रूप से सहायताप्राप्त 709 पात्र सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के कुल ₹ 33.19 करोड़ के पूंजी सब्सिडी दावों का निपटान सीएलसीएसएस के अंतर्गत किया गया। इसके अतिरिक्त, सहयोजित प्राथमिक ऋणदात्री संस्थाओं के संबंध में 2,788 सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के कुल ₹ 209.19 करोड़ के सब्सिडी दावों का भी निपटान किया गया। अक्तूबर 2000 में उक्त योजना का आरंभ होने के बाद से 18,740 इकाइयों के कुल ₹ 1,111.31 करोड़ (संचयी) के पूंजी सब्सिडी दावों का निपटान किया गया। इसी प्रकार, टफ्स के अंतर्गत, सिडबी से प्रत्यक्षत: सहायताप्राप्त मामलों के लिए 494 पात्र वस्त्र इकाइयों के कुल ₹ 9.96 करोड़ के तथा सहयोजित प्राथमिक ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा सूक्ष्म और लघु उद्यमों को प्रदत्त सहायता के संबंध में कुल ₹ 10.06 करोड़ के सब्सिडी दावों (ब्याज प्रोत्साहन सब्सिडी और पूंजी/मार्जिन राशि सब्सिडी, दोनों) का निपटान किया गया। अप्रैल 1999 में टफ्स की शुरुआत के बाद से ₹ 702.74 करोड़ के पूँजी सब्सिडी और ब्याज प्रोत्साहन दावे निपटाए गए है। नवंबर 2005 में आरंभ हुई आईडीएलएसएस के अंतर्गत 1,759 इकाइयों के कुल ₹ 291.69 करोड़ के संचयी

SIDBI as Nodal Agency for Government Schemes

In addition to its direct and indirect financial support to MSMES, SIDBI also plays a nodal agency role in implementation of various schemes for MSME sector undertaken by the Government of India (GoI), viz. Credit Linked Capital Subsidy Scheme (CLCSS) [Ministry of MSME], Technology Upgradation Fund Scheme for Textile Industry (TUFS) [Ministry of Textiles], Integrated Development of Leather Sector Scheme (IDLSS) [Ministry of Commerce & Industry], Scheme of Technology Upgradation/Setting up/Modernization/Expansion of Food Processing Industries (FPTUFS) [Ministry of Food Processing Industries] and Technology and Quality Upgradation (TEQUP) Scheme [Ministry of MSME] to encourage MSMEs in adopting modern/energy efficient technologies.

During the year under review, capital subsidy claims of 709 eligible Micro and Small Enterprises (MSEs) directly assisted by SIDBI aggregating ₹ 33.19 crore were settled under CLCSS. Further, subsidy claims of 2,788 MSEs amounting to ₹ 209.19 crore in respect of co-opted Primary Lending Institutions (PLIs) were also settled. Since the launch of the Scheme in October 2000, capital subsidy claims of 18,740 units aggregating ₹ 1,111.31 crore (cumulative) were settled. Similarly under TUFS, subsidy claims (both interest incentive subsidy & capital/margin money subsidy) of 494 eligible textile units for SIDBI's directly assisted cases amounting to ₹ 9.96 crore and subsidy claims aggregating ₹ 10.06 crore were settled in respect of the co-opted PLIs for their assistance to micro & small enterprises. Since the launch of the TUFS in April 1999, capital subsidy and interest incentive claims for an amount of ₹ 702.74 crore have been settled. Under IDLSS, which was launched in November 2005,

दावों का निपटान किया गया, जिसमें वित्तीय वर्ष 2014-15 के 126 इकाइयों के कुल ₹ 39.90 करोड़ के दावे शामिल हैं। अप्रैल 2007 में एफपीटफ्स का विकेंद्रीकरण होने के पश्चात, उक्त योजना के अंतर्गत 58 मामले कुल ₹ 14.03 करोड़ की अनुदान सहायता के लिए मंत्रालय को अनुशंसित किए गए हैं, जिनके प्रति कुल ₹ 10.50 करोड़ की सब्सिडी सिडबी से सहायताप्राप्त 49 इकाइयों को जारी की गई है। वर्ष के दौरान पहली बार टेकअप के अंतर्गत 27 मामलों में कुल ₹ 2.19 करोड़ की राशि पात्र सब्सिडी के रूप में संवितरित की गई।

II. जोखिम प्रबंधन

सिडबी ने एक व्यापक जोखिम प्रबन्धन प्रणाली कायम की है, जो इसके व्यवसाय तथा अन्य परिचालनों से उत्पन्न होने वाले विभिन्न जोखिमों के प्रति संवेदनशील तथा अनुक्रियाशील है। बैंक के जोखिम प्रबन्धन सम्बन्धी तन्त्र में नीतियाँ, संगठनात्मक संरचना, प्रणाली तथा पद्धतियाँ हैं, ताकि बैंक के विभिन्न जोखिमों का निर्धारण, मूल्यांकन/आकलन, शमन और निगरानी हो सके। बैंक ने उद्यम जोखिम प्रबन्धन (ईआरएम) नीति बनाई है, जिसकी समीक्षा वार्षिक रूप से की जाती है। ईआरएम नीति एक सर्वव्यापी दस्तावेज़ है, जिसमें बैंक द्वारा जोखिम प्रबन्धन से सम्बन्धित सामान्य/साधारण आयामों का समावेश है। यह सहायक नीतिगत दस्तावेजों, जैसे ऋण नीति, ऋण वसूली नीति, निवेश नीति, आस्ति-देयता प्रबन्धन (एएलएम) नीति, परिचालनगत जोखिम प्रबन्धन (ओआरएम), व्यवसाय सातत्य प्रबन्धन (बीसीएम) नीति, सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा नीति, शक्तियों के प्रत्यायोजन आदि से सम्बद्ध है। विभिन्न नीतियों के अन्तर्गत समाहित ऋण, विपणन एवं परिचालनगत जोखिमों के अलावा अन्य जोखिमों, जैसे बैंकिंग खाता-बहियों में अवशेष ऋण, ऋण संकेन्द्रण, ब्याज दर जोखिम, विधिक, प्रतिष्ठा आदि सम्बन्धी जोखिमों का समाधान आन्तरिक पूँजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईकैप) नीति में किया गया है।

बैंक के ऋण एवं राजकोषीय परिचालनों से सम्बन्धित जोखिमों की लगातार निगरानी, मूल्यांकन एवं प्रबन्धन निदेशक मण्डल की जोखिम प्रबन्धन समिति के समग्र पर्यवेक्षण एवं मार्ग-दर्शन में किया जाता है। इनमें तुलन-पत्रेतर मदें भी शामिल हैं। हालांकि

cumulative claims of 1,759 units aggregating ₹ 291.69 crore were settled including 126 units amounting to ₹ 39.90 crore during FY 2014-15. Under FPTUFS, subsequent to decentralization of the scheme from April 2007, 58 cases have been recommended for grant-in-aid amounting to ₹ 14.03 crore to the Ministry, against which subsidy aggregating ₹ 10.50 crore has been released to 49 units, assisted by SIDBI. Under TEQUP, 27 cases involving ₹ 2.19 crore were disbursed as eligible subsidy during the year for the first time.

II. Risk Management

SIDBI has put in place a comprehensive Risk Management System which is sensitive and responsive to various risks emanating from its business and other operations. The framework for risk management in the Bank encompasses policies, organization structure, system and practices for identification, assessment/ measurement, mitigation and monitoring of various risks of the Bank. The Bank has in place Enterprise Risk Management [ERM] Policy which is reviewed annually. The ERM Policy is an umbrella document that covers the general/ common aspects pertaining to risk management by the Bank and links to the subsidiary policy documents, viz., Loan Policy, Loan Recovery Policy, Investment Policy, Asset - Liability Management [ALM] Policy, Operational Risk Management [ORM] Policy, Business Continuity Management [BCM] Policy, IT Security Policy, Delegation of Powers, etc. Besides the credit, market and operational risks covered in various policies, the other risks, viz., residual credit, credit concentration, interest rate risks in banking book, legal, reputation, etc., are addressed in the Internal Capital Adequacy Assessment Process (ICAAP) Policy.

The risks associated with the Bank's lending and treasury operations, including off-balance sheet

यह बैंक के लिए अनिवार्य नहीं है, फिर भी बेसल II मानदण्डों के अनुपालन के लिए सन्नद्ध रहने के स्वत:स्फूर्त उपाय के तौर पर बैंक ने एकीकृत जोखिम प्रबन्धन प्रणाली (आईआरएमएस) स्थापित की है। इसमें ऋण जोखिम प्रबन्धन (सीआरएम), बाज़ार जोखिम प्रबन्धन, ओआरएम और आईसीएएपी शामिल हैं। बैंक ने व्यापक परिचालन जोखिम मूल्यांकक (कोर) प्रणाली कार्यान्वित की है, जिसे खोए हुए डाटा को वापस पाने, मुख्य जोखिम संकेतक (केआरआई) तथा जोखिम एवं नियन्त्रण स्व-मूल्यांकन (आरसीएसए) के लिए इस्तेमाल किया जाता है। बैंक ने व्यवसाय सातत्य प्रबन्धन (बीसीएम) नीति भी कार्यान्वित की है। इसे आपदा-काल में महत्त्वपूर्ण व्यवसाय-परिचालनों में सातत्य सुनिश्चित करने की दृष्टि से तैयार किया गया है। इरादा यह है कि बैंक व्यवसाय सातत्य की एक ऐसी रणनीति व ढाँचा तैयार करे जो सशक्त होने के साथ-साथ आघात सहने में सक्षम हो, ताकि महत्त्वपूर्ण परिचालनों में रुकावट को प्रबन्धन के लिए स्वीकार्य न्यूनतम स्तर पर रोका जा सके।

III. गैर-निष्पादक आस्ति प्रबन्धन

बैंक की आस्ति-गुणवत्ता में समग्र रूप से सुधार करने के उद्देश्य से गैर-निष्पादक आस्तियों के वर्तमान स्तर में कमी लाने, खातों के फिसलकर गैर-निष्पादक आस्ति श्रेणी में जाने से बचाने तथा वसूली के उपयुक्त साधनों का समुचित इस्तेमाल करके गैर-निष्पादक आस्तियों से अधिकतम वसूली करने को प्राथमिकता दी जाती है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष संविभाग, दोनों के दबावग्रस्त खातों की बैंक द्वारा सघन निगरानी की जा रही है और मामला दर मामला यथोचित वसूली-रणनीति अपनाई जा रही है। भारत सरकार के निदेशानुसार ₹ 3 करोड़ अथवा उससे अधिक के मूलधन बकाया वाले गैर-निष्पादक आस्ति वाले मामलों की समीक्षा के लिए निदेशक-मण्डल स्तर की 'वसूली समीक्षा समिति' भी गठित की गई है।

गैर-निष्पादक आस्ति खातों की निगरानी के लिए परिचालन कार्यालय में आन्तरिक चूक समीक्षा समिति (डीआरसी) की पद्धति भी निगरानी का कारगर साधन सिद्ध हुई है। प्राप्य राशियों

items, are constantly monitored, measured and managed under the overall supervision and guidance of the Risk Management Committee [RiMC] of the Board. Though not enjoined upon the Bank, as a proactive measure to be in preparedness of compliance to Basel II norms, the Bank has put in place Integrated Risk Management System [IRMS], which includes policies and systems for Credit Risk Management [CRM], Market Risk Management, ORM and ICAAP. The Bank has implemented Comprehensive Operational Risk Evaluator (CORE) system which is used for Loss Data Capture, Key Risk Indicator (KRI), and Risk and Control Self Assessment (RCSA). The Bank has also implemented BCM Policy, which is designed to ensure continuity of critical business operations during disasters. The intention is to ensure that the Bank is able to minimize the disruption to critical operations at a level which is acceptable to Management by putting in place a robust and resilient business continuity strategy and framework.

III. NPA Management

In order to improve the overall quality of assets of the Bank, the priority is to reduce the present level of Non-Performing Assets (NPAs), prevent further slippages and to maximise recovery out of NPAs through appropriate recovery tools. All accounts showing signs of stress, both under indirect as well as direct portfolios, are being closely monitored and appropriate recovery strategy adopted by the Bank on a case-to-case basis. As per the directives of GoI, a Board level 'Recovery Review Committee' has also been constituted to review all individual NPA cases having principal outstanding of ₹ 3 crore and above. The system of in-house Default Review Committee (DRC) at the Operating Offices to

की वसूली तथा चिन्तास्पद और/अथवा गैर-निष्पादक आस्ति के रूप में वर्गीकृत खातों के समाधान के सम्बन्ध में निर्णय करने के लिए विभिन्न परिचालन-कार्यालयों में चूक समीक्षा समितियों की नियमित बैठकें हुईं। प्रत्यक्ष सहायता संविभाग के अन्तर्गत गैर-निष्पादक आस्तियों का स्तर (विवेकानुसार बट्टे खाते डालने के बाद) यथा 31 मार्च 2015 ₹ 606 करोड़ रहा, जो कि बैंक के कुल निवल संविभाग का 1.09% था।

साथ ही, प्रत्यक्ष ऋण संविभाग के अन्तर्गत गैर-निष्पादक आस्तियों से बैंक ने ₹ 117 करोड़ की वसूली भी की है, जिसमें से ₹ 15.70 करोड़ विवेकानुसार बट्टे खाते डाले गए खाते से सम्बन्धित हैं।

अप्रत्यक्ष सहायता संविभाग (अल्प वित्त सहित) के मामले में गैर-निष्पादक आस्तियों का स्तर घटकर 31 मार्च 2015 को ₹ 135 करोड़ हो गया, जो कि बैंक के कुल संविभाग का 0.24% रहा। राज्य वित्तीय निगमों की गैर-निष्पादक आस्तियों के सम्बन्ध में अपने हितों की सुरक्षा के लिए बैंक कई प्रकार के प्रयास कर रहा है, जिसमें सम्बन्धित राज्य सरकारों से बातचीत भी शामिल है। बैंक की सकल बकाया राशियों के अनुपात के रूप में सकल गैर-निष्पादक आस्तियाँ मार्च 2014 के अंत में 1.86% थी, जिनमें तुलनात्मक रूप से सुधार हुआ तथा यह मार्च 2015 के अंत में 1.33% रहीं। बैंक के निवल बकाया के अनुपात में निवल गैर-निष्पादक आस्तियाँ मार्च 2014 में 0.45% थीं, जबकि वे मार्च 2015 के अन्त में 0.78% रहीं।

IV. समग्र परिचालन

यथा 31 मार्च 2015 बैंक का कुल एमएसएमई बकाया ऋण ₹ 55,343 करोड़ हो गया, जबकि यथा 31 मार्च 2014 यह ₹ 61,271 करोड़ था। स्थापना से लेकर अब तक सिडबी ने एमएसएमई क्षेत्र को संचयी रूप से ₹ 3.90 लाख करोड़ का संवितरण किया है, जिससे एमएसएमई क्षेत्र के 346 लाख से अधिक व्यक्तियों को लाभ पहुँचा है। बकाया राशियों के विवरण तालिका 2.1 में दिए गए हैं।

monitor the NPA accounts and other accounts causing concern has become an effective monitoring tool. The meetings of DRCs at various operating offices were held regularly to decide about the strategy for recovery of dues and resolution of accounts causing concern and/or categorised as NPA. The level of NPAs under direct assistance portfolio (after Prudential Write Off (PWO)), stood at ₹ 606 crore as at March 31, 2015 which was 1.09% of total net portfolio of the Bank.

At the same time, the Bank has recovered ₹ 117 crore from NPA accounts under Direct Credit portfolio, including ₹ 15.70 crore out of prudentially written off accounts.

In case of Indirect Assistance portfolio (including Micro Finance), the level of NPAs decreased to ₹ 135 crore as on March 31, 2015 as 0.24% of total portfolio of the Bank. The Bank has been taking a number of initiatives, including dialogues with the state governments concerned, to safeguard its interests in respect of NPA of SFCs. The Gross NPAs as a ratio of Gross outstanding of the Bank as at end of March 2015 has improved to 1.33% as compared to 1.86% as at end March, 2014. The net NPAs as a ratio of net outstanding of the Bank as at end of March 2015 stood at 0.78% as compared to 0.45% as at end March, 2014.

IV. Overall Operations

The total MSME outstanding credit of the Bank stood at ₹ 55,343 crore as on March 31, 2015 as against ₹ 61,271 crore as on March 31, 2014. The cumulative disbursement by SIDBI to the MSME sector since inception stood at over ₹ 3.90 lakh crore, benefiting more than 346 lakh persons in the MSME sector. The outstanding details are given in Table 2.1.

तालिका 2.1- समग्र परिचालन (₹ करोड़)
Table 2.1 : Overall Operations

(₹ करोड़ / crore)

विवरण / Particulars	वित्तीय वर्ष 2013-14 / FY 2013-14	वित्तीय वर्ष 2014-15 / FY 2014-15
	बकाया राशि / O/s Amt (यथा 31 मार्च / As on March 31)	बकाया राशि / O/s Amt (यथा 31 मार्च / As on March 31)
अप्रत्यक्ष ऋण / Indirect Credit		
क. पुनर्वित्त / a. Refinance	40,383	38,098
ख. अल्प ऋण / b. Micro Finance	1,170	1,603
ग. अन्य / c. Others	7,705	4,054
कुल अप्रत्यक्ष ऋण Total Indirect Credit	**49,258**	**43,755**
प्रत्यक्ष ऋण / Direct Credit		
प्रत्यक्ष ऋण के अंतर्गत सावधि ऋण Term Loan under Direct Credit	9,144	9,505
एमएसएमई प्राप्य बिल MSME Receivable Finance	2,869	2,083
कुल प्रत्यक्ष ऋण Total Direct Credit	**12,013**	**11,588**
सकल योग / Grand Total	**61,271**	**55,343**

टिप्पणी : बकाया राशियां विवेकानुसार बट्टे खाते डाले गई राशि तथा एनपीए प्रावधानों को हटाकर दर्शाई गई हैं।

Note: Outstanding figures are net of prudential write off and NPA provision

IV. अप्रत्यक्ष ऋण

सिडबी के सकल ऋण बकाया में अप्रत्यक्ष ऋण का हिस्सा 80% है। इसमें बैंकों, राज्य वित्तीय निगमों को पुनर्वित्त सहायता, बैंकों को बिल पुनर्भुनाई सहायता, अल्प वित्त संस्थाओं को सहायता तथा विभिन्न संस्थाओं व एजेंसियों को संसाधन सहायता शामिल है।

1. सूक्ष्म एवं लघु उद्यम पुनर्वित्त योजना (एमएसईआरएस-सामान्य निधि)

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम पुनर्वित्त योजना (एमएसईआरएस) के अंतर्गत अनुसूचित बैंकों (राज्य सहकारी बैंकों, शहरी सहकारी बैंकों, निजी क्षेत्र के बैंकों, विदेशी बैंकों आदि सहित), चुनिंदा वित्तीय संस्थानों को सहायता दी जाती है, जो कि उनके द्वारा एमएसई क्षेत्र की इकाइयों को दिए गए ऋणों व अग्रिमों से संबंधित बकाया संविभाग के तुल्य राशि

IV. Indirect Credit

Indirect credit constitutes 80% of total credit outstanding of SIDBI. It comprises refinancing support to banks, State Financial Corporations (SFCs), Bills Rediscounting support to banks, assistance to Microfinance Institutions (MFIs) and resource support to various institutions and agencies.

1. Micro & Small Enterprises Refinance Scheme (MSERS - General Fund)

Micro and Small Enterprises Refinance Scheme (MSERS) is offered to Scheduled Banks (including State Co-operative Banks, Urban Co-operative Banks, Private Sector Banks, Foreign Banks etc.), select Financial Institutions for the amount equivalent

होती है बशर्ते इस संविभाग के लिए किसी अन्य संस्थान से कोई वित्तीय सहायता या सिडबी से पुनर्वित्त न लिया गया हो। पुनर्वित्त सामान्यत: छह माह से पांच वर्षों की अवधि हेतु दिया जाता है। ब्याज दर एवं भुगतान की आवृत्ति बाजार की स्थितियों के अनुसार परिवर्तनीय होती हैं। वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान, 17 सार्वजनिक/निजी क्षेत्र के बैंकों को ₹ 35,308 करोड़ की राशि संवितरित की गई।

2. सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्षेत्र हेतु पुनर्वित्त योजना (आरएमएसई-V)

सिडबी की पुनर्वित्त क्षमता में और वृद्धि करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2013-14 के बजट के जरिए आवंटन को बढ़ाकर ₹ 5,000 करोड़ के स्तर से बढ़ाकर ₹ 10,000 प्रतिवर्ष कर दिया। तदनुसार, वित्तीय वर्ष 2013-14 में भारतीय रिज़र्व बैंक ने एमएसई (पुनर्वित्त) निधि के अन्तर्गत सिडबी को ₹ 10,000 करोड़ की समूह निधि आवंटित की। आवंटित की गई ₹ 10,000 करोड़ की समूह निधि में से सिडबी ने ₹ 3,047.03 करोड़ बैंकों के माध्यम से संवितरित किए, जिन्होंने आधार दर पर आगे सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को उधार दिया।

3. विशेष पुनर्वित्त योजना (एसआरएस)

वित्त वर्ष 2013-14 के दौरान, भारतीय रिजर्व बैंक ने ₹ 5,000 करोड़ की एक नई पुनर्वित्त सुविधा विशेष पुनर्वित्त योजना उपलब्ध कराई, जो कि 14 नवंबर, 2013 से एक वर्ष की अवधि हेतु थी। यह सुविधा दिसंबर, 2013 से लागू हुई, जिसका उद्देश्य सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों की प्राप्य राशियों के बदले तरलता सहायता उपलब्ध कराना था, जो कि सीधे तथा कुछ चुनिंदा मध्यवर्तियों जैसे बैंकों, एनबीएफसी एवं राज्य वित्त निगमों के माध्यम से कराई जाती है। इस सुविधा के अंतर्गत पुनर्वित्त की उपलब्धता को 90 दिनों की अवधि तक सीमित कर दिया गया, जोकि उपयोग की तिथि से मानी जाती है तथा इसे 13 नवंबर, 2014 तक आगे बढ़ाया जा सकता था। इस योजना का पूर्ण उपयोग हुआ तथा वर्तमान में इस योजना के अंतर्गत कोई बकाया नहीं हैं।

to the outstanding portfolio relating to loans and advances to units in MSE sector against which no financial support has been sought from any other institution or refinance from SIDBI. The refinance is generally extended for six months to five years. The rate of interest and the frequency of payment are negotiable, depending upon market conditions. During FY 2014-15, a sum of ₹ 35,308 crore was disbursed to 17 Public/Private Sector Banks.

2. Refinance Scheme for Micro and Small Enterprises Sector (RMSE-V)

In order to enhance the refinance capability of SIDBI, the Government of India, through Budget for FY 2013-14 had increased the allocation from a level of ₹ 5,000 crore to ₹ 10,000 crore per year. Accordingly, Reserve Bank of India had allocated a corpus of ₹ 10,000 crore to SIDBI under the MSE (Refinance) Fund FY 2013-14. Out of the corpus of ₹ 10,000 crore allocated, SIDBI disbursed ₹ 3,047.03 crore to micro and small enterprises through banks which had lent to MSEs at base rate.

3. Special Refinance Scheme (SRS)

During the FY 2013-14, Special Refinance Scheme (SRS) a new refinance facility of ₹ 5,000 crore was extended by the Reserve Bank of India effective from November 14, 2013 for a period of one year. The facility aimed at providing liquidity support against the receivables of MSEs directly and through select intermediaries like banks, NBFCs and SFCs, was implemented with effect from December 2013. The availability of refinance under the facility was restricted to 90 days period reckoned from the date of utilization and could be rolled over upto November 13, 2014. The scheme was fully utilized and there is no outstanding under the scheme at present.

4. राज्य वित्तीय निगमों को ऋण सीमा

योजना के अंतर्गत, सिडबी राज्य वित्तीय निगमों द्वारा मंजूर उन सावधि ऋणों के प्रति पुनर्वित्त मंजूर करता है, जो कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम क्षेत्र के औद्योगिक उद्यमों को एमएसएमई क्षेत्र में औद्योगिक परियोजनाएं लगाने तथा उनके विस्तार, आधुनिकीकरण एवं विविधीकरण हेतु दिए गए हों। वार्षिक व्यवसाय योजना एवं संसाधन पूर्वानुमान (बीपीआरएफ) के आधार पर, राज्य वित्तीय निगमों को प्रतिवर्ष पुनर्वित्त सीमाएं मंजूर की जाती हैं। वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान, 5 मानक राज्य वित्तीय निगमों को ₹ 143.46 करोड़ की पुनर्वित्त सीमा मंजूर की गई, जो हैं आंध्रप्रदेश राज्य वित्तीय निगम, दिल्ली वित्तीय निगम, केरल वित्तीय निगम, मध्यप्रदेश वित्तीय निगम एवं तमिलनाडु औद्योगिक निवेश निगम लिमिटेड।

अल्प वित्त

सिडबी अल्पवित्त क्षेत्र को उधार देने के संबंध में एक वृद्धिशील रणनीति अपना रहा है, ताकि उत्तरदायी वित्तपोषण को बढ़ावा देते एवं इसे सुनिश्चित करते हुए संविभाग को बढ़ाया जा सके। तदनुसार, इस क्षेत्र की मांग के अनुरूप, सिडबी ने एक योजना आरंभ की है, जो अच्छे कार्यनिष्पादन वाली अल्पवित्त संस्थाओं को अपेक्षाकृत लंबी मीयाद के ऋण व लिखत उपलब्ध कराती है। साथ ही, सिडबी ने अपेक्षाकृत छोटी अल्पवित्त संस्थाओं को निधीयन एवं क्षमता निर्माण सहायता क्रमिक रूप से बढ़ाई है, जो आंध्रप्रदेश संकट के बाद संस्थागत निधियों से वंचित रह रहीं थीं।

साथ ही, सिडबी छूट हुए मध्य वर्ग (₹ 50,000 - ₹ 10,00,000 के बीच के ऋण) के वित्तपोषण हेतु भी सहायता गैरबैंकिंग वित्तीय कंपनियों/गैरबैंकिंग वित्तीय कंपनी अल्पवित्त संस्थाओं आदि के माध्यम से उपलब्ध करा रहा है। छूट हुए मध्य वर्ग के वित्तपोषण हेतु एडीबी एवं केएफडब्ल्यू से ऋणसीमाएं प्रगति पर हैं।

4. Line of Credit to State Financial Corporation (SFCs)

Under the scheme, SIDBI grants refinance against term loans sanctioned by the SFCs to industrial concerns in micro, small and medium enterprises for setting up of industrial projects in MSME sector and also for their expansion, modernisation and diversification. Based on the annual Business Plan and Resources Forecast (BPRF), refinance limits are sanctioned to SFCs annually. During FY 2014-15, refinance limit of ₹ 143.46 crore was sanctioned to 5 standard SFCs viz., Andhra Pradesh State Financial Corporation (APSFC), Delhi Financial Corporation (DFC), Kerala Financial Corporation (KFC), Madhya Pradesh Financial Corporation (MPFC) and Tamilnadu Industrial Investment Corporation Ltd. (TIIC).

Micro Finance

SIDBI has been following a growth strategy with regard to lending to microfinance sector to increase portfolio, while promoting and ensuring responsible financing at the same time. Accordingly, in line with the sectoral demand, SIDBI has introduced a product which offers longer tenor Loans and Instruments for well-performing Micro Finance Institutions (MFIs). It has also gradually enhanced funding and capacity building support to smaller MFIs, which have been deprived of the institutional funding after the Andhra Pradesh problem.

Further, SIDBI has been providing assistance for financing the Missing Middle Sector (loan in the range of ₹ 50,000 - ₹ 10,00,000) through NBFCs/NBFC-MFIs etc. The Lines of credit from ADB and KfW for financing Missing Middle enterprises are in operation.

भारतीय अल्पवित्त क्षेत्र के बदलते परिवेश एवं नए तथा नवोन्मेषी वित्तीय उत्पादों की बढ़ती जरूरतों के परिप्रेक्ष्य में, सिडबी ने अल्पवित्त संस्थाओं के कार्मिकों के क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया है तथा लगभग 90 मध्यम एवं वरिष्ठ स्तर के अल्पवित्त व्यावसायिकों को विभिन्न आंतरिक एवं विदेशी प्रशिक्षणों हेतु नामित किया।

सिडबी के अल्प वित्त प्रयासों के अन्तर्गत 31 मार्च 2015 तक स्वीकृत संचयी सहायता ₹ 10,719 करोड़ थी, जबकि कुल संचयी संवितरण ₹ 9,366 करोड़ रहा। इसमें ऋण, ईक्विटी एवं अर्ध-ईक्विटी शामिल हैं, किन्तु इण्डिया माइक्रोफायनेन्स ईक्विटी फण्ड (आईएफईएफ) तथा निर्धनतम राज्य समावेशी समृद्धि निधि (पीएसआईजी) शामिल नहीं है। बैंक के अल्प ऋण का बकाया संविभाग 31 मार्च 2015 को ₹ 2,436 करोड़ था। सिडबी से सहायता-प्राप्त और बैंक के बकाया ऋण वाली अल्प वित्त संस्थाओं की संख्या 31 मार्च 2015 को 92 थी। सिडबी के माध्यम से प्रदत्त सहायता से लगभग 332 लाख उपेक्षित लोगों को लाभ हुआ है, जिनमें से अधिकतर महिलाएँ हैं। सिडबी के अल्प वित्त सहायता सम्बन्धी परिचालन की तुलनात्मक स्थिति निम्नलिखित तालिका 2.2 में दर्शाई गई है-

In view of the changing scenario of the Indian Micro Finance Sector and emerging needs of new and innovative financial products, SIDBI has focused on capacity building of MFI personnel and nominated about 90 mid and senior level microfinance professionals for various inland and foreign trainings.

The cumulative assistance (including loans, equity and quasi equity but excluding India Micro Finance Equity Fund (IMEF) & Poorest States Inclusive Growth(PSIG) Fund sanctioned under SIDBI's micro finance initiatives upto March 31, 2015 aggregated ₹ 10,719 crore, while cumulative disbursements aggregated ₹ 9,366 crore. The outstanding micro credit portfolio of the Bank stood at ₹ 2,436 crore, as on March 31, 2015. The number of MFIs assisted by SIDBI and having loan outstanding with the Bank as on March 31, 2015 stood at 92. The assistance through SIDBI has benefited around 332 lakh (approx.) disadvantaged people, most of them being women. The comparative operational highlights of SIDBI's Micro Finance Support are given in the following table 2.2.

तालिका 2.2 : अल्प ऋण योजना तथा ईक्विटी/अर्ध ईक्विटी सहायता के अन्तर्गत सहायता
Table 2.2 : Assistance under Micro Credit Loans and Equity/Quasi Equity Assistance

(₹ करोड़ / crore)

क्रमांक Sr.No.	विवरण Particulars	वित्तीय वर्ष 2013-14 / FY 2013-14		वित्तीय वर्ष 2014-15 / FY 2014-15		संचयी संवितरण Cumulative Disb.
		संवितरण Disb.	बकाया Outstanding	संवितरण Disb.	बकाया Outstanding	
1	अल्प वित्त संस्थाओं को सावधि ऋण Term Loans to MFIs	581.00	1,276.31	941.97	1,532.09	8,635.55
2	निजी वित्त संस्थाओं/गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को 'छूट गए मध्य-वर्ग' सहायता Missing Middle Assistance to PFIs/NBFCs	33.00	75.29	210.00	267.37	346.14
3	अल्प वित्त संस्थाओं को दीर्घकालिक ऋण Long dated Loans to MFIs	0.00	0.00	92.00	92.00	92.00
4	सूक्ष्म उद्यम ऋण प्रत्यक्ष ऋण MEL – Direct Lending	0.00	1.42	0.00	0.77	12.25
5	रूपान्तरण ऋण (टीएल)/रूपान्तरण के लिए समूह-निधि सहायता Transformation Loan (TL)/Corpus support for transformation	0.00	1.85	0.00	1.85	19.05
6	अधीनस्थ ऋण Subordinate Debt.	0.00	100.00	0.00	100	175.00
7	ईक्विटी सहायता Equity Support	0.00	84.89	0.00	84.89	85.55
8	विकल्पत: परिवर्तनीय संचयी अधिमान्य शेयर Optionally Convertible Cumulative Preference Shares	0.00	275.04	0.00	247.46	0.00
9	अनिवार्यत: परिवर्तनीय अधिमान्य शेयर Compulsory Convertible Preference Shares	0.00	109.20	0.00	109.20	0.00
	योग / Total	**614.00**	**1,924.00**	**1,243.97**	**2,435.63**	**9,365.54**

नोट: बकाया आकड़े सकल रुप में हैं।

Note: Outstanding figures are on gross basis.

भारत अल्प-वित्त ईक्विटी निधि

केन्द्रीय बजट 2011-12 में की गई घोषणा के उपरान्त, ₹ 100 करोड़ की समूह निधि वाली भारत अल्प-वित्त ईक्विटी निधि (आईएमईएफ) की स्थापना की गई। इसका मुख्य उद्देश्य अपेक्षाकृत छोटी अल्प वित्त संस्थाओं को ईक्विटी एवं अर्ध-ईक्विटी प्रदान करना था, ताकि उनकी वृद्धि बरकरार रखने, व्यवसाय की मात्रा बढ़ाने और उनके परिचालनों में दक्षता लाने में मदद की जा सके। बाद में, वित्त वर्ष 2013-14 के बजट में इस समूह निधि को बढ़ाकर ₹ 300 करोड़ कर दिया गया।

चूंकि इस निधि का मुख्य उद्देश्य अपेक्षाकृत छोटी अल्प वित्त संस्थाओं को ईक्विटी एवं अर्ध-ईक्विटी प्रदान करना है, ताकि वे अपनी वृद्धि बरकरार रख सकें और उन्हें अपने व्यवसाय की मात्रा बढ़ाने तथा अपने परिचालनों में दक्षता लाने में मदद मिल सके, अत: इस सहायता का उपयोग करते हुए अल्प वित्त संस्थाओं को अपना ईक्विटी आधार बढ़ाना होता है, अपनी पूंजी पर्याप्तता अपेक्षाओं को पूर्ण करना होता है तथा इसका लाभ उठाते हुए अतिरिक्त ऋण जुटाना, परिचालनों को बढ़ाना, दक्षता बढ़ाना तथा एक दीर्घावधि व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य संगठन का निर्माण करना होता है।

31 मार्च 2015 की समाप्ति पर इस योजना के अन्तर्गत बैंक ने ₹ 162.25 करोड़ की राशि की प्रतिबद्धता की है। प्रतिबद्धता राशि में से ₹ 112.71 करोड़ की राशि संवितरित कर दी गई है। (तालिका 2.3)

India Microfinance Equity Fund

Subsequent to the announcement in the Union Budget 2011-12, the India Microfinance Equity Fund (IMEF) with a corpus of ₹ 100 crore was set up by the Govt. of India with the primary objective of providing equity and quasi-equity to smaller MFIs to help them maintain growth and achieve scale and efficiency in their operations. Subsequently the corpus has been enhanced to ₹ 300 crore in the budget of FY 2013-14.

The primary emphasis of IMEF being providing equity and quasi-equity to smaller MFIs to help them maintain growth and achieve scale and efficiency in their operations, the assistance is to be utilized by MFIs to improve their equity base, meet capital adequacy requirements and leverage the same for additional debt raising and scaling-up operations, improve efficiency and build a long term commercially sustainable organisation.

As at end of March 2015, the Bank has committed an amount of ₹ 162.25 crore to 56 MFIs under the Scheme. An amount of ₹ 112.71 crore has been disbursed so far out of the committed amount. (Table 2.3)

तालिका 2.3 आईएमईएफ परिचालन

Table 2.3 IMEF Operations

(₹ करोड़ / crore)

योजना / Scheme	वित्तीय वर्ष 2014 / FY 2014		वित्तीय वर्ष 2015 / FY 2015	
	संवितरण Disbursement	बकाया राशि O/s Amt	संवितरण Disbursement	बकाया राशि O/s Amt
अधीनस्थ ऋण / Sub-Debt	3.00	47.50	3.25	50.75
ईक्विटी / Equity	3.00	11.25	3.46	16.01
ओसीपीएस / OCPS	13.00	33.50	13.75	45.95
योग / Total	**19.00**	**92.25**	**20.46**	**112.71**

बैंक ने डिपार्टमेण्ट ऑफ इण्टरनेशनल डेवलपमेण्ट, यूनाइटेड किंगडम सरकार द्वारा समर्थित निर्धनतम राज्य समावेशी संवृद्धि के अन्तर्गत भी सहायता प्रदान की। योजना की ऋण निधि के अन्तर्गत कुल ₹ 71.29 करोड़ की मंजूर राशि में से 31 मार्च 2015 तक ₹ 65.38 करोड़ का संवितरण कर दिया गया। यथा 31 मार्च 2015 इस योजना के अन्तर्गत ₹ 44.89 करोड़ बकाया था।

संस्थाओं को संसाधन सहायता

बैंक के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को निधियों के वितरण हेतु तथा इस क्षेत्र को सेवा करने के अपने अधिदेश के अनुसार सिडबी गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों का वित्तपोषण करता रहा है, जिनमें आस्ति वित्त कंपनियां तथा ऋण कंपनियां दोनों शामिल हैं। यथा 31 मार्च, 2015, ऐसी संस्थाओं की संसाधन सहायता के अन्तर्गत बकाया राशि ₹ 4,054.30 करोड़ रही।

V. प्रत्यक्ष एमएसएमई ऋण

भारत सरकार की नीति के अनुरूप कार्य करने के उद्देश्य से, सिडबी ने वित्तीय और गैर वित्तीय अंतरालों की पूर्ति की है तथा विशिष्ट वित्तीय उत्पादों एवं आवश्यकता आधारित विकासपरक सेवाओं को आरंभ किया है, जो अन्य संस्थाओं द्वारा पर्याप्त रूप से नहीं उपलब्ध कराई जाती हैं। सिडबी द्वारा पूर्ति किए जा रहे विभिन्न विशिष्ट वित्तीय अंतरालों में शामिल हैं - जोखिम पूँजी/ईक्विटी सहायता, टिकाऊ वित्तपोषण, प्राप्य वित्तपोषण, सेवा क्षेत्र वित्तीयन आदि। इसके मुख्य विवरण तालिका 2.4 में दर्शाई गई है।

The Bank also extended assistance under Poorest States Inclusive Growth programme supported by Department for International Development (DFID), Govt. of UK. Under debt fund scheme of the project, out of total sanction of ₹ 71.29 crore, ₹ 65.38 crore was disbursed upto March 31, 2015. The outstanding under the scheme stood at ₹ 44.89 crore as on March 31, 2015.

Resource Support to Institutions

SIDBI has been financing NBFCs, both Asset Finance Companies (AFCs) and Loan Companies (LC) for channelizing funds to MSMEs in accordance with the policy approved by Bank's Board and as a part of its mandate to serve the sector. The outstanding under resource support to such institutions stood at ₹ 4,054.30 crore as on March 31, 2015.

V. Direct MSME Credit

In order to closely align with the vision of Government of India, SIDBI has mapped the gaps, both financial and non-financial and have ventured into niche financial products and need based development services which are not being adequately provided by other institutions. Various niche financial gaps being addressed by SIDBI are risk capital/equity assistance, sustainable finance, receivable finance, services sector financing, etc. The highlights are given in Table 2.4.

तालिका 2.4 : प्रत्यक्ष वित्त योजनाओं के अंतर्गत सहायता

Table 2.4 : Assistance under Direct Finance Schemes Assistance

(₹ करोड़ / crore)

विवरण / Particulars	वित्तीय वर्ष 2013-14 / FY 2013-14	वित्तीय वर्ष 2014-15 / FY 2014-15
	बकाया राशि / O/s Amt (यथा 31 मार्च / As on March 31)	बकाया राशि / O/s Amt (यथा 31 मार्च / As on March 31)
जोखिम पूंजी / Risk Capital	1,111	1,279
टिकाऊ वित्तपोषण / Sustainable Finance	2,851	2,747
सेवा क्षेत्र / Service Sector	2,191	2,297
प्राप्य वित्तपोषण / Receivable Finance	2,869	2,228
मूलभूत संरचना / Infrastructure	431	326
अन्य / Others	2,560	2,711
कुल प्रत्यक्ष ऋण / Total Direct Credit	**12,013**	**11,588**

टिप्पणी : उक्त आंकड़े विभिन्न योजनाओं हेतु किए गए प्रावधानों को हटाकर हैं।

Note: The figures are as per the Net of Provision of various schemes.

निदेशक मंडल ने 3 नए विशिष्ट क्षेत्रों को सहयोजित करने की मंजूरी प्रदान की। ये हैं : (i) उद्यम समूह विशिष्ट वित्तीय उत्पाद, योजनाएं एवं प्रक्रियाएं (ii) एमएसएमई मूलभूत संरचना हेतु निधीयन तथा (iii) विपणन गतिविधियों हेतु निधीयन। एक विशिष्ट क्षेत्र (फ्रेंचाइजी वित्तपोषण) के कार्यक्षेत्र को विनिर्माण क्षेत्र में भी विस्तारित किया जाना प्रस्तावित है। ये नए विशिष्ट क्षेत्र वित्त वर्ष 2015-16 में परिचालनगत होंगे।

गैर-निधि आधारित सुविधा

परम्परागत बैंकिंग ढाँचे के अन्तर्गत प्रदान की जानेवाली सेवाओं के साथ-साथ, बैंक विभिन्न गैर-निधि आधारित सेवाएं भी प्रदान करता है, जैसे साख पत्र (विदेशी और अन्तर्देशीय, दोनों), गारंटियाँ, मूल्यांकन, ऋण समूहन सम्बन्धी सेवाएँ आदि। वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान गैर-निधि आधारित व्यवसाय का सारांश तालिका 2.5 में दिया गया है।

The Board approved 3 new niche areas for adoption. These are: (i) Cluster specific financial products, schemes and processes, (ii) Funding for MSME Infrastructure and (iii) Funding for Marketing Activities. It is also proposed to extend the scope of one niche area (franchisee financing) to the manufacturing sector also. These new niche areas shall be operationalised in FY 2015-16.

Non-Fund Based Facility

The Bank also provides various non-fund based services like Letters of Credit (both foreign and inland), Guarantees, services for appraisal, loan syndication, etc., in addition to services provided within the traditional banking framework. Summary of business under non-fund based facility during FY 2014-15 is provided in Table 2.5.

तालिका 2.5 : गैर-निधि आधारित व्यवसाय

Table 2.5 : Non-Fund Based Business

(₹ करोड़ / crore)

विवरण / Particulars	वित्तीय वर्ष 2013-14 / FY 2013-14		वित्तीय वर्ष 2014-15 / FY 2014-15	
	सं. No.	बकाया Outstanding	सं. No.	बकाया Outstanding
विदेशी साख-पत्र / Foreign Letter of Credit	76	272.62	60	81.06
अन्तर्देशीय साख-पत्र / Inland Letter of Credit	1	1.66	1	0.65
गारण्टी योजना / Gurantee Scheme	226	50.55	235	55.42
योग / Total	**303**	**324.83**	**296**	**137.13**

VI. संसाधन प्रबन्धन

वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान सिडबी ने कुल ₹ 22,664 करोड़ के संसाधन जुटाए, जबकि वित्तीय वर्ष 2013-14 में ₹ 32,281 करोड़ जुटाए थे। वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान जुटाए गए संसाधनों के विवरण तालिका 2.6 में दिए गए हैं-

VI. Resources Management

Resources aggregating ₹ 22,664 crore were raised by SIDBI during FY 2014-15 as against ₹ 32,281 crore during FY 2013-14. The particulars of resources raised during FY 2014-15 are given in the table 2.6.

तालिका 2.6 सिडबी द्वारा जुटाए गए संसाधन

Table 2.6: Resources raised by SIDBI

(₹ करोड़ / crore)

	वित्तीय वर्ष 2013-14 FY 2013-14	वित्तीय वर्ष 2014-15 FY 2014-15
घरेलू उधार / Domestic Borrowings		
एमएसई (पुनर्वित्त) निधि / MSE (Refinance) Fund	5,000.00	0.00
एमएसएमई (जोखिम पूँजी) निधि / MSME (Risk Capital) Fund	0.00	500.00
भारतीय रिज़र्व बैंक पुनर्वित्त सुविधा / RBI Refinance Facility	5,000.00	5,000.00
मियादी जमा / Fixed Deposits	247.98	697.95
वाणिज्य-पत्र / Commercial Paper	16,877.65	11,044.11
सावधि ऋण / Term Loan	1,500.00	0.00
अप्रतिभूत बन्धपत्र / Unsecured Bonds	2,530.00	3,907.00
उप-योग / Sub-total	31,155.63	21,149.06
विदेशी मुद्रा उधार / Foreign Currency Borrowings		
जाइका VIII # / JICA VIII #	208.79	139.10
जाइका IX # / JICA IX #	—	525.09
केएफडब्ल्यू V @ / KfW V @	198.95	0.00

(₹ करोड़ / crore)

	वित्तीय वर्ष 2013-14 FY 2013-14	वित्तीय वर्ष 2014-15 FY 2014-15
केएफडब्ल्यू VI @ / KfW VI @	75.02	89.34
केएफडब्ल्यू VIII @ / KfW VIII @	11.71	60.64
केएफडब्ल्यू IX @ / KfW IX @	15.77	271.18
विश्व बैंक II / World Bank II	108.69	0.00
विश्व बैंक III (आईबीआरडी का हिस्सा) / World Bank III (IBRD Portion)	322.70	403.61
विश्व बैंक III (आईडीए का हिस्सा) ^ / World Bank III (IDA Portion) ^	0.22	4.19
एएफडी * / AfD *	77.55	0.00
एशियन डेवलपमेण्ट बैंक / Asian Development Bank	81.23	18.85
बहुपक्षीय/द्विपक्षीय एजेंसी से अनुदान ** / Grant from Multilateral/Bilateral Agency **	25.05	2.73
उप-योग / Sub-total	**1,125.69**	**1,514.74**
योग / Total	**32,281.32**	**22,663.80**

जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेन्सी.

@ क्रेडिस्टान्स्टाल्ट फर वीडरफबाउ, जर्मनी.

^ इंटरनेशनल डेवलपमेण्ट एसोसिएशन.

* एजेन्सी फ्रांकाइस डि डेवलपमेण्ट, फ्रान्स.

** डिपार्टमेण्ट फॉर इन्टरनेशनल डेवलपमेण्ट, यू.के.

Japan International Cooperation Agency.

@ Kreditanstalt für Wiederaufbau, Germany.

^ International Development Association

* Agence Francaise de Developpment, France

** Department For International Development, U.K.

वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान क्रेडिट एनालिसिस एण्ड रिसर्च लि. (केयर) ने सिडबी के ₹ 3,000 करोड़ के मियादी जमा कार्यक्रम वाले बकाया ऋण निर्गमों को 'केयर एएए' (ट्रिपल ए), तथा ₹ 7,000 करोड़ के सीपी/सीडी कार्यक्रम के लिए 'केयर ए1+' (ए वन प्लस) रेटिंग दी। इसी प्रकार बकाया बॉण्डों के सम्बन्ध में क्रिसिल ने 'क्रिसिल एएए/स्टेबल' रेटिंग तथा मियादी जमा कार्यक्रम के लिए 'एफएएए/स्टेबल' रेटिंग कायम रखी। क्रिसिल/केयर द्वारा प्रदत्त उपर्युक्त रेटिंगों का इस्तेमाल करते हुए सिडबी ने वर्ष के दौरान बॉण्डों के ज़रिए ₹ 3,907 करोड़ जुटाए। उपर्युक्त रेटिंगों वाली लिखतों को सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता तथा नगण्य निवेश-जोखिम-युक्त माना जाता है।

During FY 2014-15, Credit Analysis and Research Ltd. (CARE) retained 'CARE AAA' (Triple A) rating in respect of outstanding debt issues of SIDBI, the Fixed Deposit Programme of ₹ 3,000 crore and 'CARE A1+' (A One Plus) rating for the CP/CD Programme of ₹ 7,000 crore. Similarly, CRISIL also retained 'CRISIL AAA/Stable' rating in respect of outstanding bonds and 'FAAA/stable' rating for the Fixed Deposit Programme. During the year, SIDBI had raised ₹ 3,907 crore by way of bonds using the above ratings assigned by CRISIL/CARE. Instruments carrying the above ratings are considered to be of the best quality, carrying negligible investment risk.

SIDBI

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक

SMALL INDUSTRIES DEVELOPMENT BANK OF INDIA

3

विश्व बैंक के साथ समझौता ज्ञापन
MOU with World Bank

वित्तीय समावेशन एवं दीर्घकालिक संवृद्धि

Financial Inclusion and Sustainable Growth

सिडबी द्वारा विभिन्न उत्तरदायी ऋण प्रयासों के साथ-साथ, ईक्विटी एवं सावधि ऋण, दोनों ही रूपों में निधीयन सहायता प्रदान करना जारी रखा गया। विश्वबैंक की 'दीर्घकालिक एवं उत्तरदायी अल्पवित्त में वृद्धि (एसयूएसआरएमपी)' नामक परियोजना के अंतर्गत कार्यक्रम की मूल भावना के अनुसार बैंक ने हितधारकों द्वारा की जाने वाली उत्तरदायी ऋण गतिविधियों पर ध्यान केन्द्रित रखना जारी रखा। इस परियोजना का लक्ष्य अल्पवित्त संस्थाओं में ग्राहक संरक्षण को केन्द्र में रखते हुए उचित पद्धतियों को बल देना है। इस दिशा में, आचार-संहिता मूल्यांकन (सीओसीए) के माध्यम से अल्पवित्त संस्थाओं की ऋण और वसूली पद्धतियों को मजबूत बनाते हुए, भारत अल्पवित्त मंच (आईएमएफपी) के माध्यम से अल्पवित्त क्षेत्र में प्रवेश-स्तरों पर सूचनाओं के आदान-प्रदान में सुधार करते हुए, ऋण-प्रदाता मंच आदि के माध्यम से ऋणप्रदाताओं और निवेशकों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान को बढ़ाते हुए, सिडबी ने इस क्षेत्र में अपनी केन्द्रीय भूमिका को जारी रखा है। सिडबी द्वारा छूट-गए मध्य क्षेत्र, अर्थात् ऐसे अल्प उद्यम जिनकी ऋण आवश्यकता ₹ 50,000 से ₹ 10,00,000 के बीच की होती है, को ऋण प्रदान करने की दिशा में, विभिन्न मध्यवर्ती संस्थाओं, जैसे- क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, अल्पवित्त संस्थाओं, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों आदि के सशक्तीकरण पर भी ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है।

उत्तरदायी वित्तपोषण के संबंध में सिडबी के प्रयास

- सिडबी द्वारा सदैव ही विभिन्न उपायों के माध्यम से लघु उद्योग क्षेत्र के लिए विभिन्न मानकों को स्थापित करते हुए एक अग्रणी भूमिका का निर्वाह किया गया है, जैसे क्षमता मूल्यांकन रेटिंग, संविभाग लेखापरीक्षा, आचार-संहिता मूल्यांकन आदि। उत्तरदायी-वित्तपोषण हमेशा ही बैंक की प्राथमिकता में रहा है तथा अल्पवित्त क्षेत्र में आंध्रप्रदेश में जो गतिरोध देखने में आया, उसके काफ़ी पहले से ही बैंक ने उत्तरदायी-वित्तपोषण की अवधारणा को अल्पवित्त क्षेत्र की सहायताप्राप्त इकाइयों के बीच प्रसारित करने का प्रयास शुरू कर दिया था। उत्तरदायी-वित्तपोषण एवं निर्धारित आचार-संहिता का पालन करने को बढ़ावा देने

वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान बैंक ने स्टाफ-सदस्यों व उनके परिवारों के लिए बहु-आयामी कल्याणकारी गतिविधियों के लिए सहायता देना जारी रखा। बैंक के विभिन्न कार्यालयों में गठित कल्याण समितियों को बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों से युक्त केन्द्रीय कल्याण समिति के मार्गदर्शन में निधियाँ आवंटित की गईं, ताकि वे स्टाफ व उनके परिवारों के लिए कल्याण-गतिविधियाँ आयोजित कर सकें।

सूचना प्रौद्योगिकी तंत्र में सुधार

एमएसएमई क्षेत्र को सेवा प्रदान करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए बैंक द्वारा निरंतर प्रयास किए गए हैं। बैंक के कार्यो में परिचालनगत कुशलता बढाने, नियंत्रण व्यवस्था निर्मित करने और प्रबंधन सूचना में सुधार लाने को महत्व देना जारी रहा। आंतरिक/बाह्य रिपोर्टिंग और सूचना के आदान-प्रदान की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बैंक के विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों को एकीकृत करते हुए नया एमआईएस सॉफ्टवेयर कार्यान्वित किया गया। ग्राहक भुगतान में शीघ्रता लाने के लिए आईडीबीआई बैंक के आई-कैश पोर्टल पर ग्राहकों के कूट रूप में आरटीजीएस/एनईएफटी भुगतान विवरण सीधे अपलोड करने के लिए बिल्स फाईनान्स सिस्टम को बढ़ाया गया। सांविधिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, सांविधिक देयताओं जैसे टीडीएस, सेवा कर आदि के भुगतान और टीडीएस, सेवाकर आदि की विभिन्न विवरणियों को जमा करने पर नजर रखने हेतु सॉफ्टवेयर विकसित किया गया। बेहतर निष्पादन और सेवाओं की अधिक गति से प्रदायगी के लिए प्रत्यक्ष वित्त सॉफ्टवेयर को और अधिक सुदृढ किया गया और बढ़ाया गया। महत्त्वपूर्ण घटना निगरानी और चेतावनी तंत्र के माध्यम से जोखिम शमन-प्रणाली आरंभ की गयी। बैंक ने अपने राजकोषीय प्रबंधन सोल्युशन को अपग्रेड किया जो अन्य एप्लिकेशन के साथ एकीकृत है। बेहतर निगरानी तथा ग्राहकों को समय से उत्तर देने के लिए स्वचालित चेतावनी प्रदान करने हेतु शिकायत प्रबंधन के

guidance on sector specific features & financing opportunities/options available. Three such programmes were organized during FY 2014-15.

Staff Welfare Activities

During the year FY 2014-15, the Bank continued its support for multifarious welfare activities for the staff members and their families. Under the guidance of Central Welfare Committee, comprising senior officials of the Bank, funds were allocated to welfare associations of various offices of the Bank to organize welfare activities for staff and their families.

Improvements in Information Technology Set-up

There have been continuous efforts from the Bank to leverage information technology for serving the MSME sector. Emphasis continued to be given to increase operational efficiency of applications, building controls and improving the Management Information System (MIS) in the Bank. New MIS software was implemented integrating different business areas of the Bank to serve internal and external reporting and information sharing requirements. Bills Finance System was enhanced to directly upload encrypted RTGS/NEFT payment details of customers at IDBI Bank's I-Cash portal to expedite customer payments. Software was developed for tracking the payments of statutory dues like TDS, service tax etc. as well as filing of various returns of TDS, service tax etc.; to meet statutory requirements. Direct Finance Software was further consolidated and enhanced for better performance and faster delivery of services. System of risk mitigation was introduced through critical event monitoring and alert mechanism. The Bank upgraded its treasury management solution integrated with other applications. The software for grievance management was enhanced to

सॉफ्टवेयर को बढ़ाया गया। अप्रिय घटनाओं से निबटने के लिए बैंक की तैयारी के परीक्षण के लिए वर्ष के दौरान दो बार जीवंत आपदा बचाव परीक्षण किए गए। उपयोगकर्ताओं और ग्राहकों को बेहतर तथा अधिक शीघ्रता से सेवा देने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी संरचना में सुधार किया गया। विभिन्न स्थानों पर हाई डेफिनेशन एंड पॉइंट जोड़कर वीडियो कान्फ्रेंसिंग सुविधा को मजबूत किया गया। बैंक के अंदर और ग्राहकों व अन्य संस्थानो व एजेंसियों के साथ संवाद करने के लिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग एक महत्वपूर्ण सम्प्रेषण-माध्यम बन गया है, जिससे अधिक तीव्र और कम खर्चीला सम्प्रेषण सुनिश्चित होता है।

सतर्कता

सिडबी में सतर्कता विभाग के प्रमुख एक पूर्ण-कालिक मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) हैं, जो वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नियुक्त होते हैं। प्रधान कार्यालय में स्थित सतर्कता टीम तथा संबंधित क्षेत्रों के क्षेत्रीय सतर्कता अधिकारी मुख्य सतर्कता अधिकारी की सहायता करते हैं।

सतर्कता उद्भाग निवारक और स्वत:स्फूर्त सतर्कता पर बल देता है। उद्भाग ने कुशलता और पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए प्रणालियों तथा प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में अनेक प्रयास किये हैं। निवारक सतर्कता के उपायों की समीक्षा के लिए क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों में निवारक सतर्कता समितियाँ तथा प्रधान कार्यालय में सतर्कता समिति गठित की गई है।

सतर्कता पर एक आंतरिक सलाहकार समिति सभी शिकायतों तथा निरीक्षणों, लेखा-परीक्षा रिपोर्टों, स्टाफ-जवाबदेही रिपोर्टों आदि से निकलकर आनेवाले मामलों की संवीक्षा करती है और अपनी जाँच में सतर्कता संबंधी कोणों की उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति के विषय में सीवीओ को अपनी संस्तुतियाँ देती है।

बैंक के साथ की गई धोखा-धड़ी की जाँच, अनुश्रवण तथा अनुवर्तन के लिए सतर्कता उद्भाग 'नोडल वर्टिकल' के रूप में भी कार्य करता है। साथ ही, सतर्कता उद्भाग बैंक के साथ धोखा-धड़ी के मामलों में तृतीय पक्ष के कारकों की भूमिका के मूल्यांकन और उनके द्वारा बैंक को प्रदान की गई प्रोफेशनल सेवा में पाई गई कमी के लिए, उनके नाम भारतीय बैंक संघ

provide automated alerts for better monitoring and timely response to customers. Live Disaster Recovery tests were successfully carried out twice during the year to test preparedness of the Bank for untoward incidents. Improvement in IT infrastructure was taken up to facilitate better and faster service to users and customers. Video conferencing facility was strengthened by adding High Definition end points at different locations. Video conferencing has become vital communication channel within the Bank and also for communicating with customers and other institutions and agencies ensuring faster and cost effective communication.

Vigilance

The vigilance set-up in SIDBI is headed by a full-time Chief Vigilance Officer [CVO], appointed by the Ministry of Finance, Government of India. CVO is assisted by the Vigilance Team at Head Office and Regional Vigilance Officers at their respective regions.

The Vigilance Vertical lays emphasis on the preventive and proactive vigilance aspects. The vertical has been taking several initiatives for strengthening the systems and procedures to promote efficiency and transparency. Preventive Vigilance Committees at the Regional/Branch levels and the Vigilance Committee at Head Office have been set up to review the preventive vigilance measures.

An Internal Advisory Committee on Vigilance scrutinizes all the complaints or cases arising out of inspections, audit reports, staff accountability reports, etc. and furnishes its recommendations to the CVO regarding the existence or otherwise of the vigilance angle in the issues examined by it.

Vigilance Vertical also acts as the nodal Vertical for investigation, monitoring and follow-up

(आईबीए) द्वारा परिचालित सतर्कता-सूची में दर्ज़ कराने के लिए नोडल एजेंसी के रूप में भी काम करता है। धोखा-धड़ी निरोधक जागरुकता कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में, धोखा-धड़ी की विभिन्न कार्यप्रणालियों को समय-समय पर क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों को बताया जाता है। मुख्य सतर्कता अधिकारी, क्षेत्रीय सतर्कता अधिकारी और सतर्कता टीम, स्टाफ के साथ अपनी आवधिक बैठकों में विभिन्न परिचालनगत कमियों/अनुपालन मुद्दों पर चर्चा करते हैं और दिशानिर्देशों, प्रणालियों और प्रक्रियाओं के पालन के महत्व के बारे में उन्हें जानकारी देते हैं।

शाखाओं की विभिन्न आंतरिक लेखा-परीक्षा रिपोर्टों की समीक्षा सतर्कता उद्भाग द्वारा की जाती है और अनुपालन संबंधी मुख्य मुद्दे संशोधन के लिए तुरंत आगे बढ़ाए जाते हैं। सतर्कता उद्भाग विभिन्न मंचों जैसे प्रधान कार्यालय की सतर्कता समिति, आंतरिक सतर्कता सलाहकार समिति, निदेशक मण्डल की लेखा-परीक्षा समिति, क्षेत्रीय निवारक समिति की बैठकों और अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक - मुख्य सतर्कता अधिकारी की तिमाही बैठकों में वर्तमान प्रणालियों और प्रक्रियाओं में सुधार करने व उन्हे मजबूत करने के सुझाव भी देता है।

वस्तुओं, कार्यों तथा संविदाओं का अभिग्रहण सीवीसी के प्रचलित दिशा-निर्देशों के अनुसार किए जाने के विषय में बैंक द्वारा अपनाई जानेवाली निविदा-प्रक्रिया पर भी सतर्कता विभाग निगरानी रखता है। इस उद्देश्य हेतु यह उद्भाग निश्चित अंतरालों पर, नमूना आधार पर उसी तरह के निरीक्षण करता है जैसे मुख्य तकनीकी जाँच कार्यालय (सीटीईओ) द्वारा किए जाते हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वस्तुओं एवं सेवाओं का अभिग्रहण निर्धारित मानदंडों के अनुसार किया जा रहा है।

सतर्कता कार्य की समीक्षा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा मुख्य सतर्कता अधिकारी के साथ अपनी बैठक में प्रत्येक तिमाही में की जाती है और अन्य सभी महत्वपूर्ण/लंबित मुद्दों पर, यदि कोई हों, सीवीसी दिशानिर्देशों के अनुसार कार्रवाई की जाती है।

सतर्कता उद्भाग सतर्कता गतिविधियों पर एक रिपोर्ट मुख्य सतर्कता आयोग को और उक्त गतिविधियों की अर्धवार्षिक

actions on all cases of frauds perpetrated on the Bank. Further, the Vertical also acts as the nodal Vertical for evaluating the role of third party entities in perpetration of frauds on the Bank and getting their names included in the caution list circulated by the Indian Banks' Association [IBA], for deficiency observed in professional service provided to the Bank by them. As a part of anti fraud sensitization programme, the various modus operandi of frauds are shared with the Regions/Branches from time to time. The CVO, Regional Vigilance Officers (RVOs) and the vigilance team, in their periodic meetings with the staff, discuss the various operational gaps/compliance issues and sensitize the importance of adhering to guidelines, systems and processes.

The various Internal Audit reports of the branches are reviewed by Vigilance and the key compliance related issues are escalated for immediate rectification. The Vigilance Vertical also suggests measures to improve and strengthen the existing systems and processes in various forums like vigilance committee in head office, Internal Advisory Committee on Vigilance, Audit conference, Audit Committee of Board, Regional Preventive Committee meetings and the CMD-CVO quarterly meetings.

Vigilance Vertical maintains a vigil on the tendering process followed by the Bank in procurement of goods, works and contracts in terms of the extant CVC guidelines. Towards this end, the Vertical carries out Chief Technical Examiners Office type inspections periodically, on sample basis, to ensure that the procurement of goods and services is being carried out as per the norms.

The vigilance work is reviewed by the CMD in his meeting with CVO every quarter and all important/pending issues, if any, are dealt with in accordance with the CVC guidelines.

समीक्षा निदेशक मंडल को भी प्रस्तुत करता है।

सतर्कता उद्भाग ने अपने विभिन्न प्रयासों में निर्धारित प्रणालियों और प्रक्रियाओं के अनुपालन की आवश्यकता के बारे में तथा निर्णय लेने की प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और न्यायोचित बनाने के लिए स्टाफ को जागरुक बनाने पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया है। उद्भाग ने बैंक के विभिन्न विभागों जैसे परिसर, प्रशासन, सूचना प्रौद्योगिकी और सतर्कता को शामिल करते हुए 'अभिग्रहण-दिशानिर्देशों' पर कार्यशाला का आयोजन किया। उद्भाग ने मुंबई में निवारक सतर्कता कार्य के रूप में धोखा-धड़ी निवारण पर पहली कार्यशाला का आयोजन भी किया। पहला सतर्कता बुलेटिन 'दक्षता' भी वर्ष के दौरान आरंभ किया गया, जिसका विमोचन 27 जून 2014 को लखनऊ में आयोजित बोर्ड की बैठक में किया गया। सतर्कता के संबंध में जागरूकता और चेतना फैलाने के लिए, उद्भाग ने सिडबी इन्ट्रानेट पर विजिलेन्स ब्लाग भी बनाया है।

वर्ष 2014-15 के दौरान, सिडबी के सतर्कता उद्भाग को लगातार दूसरे वर्ष सार्वजनिक उद्यम संस्थान, हैदराबाद द्वारा बैंकिंग क्षेत्र की श्रेणी में प्रथम सर्वश्रेष्ठ ''सतर्कता उत्कृष्टता पुरस्कार" प्रदान किया गया। यह पुरस्कार सतर्कता प्रबंधन के क्षेत्र में सिडबी द्वारा किए गए अच्छे कार्यों हेतु प्राप्त हुआ तथा देश के सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में सिडबी विजेता के रूप में उभरा है। यह पुरस्कार सिडबी की ओर से मुख्य सतर्कता अधिकारी ने 12 मार्च 2015 को हैदराबाद में आयोजित एक समारोह में प्राप्त किया।

इस प्रकार धोखा-धड़ी, भ्रष्टाचार और कुप्रथाओं को दूर करने/न्यूनतम करने के लिए बैंक के सतर्कता संबंधी कार्यों में परिचालन के सभी स्तरों पर सहभागिता-पूर्ण सतर्कता पर ज़ोर दिया जाता रहा है।

बैंक में राजभाषा नीति का कार्यान्वयन

बैंक के सभी कार्यालयों ने धारा 3(3) के अंतर्गत समाहित

The Vigilance Vertical also submits a report on vigilance activities to CVC and half yearly review of the said activities to the Board of Directors.

Among various initiatives, the Vertical has laid special focus towards sensitizing the staff about the need to adhere to laid down system and procedures and to make the decision making process transparent, fair and equitable. It organized workshop on "Procurement Guidelines", covering various departments of the bank like Premises, Administration, Information Technology (IT) and Vigilance. The vertical also organized first ever workshop on Fraud Prevention as a preventive vigilance function in Mumbai. The first ever Vigilance Bulletin 'Dakshata' was also launched during the year which was inaugurated in the Board Meeting held on June 27, 2014 at Lucknow. To spread vigilance awareness and sensitivity, the vertical also created Vigilance Blog on SIDBI Intranet.

During the year 2014-15, Vigilance Vertical of SIDBI was the recipient of the first best "Vigilance Excellence Award" in the Banking Sector category instituted by "Institute of Public Enterprises, Hyderabad", for the second consecutive year. The award came as recognition of the good work done by SIDBI in the field of vigilance administration and SIDBI emerged the winner from amongst top Public Sector Banks of the country. The award was received by the CVO on behalf of SIDBI at a function held at Hyderabad on March 12, 2015.

The Vigilance function in the Bank has thus been laying emphasis on the participative vigilance at all levels of operations to avoid/ minimize the incidents of frauds, corruption and malpractices.

दस्तावेज द्विभाषी रूप में जारी किए और हिंदी में प्राप्त अथवा हस्ताक्षरित सभी पत्रों के उत्तर हिंदी में देते हुए राजभाषा नियम 1976, के नियम 5 का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया।

बैंक के क्षेत्र 'क', 'ख' एवं 'ग' स्थित कार्यालयों का मूल पत्राचार क्रमश: 97%, 91% और 82% रहा, जबकि इनके लिए सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य 100%, 90% और 55% है। इसी प्रकार, उक्त क्षेत्रों हेतु क्रमश: 75%, 50% और 30% के हिंदी टिप्पण के लक्ष्य की तुलना में हिंदी टिप्पण 86%, 68% और 53% रहा। प्रधान कार्यालय स्थित उद्भागों तथा सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की प्रमुख मदों की समीक्षा प्रधान कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति में की गई तथा पत्रों, ई संदेशों आदि के माध्यम से उन्हें सतत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। बैंक के 39 कार्यालयों को राजभाषा नियम 1976 के नियम 10(4) के अंतर्गत भारत के शासकीय राजपत्र में अधिसूचित करा दिया गया है। इसके अतिरिक्त 26 अन्य कार्यालयों को भी अधिसूचित कराने का प्रस्ताव वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार को प्रेषित किया गया है। बैंक में प्रयुक्त विभिन्न लेखा-परीक्षा मैनुअल अब द्विभाषी रूप में तैयार कर लिया गया है। इसके अलावा आइकैप नीति, आईटी नीति, अनुपालन नीति, ऋण नीति, जोखिम प्रबंधन नीति, निवेश नीति, संपार्श्विक प्रतिभूति नीति, परिचालन जोखिम नियंत्रण नीति, मूल्यांकन नीति, सतर्कता मैनुअल आदि भी द्विभाषी रूप में जारी किए गए।

हिंदी में प्रवीणताप्राप्त स्टाफ सदस्यों (श्रेणी-IV को छोड़कर) को अपना संपूर्ण कार्यालयीन कार्य हिंदी में करने हेतु व्यक्तिश: आदेश जारी किए गए। हिंदी न जानने वाले स्टाफ का एक रोस्टर तैयार किया गया है तथा उन्हें हिंदी शिक्षण योजना, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान या पत्राचार पाठ्यक्रम के माध्यम से हिंदी प्रशिक्षण दिलाने की व्यवस्था की गई है।

हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त सभी स्टाफ सदस्यों को बैंक के विभिन्न कार्यालयों में आयोजित कुल 65 हिंदी कार्यशालाओं

Implementation of the Official Language Policy in the Bank

All offices of the Bank issued the documents falling under Section 3(3) in bilingual and ensured compliance of Rule 5 of The Official Language Rules, 1976 by replying to in Hindi all letters received or signed in Hindi.

The originating Hindi correspondence from the offices situated in the regions 'A', 'B' and 'C' stood at 97%, 91% and 82% respectively, as against the targeted 100%, 90% and 55%. Similarly, the targets of Hindi notings for the above regions were fixed at 75%, 50% and 30% respectively, the attainments against which stood at 86%, 68% and 53%. The main items of Official Language Implementation in the HO verticals as well as at the ROs were reviewed in the Official Language Committee at the HO and guidance provided to them vide letters, e-mails etc. on an on-going basis. As many as 39 offices of the Bank have been notified under Rule 10(4) of the Official Language Rules 1976, in the official gazette of India. A proposal to notify other 26 offices has also been sent to the Department of Financial Services, GoI. The Audit Manual used in the Bank has since been prepared in bilingual form. Besides, ICAAP policy, IT policy, Compliance Policy, Loan Policy, Risk Management Policy, Investment Policy, Collateral Security Policy, Operational Risk Control Policy, Evaluation Policy, Vigilance Manual etc. were also issued in bilingual.

The staff-members (except those in class-IV) possessing a proficiency in Hindi were issued individual orders to carry out their entire office work in Hindi. A roster has been prepared for the staff not having working knowledge of Hindi and an arrangement made for imparting them Hindi training through the Hindi Teaching Scheme, Central Hindi Directorate or through correspondence courses.

में नामित किया गया, ताकि उन्हें अपना दैनंदिन कार्यालयीन कामकाज हिंदी में करने हेतु प्रशिक्षित किया जा सके। चूंकि बैंक का अधिकांश कार्य कंप्यूटरों के माध्यम से संपन्न होता है, अत: प्रत्येक कार्यशाला में यूनिकोड के माध्यम से हिंदी में काम करने पर अनिवार्य सत्र रखे गए, जिनमें अभ्यास पर अधिक बल दिया गया। क्षेत्रीय कार्यालयों ने अपनी सभी अधीनस्थ शाखाओं से संबद्ध स्टाफ हेतु कार्यशालाएं संचालित कीं। इन कार्यशालाओं को रोचक बनाने के उद्देश्य से प्रधान कार्यालय में साइंटून, ब्लागिंग, खानपान और स्वास्थ्य, पर्यावरण-रक्षा आदि विषयों पर विशेष सत्र रखे गए और स्थानीय विशेषज्ञों को सत्र के लिए आमंत्रित किया गया।

तिमाही हिंदी पत्रिका 'संकल्प' बैंक के स्टाफ सदस्यों को पढ़ने तथा हिंदी में लिखने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से नियमित रूप से प्रकाशित की गई। इस वर्ष भी हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में बैंक के सभी कार्यालयों ने हिंदी पखवाड़ा मनाया, जिसके अंतर्गत कई रोचक गतिविधियां व प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। हिंदी में कार्य करने हेतु प्रतिस्पर्धी माहौल बनाने के उद्देश्य से बैंक में अंतर कार्यालय राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता तथा सर्वोत्तम राजभाषा प्रतिनिधि योजना नामक दो प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

बैंक विगत कुछ वर्षों से एक अखिल भारतीय हिंदी निबंध प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है, जिसका लक्ष्य अखिल भारतीय स्तर पर बैंकों व वित्तीय संस्थाओं में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करना है। वर्ष के दौरान 10वीं अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधान कार्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालयों ने 37 राजभाषा निरीक्षण संपन्न किए।

सिडबी एम एस एम ई अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान, भुवनेश्वर में बैंक के हिन्दी अधिकारियों के लिए अनुवाद प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, नई दिल्ली के वरिष्ठ अधिकारियों को सत्र संचालन के लिए आमंत्रित किया गया। इस अभ्यासपरक प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण सामग्री का हिंदी अनुवाद संपन्न किया गया। वर्ष के दौरान विभिन्न केंद्रो

All staff-members possessing working knowledge of Hindi were nominated in 65 Hindi workshops organized during the year at various offices of the Bank, so as to train them in carrying out their day to day official work in Hindi. As almost entire business of the Bank is transacted on computers, a session on working in Hindi using Unicode was essentially included in each workshop, with an emphasis on practical exercises. The Regional Offices conducted workshops for the staff attached to the branches under their jurisdiction. Special sessions on scientoons, blogging, food and health, environment conservation, etc. were held during these workshops, inviting locally available specialists on the topics, so as to make them more and more engrossing.

The quarterly Hindi magazine 'Sankalp' was published regularly with an objective to motivate the staff members for reading and writing in Hindi. This year too, on the occasion of Hindi Day, all offices of the Bank celebrated Hindi Fortnight, which was marked by several interesting activities and competitions. With a view to creating a competitive environment for working in Hindi, two competitions, viz inter-office Rajbhasha Shield Pratiyogita and Sarvottam Rajbhasha Pratinidhi Yojana were held in the Bank.

The Bank has been organizing an all-India Hindi essay competition for past few years, which is aimed at encouraging the usage of Hindi in the banks and financial institutions on an all-India level. The 10th all-India essay competition was organized during the year. The Head Office and the Regional Offices conducted 37 official language inspections.

A Translation Training Camp was organized for the Hindi Officers of the Bank in SIDBI MSME International Training Institute, Bhubaneswar.

पर 'राजभाषा प्रयोग - आपसी संवाद - सार्थक दिशा' शीर्षक विचार-विमर्शपरक सत्रों का भी आयोजन किया गया, ताकि उनमें समस्त स्टाफ-सदस्यों को राजभाषा के सम्बध में संसदीय राजभाषा समिति तथा वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार की अपेक्षाओं से अवगत कराया जा सके। सिडबी एमएसएमई अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान, भुवनेश्वर में 19 व 20 मई 2014 को बैंक के हिंदी अधिकारियों के लिए दो-दिवसीय अखिल भारतीय हिंदी अधिकारी सम्मेलन का भी आयोजन किया गया।

बैंक ने गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित इंदिरा गांधी राजभाषा शील्ड योजना के अंतर्गत लगातार दो बार यानी 2012-13 तथा 2013-14 के लिए द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। उक्त पुरस्कार बैंक के तत्कालीन उप प्रबंध निदेशक श्री एन.के. मैनी ने 14 सितम्बर 2014 तथा 13 नवम्बर 2014 को महामहिम राष्ट्रपति महोदय के कर कमलों से प्राप्त किया। बैंक को वर्ष 2012-13 एवं 2013-14 के लिए क्रमश: 'ग' एवं 'ख' क्षेत्र में उत्कृष्ट हिन्दी कार्यान्वयन के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक शील्ड प्रतियोगिता में प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त हुआ। उक्त पुरस्कार भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर द्वारा प्रदान किया गया। श्रीमती अनिता सचदेवा, महाप्रबंधक (हिन्दी) को वित्तीय सेवाएं विभाग से (वर्ष 2013-14 के लिए) बैंक में हिन्दी कार्यान्वयन के लिए ''राजभाषा गुणवत्ता पुरस्कार'' एवं (2012-13 के दौरान) उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय से प्रशंसा-पत्र प्राप्त हुआ।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का कार्यान्वयन

बैंक, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का कार्यान्वयन कर रहा है। तदनुसार, जैसाकि उक्त अधिनियम की धारा 4(1) ख के अंतर्गत परिकल्पित है, बैंक ने अपनी वेबसाइट (www.sidbi.in) पर संस्था के कार्यों व कर्तव्यों, अपने कार्यों के निर्वहन के लिए बैंक द्वारा निर्धारित मानदंडों, अपने

Senior officials from the Central Translation Bureau, New Delhi were invited to handle sessions in the training programme. Training material was translated in Hindi, during this practice-oriented training camp. Interactive sessions called 'Rajbhasha Prayog - Apasi Samvad - Sarthak Disha' were organized at various centres to apprise all staff members therein of the expectations of the Parliamentary Committee on the Official Language and the Department of Financial Services, GoI. A two-day all-India Hindi Officers' Conference was organized during May 19 - 20, 2014 at SIDBI MSME International Training Institute, Bhubaneswar for the Hindi Officers of the bank.

The Bank won coveted second prize for two consecutive years i.e. year 2012-13 and 2013-14 under Indira Gandhi Rajbhasha Shield Yojana, being conducted by the Ministry of Home Affairs, GoI. The above prizes were received by the then Deputy Managing Director Shri N.K. Maini on September 14, 2014 and November 13, 2014 from the Hon'ble President of India. The Bank also received consolation prizes for commendable Hindi implementation in the region 'C' & region 'B' during the year 2012-13 and 2013-14 respectively under the Reserve Bank of India Rajbhasha Shield Pratiyogita. The prizes were awarded by the Governor of RBI. Smt. Anita Sachdeva, General Manager (Hindi) received 'Rajbhasha Gunvatta Puraskar' (2013-14) from the Department of Financial Services, Ministry of Finance and a letter of appreciation for exemplary Hindi implementation (during 2012-13) in the Bank from the Rajbhasha Vibhag, Ministry of Home Affairs.

Implementation of Right to Information Act, 2005

The Bank is implementing the Right to Information Act, 2005. Accordingly, the Bank

अधिकारियों व कर्मचारियों की शक्तियों व कर्तव्यों, संगठनात्मक चार्ट, अधीनस्थ विधानों आदि को प्रदर्शित किया है। वेबसाइट पर दी गई जानकारी को नियमित रूप से अद्यतन किया जाता है। अधिनियम के तहत बैंक ने एक केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ), वैकल्पिक केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी, केन्द्रीय सहायक लोक सूचना अधिकारी तथा प्रथम अपीलीय प्राधिकारी और वैकल्पिक प्रथम अपीलीय प्राधिकारी पदनामित किए हैं, जिनके विवरण बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। केन्द्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के निदेशानुसार, अधिनियम की धारा 4 के बेहतर तरीके से कार्यान्वयन के उद्देश्य से बैंक ने एक पारदर्शिता अधिकारी भी पदनामित किया है, ताकि सूचना का अधिकार के अंतर्गत की जानेवाली पूछताछ का सीपीआईओ द्वारा समय पर उत्तर देने के लिए अनुकूल स्थितियाँ निर्मित हो सकें। वर्ष के दौरान सूचना पाने के लिए बैंक को 274 आवेदन प्राप्त हुए और सभी आवेदनों को अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत विनिर्धारित समय-सीमा में निस्तारित कर दिया गया।

वर्ष के दौरान बैंक के प्रथम अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष 17 अपीलें की गईं, जिन्हें सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत विनिर्धारित समय-सीमा में निस्तारित कर दिया गया। प्रथम अपीलीय प्राधिकारी के निर्णयों के विरुद्ध सात द्वितीय अपीलें केन्द्रीय सूचना आयोग के समक्ष की गईं। सीपीआईओ द्वारा सूचना प्रस्तुत करने अथवा प्रथम अपीलीय प्राधिकारी द्वारा अपीलों पर निर्णय देने, किसी के भी संबंध में कोई विलंब नहीं हुआ है। सभी तिमाही ऑन लाइन विवरणियां नियमित रूप से समय पर केन्द्रीय सूचना आयोग को प्रस्तुत की गयीं। सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए बैंक के किसी अधिकारी पर अर्थ-दंड/दंड नहीं लगाया गया है।

नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व

नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व के संबंध में सिडबी द्वारा किये गए कार्यकलाप, मुख्यतया समाज के लिए प्रासंगिक हैं, जो सरकार के बड़े अधिदेशों की पूर्ति करते हैं। प्रयास रहता है कि सिडबी के व्यवसाय संबंधी कार्यकलापों के साथ नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व संबंधी कार्यकलापों का सामन्जस्य रहे। जो अन्य नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यकलाप संपादित किये

has displayed in its website (www.sidbi.in) functions and duties of the organization, norms set by the Bank for discharge of its functions, powers and duties of its officers and employees, organization chart, sub-ordinate legislations, etc. as envisaged under Section 4(1)(b) of the Act. The information displayed in its website is regularly updated. The Bank has designated a Central Public Information Officer (CPIO), Alternate Central Public Information Officer, Central Assistant Public Information Officers and First Appellate Authority and Alternate First Appellate Authority, in terms of the Act, the details of which are available on the Bank's website. In terms of the directives of Central Information Commission (CIC), the Bank has also designated a Transparency Officer for the better implementation of Section 4 of the Act with a view to promote congenial conditions for timely response by CPIO to RTI queries. During the year, the Bank received 274 applications seeking information and all the applications were disposed off as per the provisions of the Act within stipulated time.

During the year, 17 appeals were made to the First Appellate Authority (FAA) of the Bank, which were disposed of within stipulated time as per the provisions of the RTI Act. Against the decisions taken by FAA, seven, 2nd appeals were preferred before the CIC. There has been no delay in either furnishing information by the CPIO or in deciding appeals by the FAA. All the quarterly online returns have been regularly submitted to CIC on time. No officer of the Bank has been fined/penalized for violation of the provisions of the RTI Act.

Corporate Social Responsibility

The Corporate Social Responsibility (CSR) activities undertaken by SIDBI are primarily for

जाते हैं उनमें मुख्य रूप से समाज के लिए प्रासंगिक कार्यों, जैसे प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों को सहायता पहुँचाना, पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकियों को सहायता देना, शारीरिक रूप से अक्षम तथा उपेक्षित लोगों को सहायता पहुँचाना, समाज के उपेक्षित तबके के लिए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना करना शामिल हैं। नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व संबंधी कार्य के हिस्से के रूप में बैंक ने भारत सरकार द्वारा प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में शौचालयों के निर्माण हेतु स्वच्छ विद्यालय कैम्पेन के लिए गठित स्वच्छ भारत कोष में ₹ 2 करोड़ का योगदान भी किया है। वित्तीय वर्ष 2014-15 के नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व संबंधी 4 करोड़ के बजट में से 50% का उपयोग स्वच्छ भारत कोष में अंशदान के लिए किया गया और विभिन्न राज्यों में फैली 20 सुपात्र परियोजनाओं के लिए ₹ 1.65 करोड़ की मंजूरी की गयी है। इस प्रकार नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व संबंधी कार्यकलापों के लिए संचयी रूप से ₹ 3.65 करोड़ की मंजूरी की गयी है।

डिबेंचर ट्रस्टीज

वर्तमान में सिडबी के बकाया बांड निर्गमों के लिए ऐक्सिस बैंक लिमिटेड और आल बैंक फाईनांस लिमिटेड दो डिबेंचर ट्रस्टीज हैं जिनका विवरण निम्नलिखित है:

सिडबी एमएसएमई अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान

बैंक के रजत जयन्ती वर्ष समारोह के साथ भुवनेश्वर में स्थित

socially relevant causes that would subserve the larger mandate of the government. Endeavour is made to ensure that, the CSR activities dovetail with SIDBI's business activities. Other CSR activities undertaken are primarily for socially relevant causes like relief to victims of natural calamity, supporting environment friendly technologies, support to physically challenged and under privileged person, support for setting up skill development centers for under privileged section of the society. As part of CSR, the Bank also contributed ₹ 2.00 crore to SWACHH BHARAT KOSH (SBK) set up by Government of India towards construction of toilets in elementary and secondary schools as part of SWACHH VIDYALAYA CAMPAIGN. Out of CSR budget of ₹ 4 crore for FY 2014-15, 50% of the budget was utilized towards contribution to SBK and sanctions were accorded to over 20 worthwhile projects spread across various states amounting to ₹ 1.65 crore taking the total aggregate sanction under CSR to ₹ 3.65 crore.

Debenture Trustees

Presently, there are two debenture trustees for SIDBI's outstanding bond issues, viz. Axis Bank Limited and AllBank Finance Ltd. Their contact details are:

उर्जा दक्षता के सम्बन्ध में जागरूक बनाने हेतु कार्यक्रम
Programme for Sensitisation on Energy Efficiency

आईएसएन:INE556F08ID4, INE556F08IO1, INE556F08IP8 ISIN: INE556F08ID4, INE556F08IO1, INE556F08IP8	शेष आईएसआईएन के लिए For rest of the ISINs
ऐक्सिस बैंक लिमिटेड, ऐक्सिस हाउस, द्वितीय तल, ''ई'', बाम्बे डाइंग मिल कंपाउंड, पांडुरंग बुधकर मार्ग, वर्ली, मुंबई दूरभाष : 022-24255215/16 फैक्स : 022-24254200 ई मेल : debenturetrustee@axisbank.com संपर्क : श्री कान्हू हरिचंदन Axis Bank Limited, Axis House, 2nd Floor, "E", Bombay Dyeing Mill Compound, Pandurang Budhkar Marg, Worli, Mumbai. Tel: 022-24255215/16 Fax: 022- 24254200 E-mail: debenturetrustee@axisbank.com Contact Person: Mr. Kanhu Harichandan	आल बैंक फाईनांस लिमिटेड (इलाहाबाद बैंक के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी) कॉरपोरेट कार्यालय, इलाहाबाद बैंक बिल्डिंग द्वितीय तल, 37, मुंबई समाचार मार्ग फोर्ट, मुंबई - 400023 बोर्ड : +91- 22-22626283 एक्सटेंशन:24 फैक्स : +91-22- 22677552 ईमेल : companysecretary@allbankfinance.com संपर्क : सुश्री मेल्विता लेविस कंपनी सेक्रेटरी सह अनुपालन अधिकारी AllBank Finance Ltd. (wholly owned subsidiary of Allahabad Bank) Corporate Office: Allahabad Bank Building, 2nd Floor, 37, Mumbai Samachar Marg, Fort, Mumbai - 400 023. Board : +91 – 22 – 22626283 Ext: 24 Fax: +91-22-22677552 Email: companysecretary@allbankfinance.com Website: www.allbankfinance.com Contact Person : Ms. Melvita Lewis Company Secretary cum Compliance Officer.

''सिडबी एमएसएमई अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान (सिटी)'' का पूर्ण परिचालन वित्त वर्ष 2013-14 में शुरू हुआ। वर्ष के दौरान सिटी ने 28 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये, जिसमे 572 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित कराया गया। उनमें से कुछ विशिष्ट कार्यक्रम इस प्रकार हैं:

- बैंक के आंतरिक और वाह्य परिचालनों की प्रतिस्पर्धा-क्षमता की धार को बढ़ाने के लिए प्रकियाओं के सरलीकरण व पुनर्निधारण के लिए प्रक्रिया सुधार कार्यशाला,
- शाखा प्रभारियों के लिए व्यवसाय रणनीति कार्यशाला,
- अल्प वित्त संस्थाओं के लिए लैंगिक भेदभाव संबंधी जागरूकता

SIDBI MSME International Training Institute

SIDBI MSME International Training Institute (SITI) at Bhubaneswar became operational in FY 2013-14 commensurating with the Silver Jubilee Year Celebration of the Bank. During the year, SITI has conducted 28 training programmes covering 572 participants. Some of the specialised programmes are;

- Process Improvement Workshop (PIW) for simplification, redefining processes to sharpen the Bank's competitive edge in internal and external operations,
- Business Strategy Workshop for Branch In-charges,

- जम्मू एवं कश्मीर राज्य वित्त निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यशाला
- केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से हिन्दी अधिकारियों के लिए उन्नत अनुवाद प्रशिक्षण
- अधिवार्षिता प्राप्त करने वाले अधिकारियों के लिए कार्यशाला

आभार-ज्ञापन

भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक से प्राप्त मूल्यवान सहयोग के लिए निदेशक मंडल उनका आभार ज्ञापित करता है। साथ ही, निदेशक मंडल विश्व बैंक समूह, जापान इन्टरनेशनल को-ऑपरेशन एजेन्सी (जाइका), जापान; डिपार्टमेंट फॉर इन्टरनेशनल डेवलपमेंट (डीएफआईडी), यू.के.; क्रेडिटान्स्टाल्ट फर वीडरफबाउ (केएफडब्ल्यू), जर्मनी; दि ड्यूश जेसेल्शाफ फर इन्टरनेशनाल ज़ुसाम्मेनारबीट (जीआईजेड), जर्मनी; इन्टरनेशनल फन्ड फॉर ऐग्रीकल्चरल डेवलपमेंट (आईएफएडी), रोम; फ्रेंच

- Gender Sensitization for Micro Financing Institutions,
- Capacity Building Workshop for senior officers of Jammu and Kashmir State Financial Corporation,
- Advanced programme in translations for Hindi Officers in association with Central Translation Bureau Ministry of Home Affairs, GOI and
- Workshop for Superannuating Officers.

Acknowledgements

The Board acknowledges the valuable support received from the Government of India and the Reserve Bank of India. The Board is also thankful to the World Bank Group; Japan International Cooperation Agency (JICA); Department for International Development (DFID), U. K.; Kreditanstalt fur Wiederaufbau (KfW), Germany; The Deutsche Gesellschaft

सिडबी को सार्वजनिक उद्यम संस्थान, हैदराबाद द्वारा बैंकिंग क्षेत्र में प्रथम सर्वश्रेष्ठ ''सतकर्ता उत्कृष्टता पुरस्कार''

SIDBI was awarded first best 'Vigilance Excellence Award' in the Banking Sector by "Institute of Public Enterprises, Hyderabad"

डेवलपमेंट एजेंसी (एएफडी), फ्रांस तथा एशियन डेवपमेंट बैंक को उनसे अनवरत मिलनेवाली संसाधन सहायता तथा तकनीकी सहयोग के लिए धन्यवाद देता है। बैंकों, राज्य-स्तरीय संस्थाओं, उद्योग संघों तथा एमएसएमई क्षेत्र के संवर्द्धन व विकास में लगे अन्य हित-धारकों से मिले सहयोग के लिए बोर्ड उनकी सराहना करता है।

बैंक अपने सभी ग्राहकों व निवेशकों को भी उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देता है और आशा करता है कि आनेवाले वर्षों में भी उनका सहयोग लगातार मिलता रहेगा। निदेशक मंडल सिडबी के सभी स्तरों के स्टाफ द्वारा वर्ष के दौरान प्रदत्त सेवाओं को संज्ञान में लेते हुए उनकी सराहना करता है, जिन्होंने बैंक को विकास के उच्चतर धरातल तक ले जाने में अटूट प्रतिबद्धता, सत्य-निष्ठा और समर्पण-भावना का परिचय दिया है।

fur Internationale Zusammenarbeit (GIZ), Germany; International Fund for Agricultural Development (IFAD), Rome; French Development Agency (AfD), France and Asian Development Bank (ADB) for their continued resource support and technical cooperation. The Board places on record its appreciation for the co-operation extended to SIDBI by banks, state level institutions, industry associations and other stakeholders engaged in the promotion and development of the MSME sector.

The Bank also thanks all its clients and investors for their co-operation and looks forward to the continued support in the years to come. The Board recognizes and places on record its appreciation for the services of SIDBI staff, at all levels, who showed strong and continued commitment, integrity and dedication to take the Bank on a higher growth trajectory during the year.

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
SMALL INDUSTRIES DEVELOPMENT BANK OF INDIA

6

कलिंग औद्योगिक प्रौद्योगिकी संस्थान, भुवनेस्वर में सिडबी नवोन्मेष केंद्र का उद्घाटन
Inaguration of SIDBI Innovation Centre at Kalinga Institute of Industrial Technology (KIIT), Bhubaneswar

सिडबी की सहायक एवं सहयोगी संस्थाएं

Subsidiaries and Associate Organisations of SIDBI

I. सिडबी उद्यम पूंजी लिमिटेड

सिडबी उद्यम पूंजी लिमिटेड (एसवीसीएल) की स्थापना 1999 में उद्यम पूंजी निधियों (वीसीएफ)/वैकल्पिक निवेश निधियों (एआईएफ) के प्रबंधन हेतु एक पूंजी प्रबंधन कंपनी के रूप में की गयी थी। विगत वर्षों के दौरान एसवीसीएल भारत में लघु एवं मध्यम क्षेत्र की कंपनियों की ओर उन्मुख अग्रणी संस्थागत निवेश प्रबंधन कंपनियों में से एक बन चुकी है।

वर्तमान में एसवीसीएल, सॉफ्टवेयर एवं सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग हेतु राष्ट्रीय उद्यम निधि (एनएफएसआईटी), एसएमई संवृद्धि निधि (एसजीएफ) (सिडबी एसएमई उद्यम निधि की प्रथम इकाई), इंडिया अपार्चुनिटीज़ निधि (आईओएफ) (सिडबी एसएमई उद्यम निधि की द्वितीय इकाई) समृद्धि निधि (एसएफ) (सिडबी सामाजिक उद्यम ट्रस्ट की इकाई योजना) तथा टेक्स निधि (टीएफ) (लघु विकास ट्रस्ट की इकाई योजना) के लिए निवेश प्रबंधक के रूप में कार्य कर रहा है।

एसवीसीएल ने अब तक विभिन्न क्षेत्रों की 80 आरंभिक तथा संवृद्धिशील कंपनियों में निवेश किया है, जिनमें आईटी/आईटीईएस, सेवा, खुदरा, फार्मा, ऑटो कम्पोनेंटस, जैविक ईंधन, वस्त्र तथा परिधान, लॉजिस्टिक्स इत्यादि तथा स्वास्थ्य सेवायें, वित्तीय सेवायें, जल, डेयरी, कृषि तथा तत्संबंधी सेवायें इत्यादि क्षेत्रों के टिकाऊ सामाजिक उद्यम शामिल हैं। इसने अपने प्रथम 2 वीसीएफ यथा एनएफएसआईटी एवं एसजीएफ की 56 में से 43 कंपनियों से पूर्ण अथवा आंशिक रूप से बहिर्गमन कर लिया है।

सॉफ्टवेयर तथा सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग हेतु राष्ट्रीय उद्यम निधि (एनएफएसआईटी)

एनएफएसआईटी सीमित अवधि वाली उद्यम निधि है, जिसकी स्थापना अगस्त 1999 में की गयी थी। इस की समूह निधि ₹ 100 करोड़ है, जिसमें संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार (₹ 30 करोड़), आईडीबीआई (₹ 20 करोड़) तथा सिडबी (₹ 50 करोड़) का प्रतिबद्ध अंशदान है। इस निधि

I. SIDBI Venture Capital Limited

SIDBI Venture Capital Limited (SVCL) was established in 1999 as an Investment Management Company for managing Venture Capital Funds (VCFs)/Alternative Investment Funds (AIFs). Over the years, SVCL has evolved into one of the leading institutional investment management companies in India having focus on the small and medium sector companies in India.

SVCL, at present, is acting as the Investment Manager for National Venture Fund for Software and Information Technology Industry (NFSIT), SME Growth Fund (SGF) [first unit scheme of SIDBI SME Venture Fund], India Opportunities Fund (IOF) [second unit scheme of SIDBI SME Venture Fund], Samridhi Fund (SF) [unit scheme of SIDBI Social Venture Trust] and TEX Fund (TF) [a unit scheme of Laghu Vikas Trust].

SVCL has so far invested in 80 early and growth stage companies from diversified sectors such as IT/ITES, services, retail, pharma, auto components, bio-fuels, textile & garments, logistics etc. and sustainable social enterprises in sectors such as healthcare, financial services, water, dairy, agriculture and allied services etc. It has fully or partially divested its investments in 43 of 56 companies of its first 2 VCFs, viz. NFSIT and SGF.

National Venture Fund for Software & Information Technology Industry (NFSIT)

NFSIT is a close ended venture fund established in August 1999. The fund has a committed corpus of ₹ 100 crore, the contributors being Ministry of Communications and Information Technology (₹ 30 crore), IDBI (₹ 20 crore) and SIDBI (₹ 50 crore). The main objective of establishing the fund was to provide

की स्थापना का मुख्य उद्देश्य सॉफ्टवेयर एवं सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के असूचीगत लघु एवं मध्यम उद्यमों को ईक्विटी तथा ईक्विटी से जुड़े लिखतों के माध्यम से उद्यम पूंजी सहायता उपलब्ध कराना था। इस निधि ने 31 कंपनियों में निवेश किया है। एनएफएसआईटी ने 24 कंपनियों से पूर्ण रूप से तथा 3 कंपनियों से आंशिक रूप से सफलतापूर्वक बहिर्गमन कर लिया है, जबकि इसे 2 कंपनियों में निवेश को बट्टे खाते में डालना पड़ा है।

एनएफएसआईटी के निवेश के अनुवर्ती प्रभाव का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि ये निवेशिती कपनियां विदेशी उद्यम पूंजी निधियों से अतिरिक्त पूंजी जुटाने तथा विदेशी कंपनियों द्वारा अधिग्रहण के रास्ते ₹ 750 करोड़ का विदेशी निवेश देश में लाने में सफल रही हैं।

एसएमई संवृद्धि निधि (एसजीएफ)

एसएमई ग्रोथ फन्ड (एसजीएफ) निश्चित अवधि वाली उद्यम पूँजी निधि है, जिसकी स्थापना सितम्बर 2004 में ₹ 500 करोड़ की प्रतिबद्ध समूह निधि से की गई। इसका अंशदान सिडबी और भारत के अन्य अग्रणी वाणिज्यिक बैंकों जैसे भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नैशनल बैंक, बैंक आफ बड़ौदा इत्यादि ने किया है। यह एक क्षेत्र निरपेक्ष निधि है, जिसकी स्थापना विभिन्न क्षेत्रों के असूचीगत उद्यमों को ईक्विटी तथा ईक्विटी से जुड़े लिखतों के माध्यम से संवृद्धि पूंजी सहायता उपलब्ध कराने हेतु की गयी। निधि ने 25 कंपनियों में निवेश किया है।

एसजीएफ ने 16 कंपनियों से सफलतापूर्वक पूर्ण अथवा आंशिक बहिर्गमन किया है तथा अपने निवेश से लगभग ₹ 467 करोड़ की राशि वसूल की है [जोकि कुल निवेशित राशि (₹ 456.09 करोड़) के 100% से अधिक है]। अब तक, निधि ने अपने अंशदायकों को कुल ₹ 359.26 करोड़ का वितरण (₹ 327.61 करोड़ समूह निधि के प्रति तथा ₹ 31.65 करोड़ लाभ के रूप में) किया है। वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान ₹ 92.03 करोड़ की राशि वितरित की गयी। साथ ही, ₹ 70 करोड़ की राशि विवादग्रस्त कर देयताओं तथा संभावित दंडों हेतु निधि में रोक रखी गयी।

venture capital support by way of equity and equity linked instruments to unlisted SME enterprises in the areas of software and information technology. The fund has invested in 31 companies. NFSIT has been able to secure successful full exit from 24 companies and partial exit from 3 companies, while it had to write off investments in 2 companies.

The spin-off impact of NFSIT's investments may be assessed from the fact that these investee companies have enabled over ₹ 750 crore of foreign investment into the country through raising of additional capital from foreign venture capital funds and acquisitions by overseas companies.

SME Growth Fund (SGF)

SGF is a close ended venture fund established in September 2004 with a committed corpus of ₹ 500 crore. The contributors are SIDBI and other leading commercial banks in India such as State Bank of India, Punjab National Bank, Bank of Baroda etc. SGF is a sector agnostic fund which was established to provide growth capital support, primarily to unlisted SME enterprises across diverse sectors by way of equity and equity linked instruments. The fund has invested in 25 companies.

SGF has been able to secure full or partial exit from 16 companies and realized a total sum of approx. ₹ 467 crore from its investments [which is more than 100% of total investments made (₹ 456.09 crore)]. So far, the fund has made distributions of ₹ 359.26 crore to its Contributors (₹ 327.61 crore towards corpus and ₹ 31.65 crore towards profits). During FY 2014-15, ₹ 92.03 crore was distributed. Further, an amount of ₹ 70 crore approx. has been retained by the fund, towards disputed tax liabilities and probable penalties.

एसजीएफ के निवेश के अनुवर्ती प्रभाव का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि ये निवेशिती कंपनियां विदेशी कंपनियों के अभिग्रहण एवं विदेशी वेंचर पूंजी निधियों से अतिरिक्त पूंजी जुटाकर ₹ 1,000 करोड़ के विदेशी निवेश को देश में लाने में समर्थ हुई हैं।

इंडिया ऑपर्च्युनिटीज़ फंड (आईओएफ)

आईओएफ 10 वर्ष की निश्चित अवधि वाली उद्यम निधि है, जिसकी स्थापना अगस्त 2011 में की गई। इस निधि की प्रतिबद्ध समूह निधि ₹ 467.75 करोड़ तथा आहरण योग्य समूह निधि ₹ 421.30 करोड़ है। आईओएफ के अंशदायक घरेलू वाणिज्यिक बैंक, विकास वित्तीय संस्थाएं, बीमा कंपनियाँ तथा भारत सरकार (प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड) हैं।

आईओएफ क्षेत्र-निरपेक्ष निधि है, जिसमें मुख्यत: भारत के उभरते हुए तथा गैर-सूचीबद्ध एमएसएमई की संवृद्धि पूँजीगत आवश्यकताओं पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है, जो उभरते हुए क्षेत्रों में परिचालनरत हैं, जैसे शिक्षा-सेवाएं, आईटी/आईटीईएस, हल्की इंजिनियरिंग, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, कृषि-आधारित उद्योग, लॉजिस्टिक्स, मूलभूत संरचना आदि। आईओएफ प्रारंभिक, वृद्धि आधारित एवं अंतिम चरण की चुनिन्दा कंपनियों में भी निवेश करेगी।

आईओफ ने 18 कंपनियों में ₹ 228.87 करोड़ की वचनबद्धता की है, जिसमें से 16 कंपनियों में ₹ 128.15 करोड़ का निवेश पूरा हो चुका है।

समृद्धि निधि (एसएफ)

यूनाइटेड किंगडम सरकार के एक विभाग, डिपार्टमेंट फार इंटरनेशनल डेवेलपमेंट ने सिडबी के साथ मिलकर ₹ 430 करोड़ (लगभग) की सामाजिक उद्यम निधि समृद्धि निधि आरंभ की है जोकि निजी क्षेत्र के साथ मिलकर भारत के अल्प आय वाले राज्यों में विकास संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए बाज़ार आधारित समाधान उपलब्ध करायेगी। डीएफआईडी तथा सिडबी द्वारा समृद्धि निधि में क्रमश: जीबीपी 35 मिलियन (लगभग ₹ 330 करोड़) तथा ₹ 50 करोड़ की राशि प्रतिबद्ध की गयी

The spin-off impact of SGF's investments may be assessed from the fact that these investee companies have enabled over ₹ 1,000 crore of foreign investment into the country through raising of additional capital from foreign venture capital funds and acquisitions by overseas companies.

India Opportunities Fund (IOF)

India Opportunities Fund is a close ended venture fund established in August 2011 with a life of 10 years. The fund has a committed corpus of ₹ 467.75 crore and a drawable corpus of ₹ 421.30 crore. The contributors of IOF are domestic commercial banks, development financial institutions, insurance companies and Government of India (Technology Development Board).

IOF is a sector agnostic fund focused mainly on meeting growth capital needs of India's growing and unlisted MSMEs operating in emerging sectors such as educational services, IT/ITES, light engineering, clean tech, agro-based industries, logistics, infrastructure etc. IOF will also invest in early, growth as well as late stage companies selectively.

IOF has made commitments of ₹ 228.87 crore in 18 companies, out of which a sum of ₹ 128.15 crore has so far been invested in 16 companies.

Samridhi Fund (SF)

The Department for International Development (DFID), a department of the Government of United Kingdom, has partnered with SIDBI to start the Samridhi Fund – a ₹ 430 crore (approx.) social venture fund which will engage with the private sector to deliver market based solutions to address development challenges in the low income states in India. DFID and SIDBI have committed GBP 35 million (approx. ₹ 330 crore) and ₹ 50 crore to Samridhi Fund, respectively. The Master Trust viz., SIDBI Social

है। प्रधान ट्रस्ट यथा सिडबी सोशल वेंचर ट्रस्ट को सेबी में श्रेणी I के वैकल्पिक निवेश निधि के रूप में पंजीकृत किया गया है। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) एवं यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लि. (यूआईआई) ने भी इस निधि में क्रमशः ₹ 40 करोड़ एवं ₹ 10 करोड़ के अंशदान देने की सहमति दी है। एलआईसी तथा यूआईआई के अंशदान की प्रतिबद्धता को मिला कर समृद्धि निधि की कुल समूह निधि ₹ 430 करोड़ हो गयी है।

एसवीसीएल द्वारा प्रबंधित इस निधि का मुख्य उद्देश्य शुरुआती तथा टिकाऊ सामाजिक उद्यमों को प्रोत्साहित करना है जो आर्थिक, सामाजिक अथवा पर्यावरण की दृष्टि से लाभकारी हों तथा 8 अल्प आय वाले राज्यों यथा बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड, राजस्थान तथा पश्चिम बंगाल में वित्तीय एवं सामाजिक प्रतिलाभ पहुंचा सकते हों। समृद्धि निधि व्यक्तिगत रूप से तय किए गए ईक्विटी/ईक्विटी संबंधी निवेशों, डिबेंचरों, इत्यादि के माध्यम से तथा सेबी (वैकल्पिक निवेश निधि) विनियम 2012 के अंतर्गत अनुमेय लिखतों के माध्यम से निवेश करेगी।

इस निधि द्वारा 13 कंपनियों में ₹ 211.31 करोड़ की संचयी वचनबद्धता की गयी है, जिसमें से 8 कंपनियों में ₹ 84.41 करोड़ का निवेश पूरा हो चुका है।

टीईएक्स निधि (टी एफ)

एस वी सी एल ने टेक्स निधि की स्थापना की है जिसके आरंभिक अंशदाताओं में भारत सरकार (वस्त्र मंत्रालय) तथा सिडबी शामिल हैं। टीएफ सेबी की वैकल्पिक निवेश निधि(एआई एफ) विनियम, 2012 की श्रेणी I के अंतर्गत एसएमई निधि है। भारत सरकार ने ₹ 24.50 करोड़ की प्रतिबद्धता की है तथा सिडबी ने ₹ 24 करोड़ अथवा आहरण योग्य समूह निधि की 30%, जो भी कम हो, की राशि की वचनबद्धता की है।

यह निधि वस्त्र उद्योग क्षेत्र के लघु उद्यमों में (एमएसएमईडी अधिनियम 2006 में यथा परिभाषित तथा समय-समय पर यथासंशोधित), विशेषकर पावरलूम क्षेत्र संबंधी उद्यमों में निवेश करेगी। कोई भी निवेश ₹ 3 करोड़ से अधिक का नहीं होगा।

Venture Trust has been registered as a Category I Alternative Investment Fund with SEBI. SF has also subsequently received commitment for contribution of ₹ 40 crore from Life Insurance Corporation of India (LIC) and ₹ 10 crore from United India Insurance Company Limited (UII). With the commitment for contributions from LIC and UII, the total committed corpus of SF is around ₹ 430 crore.

The primary objective of the Fund, managed by SVCL, is to promote early-stage and sustainable social enterprises which provide economic, social or environmental benefits and can deliver both financial and social returns, in 8 Low Income States (LIS) in India, namely Bihar, Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Odisha, Chhattisgarh, Jharkhand, Rajasthan and West Bengal. Samridhi Fund shall invest by way of privately negotiated equity/equity related investments, debentures etc. and by way of instruments as may be permitted by the SEBI (Alternative Investment Funds) Regulations, 2012.

SF has made cumulative commitments of ₹ 211.31 crore in 13 companies, out of which a sum of ₹ 84.41 crore has so far been invested in 8 companies.

TEX Fund (TF)

SVCL has set up 'TEX Fund' with initial contributors being Govt. of India (Ministry of Textiles) and SIDBI. 'TF' is an SME Fund under Category I of SEBI's Alternative Investment Funds (AIF) Regulations, 2012. GoI has committed ₹ 24.50 crore and SIDBI has committed ₹ 24 crore or 30% of the drawable corpus, whichever is lower.

The Fund would invest in small enterprises (as defined under MSMED Act, 2006 and as amended from time to time) in the textile sector, more particularly related to Powerloom sector. Each investment would not exceed ₹ 3 crore.

इसकी प्रथम बंदी अक्तूबर 2014 में घोषित की गयी थी तथा टीएफ ने वर्ष के दौरान संचयी रूप से ₹ 7.43 करोड़ के 3 निवेशों हेतु वचनबद्धता की है।

